RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 253
नई दिल्ली, सोमवार, 22 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर



निर्मला सीतारमण इतिहास रचने को तैयार
राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

# हंगामेदार होगा संसद का मानसून सत्र

## ● सर्वदलीय बैठक में गूंजा नीट और नेम प्लेट का मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद का** मानसून सत्र शुरू सोमवार से शुरू हो रहा है। सरकार ने इस सत्र से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाकर संसद की सुचारू कार्यवाही के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा। इस सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। इसके अलावा मानसून सत्र कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालय मालिकों के नाम, यूपीएससी में कथित अनियमिता, नीट पेपर लीक, ट्रेन दुर्घटनाओं सहित कई विवादास्पद मुद्दों की पृष्ठभूमि में शुरू होने वाला है। इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच तीखी नोंकझोंक होने के आसार हैं। पिछले लोकसभा की तुलना में इसबार विपक्ष मजबूत स्थिति में है।

सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दों को उठाकर स्पष्ट संकेत दिया कि वह इस सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। इतना ही नहीं सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत दिया। 44 दलों की बैठक में, जिसमें कुछ के पास केवल एक सांसद हैं, भाजपा की सहयोगी जेडीयू, बीजेडी और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए दर्जा की मांग की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, विपक्षी राजद और भाजपा की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने बिहार की मांग को दोहराया।

मानसून बजट सत्र में 12 अगस्त तक 19 बैठकें होंगी, जिसमें सरकार छह विधेयक पेश करेगी, जिसमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी शामिल है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिल सकती है, जो केंद्र शासित प्रदेश है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी और अगले दिन बजट पेश करेंगी। सरकार ने हाल ही में अपनी राजनीतिक पहुंच का संकेत देने के लिए बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया था। उसने सभी मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छा जताई, लेकिन संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जोर देकर कहा कि यह नियमों के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह सरकार और विपक्ष की सामूहिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित मुद्दे को उठाया, जिसके अध्यक्ष ने हाल ही में कथित व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों, मणिपुर की स्थिति, ट्रेन दुर्घटनाओं, बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में रविवार को संसद के बजट सत्र से एक दिन पहले सर्वदलीय बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मौजूद थे। फोटो : रंजन डिमरी/पायनियर

## मानसून सत्र के लिए निजी सदस्य विधेयक सूचीबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद के** ऊपरी सदन के आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी सदस्यों के विधेयकों में से एक ऐसा विधेयक भी शामिल है, जिसमें न्यायाधीशों जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक साथ ही साथ ही नागरिकता कानून में संशोधन करने पर एक विधेयक शामिल है। कुल मिलाकर, उच्च सदन में आगामी सत्र में पेश करने के लिए 23 निजी सदस्यों के विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। राजद सांसद एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए (शेष पेज 9)

## जयंत चौधरी भी नेम प्लेट के विरोध में आए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुजफ्फरनगर/नई दिल्ली

**जेडीयू और** एलजेपी जैसे प्रमुख सहयोगियों के बाद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार से कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा किसी एक धर्म या जाति से संबंधित नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि कांवड़िये जब किसी से कोई सेवा मांगते हैं तो वे किसी से उसका धर्म नहीं पूछते, न ही इस मामले को किसी धर्म से जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या निर्णय वापस लिया जाना चाहिए, उन्होंने कहा, अब भी समय है कि इसे (वापस) लिया जाए या सरकार को इसे (लागू करने) पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, कांवड़ की सेवा सभी करते हैं। कांवड़ की पहचान कोई नहीं करता और न ही कांवड़ सेवा करने वालों की पहचान धर्म या जाति से की जाती है। (शेष पेज 9)



कोलकाता में रविवार को टीएमसी की 'शहीद दिवस' रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व ममता बनर्जी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ।

## 'कभी भी गिर सकती है केंद्र सरकार'

### ● रैली में भाजपा पर बरसे अखिलेश और ममता बनर्जी

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**शहीद दिवस** के अवसर पर रविवार को आयोजित एक विशाल रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा नीत एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह स्थिर सरकार नहीं है और कभी भी गिर सकती है। जनता को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा से लड़ाई लड़ी और उन्हें पछाड़ दिया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की जनता ने में भी यही किया। उन्होंने कहा, सरकार में बैठे लोग कुछ दिनों के लिए ही सत्ता में हैं। ये सरकार चलने वाली नहीं है, वो सरकार गिरने वाली है। सपा और टीएमसी दोनों ही कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक हैं।

बनर्जी ने सीपीएम और कांग्रेस पर भी हमला किया। मैं अखिलेश को धन्यवाद देना चाहती हूं, उन्होंने मेरा निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मैं चाहती हूं कि बंगाल का रिश्ता पूरे देश के साथ बेहतर हो। मैं कहना चाहती हूं कि आपने यूपी में जो 'खेल' दिखाया, उन्हें (भाजपा) अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन वे बेशर्म हैं। उन्होंने हर एजेंसी और हर संभव तरीके से कोशिश की, लेकिन वे फिर भी हार गए। ममता ने रैली में कहा, उत्तर बंगाल में हमारे नतीजे अच्छे नहीं रहे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हम वहां जीतेंगे, उन्हें कांग्रेस के साथ-साथ वामपंथियों पर (शेष पेज 9)



रुद्रप्रयाग जिले में रविवार को केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन के बाद सड़क पर मलबा पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से तीन तीर्थयात्री मरे

**पायनियर समाचार सेवा।** रुद्रप्रयाग

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग जिले में भूस्खलन केदारनाथ धाम के पैदल रास्ते पर रविवार सुबह पहाड़ी से हुए भूस्खलन की चपेट में आने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मरने वालों में महाराष्ट्र के दो श्रद्धालु शामिल हैं। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर गौरीकुंड से तीन किलोमीटर आगे चीड़वासा के पास हुआ, जहां पहाड़ी से अचानक आए मलबे और भारी पत्थरों की चपेट में वहां से गुजर रहे श्रद्धालु आ गए। नंदन सिंह रजवार के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। मलबे से अब तक तीन श्रद्धालुओं के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि आठ लोगों को घायल अवस्था में निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। तलाश अभियान अभी जारी है। ये श्रद्धालु केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे और सुबह गौरीकुंड से पैदल चले थे। मृतकों की पहचान नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी किशोर अरुण पराटे (31 साल), जालना (महाराष्ट्र) निवासी सुनील महादेव काले (24 साल) और तिलवाड़ा (रुद्रप्रयाग) के रहने वाले अनुराग बिष्ट के रूप में की गई है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने घटना को दुखद बताते हुए ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकसंतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## केरल में निपाह वायरस से एक किशोर की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली

**केरल में** मलाप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक लड़के की निपाह वायरस से संक्रमित होने के बाद मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन की ओर से राज्य की सहायता के लिए एक बहु-सदस्यीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल को मामले की जांच करने, महामारी विज्ञान संबंधों की पहचान करने और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैनात किया जाएगा। लड़के में एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के लक्षण दिखे थे, उसे शुरू में पेरिंथलमन्ना में एक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था और बाद में उसे कोझिकोड के एक बेहतर स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। हालांकि, बाद में मरीज ने इस बीमारी से दम तोड़ दिया। वह शुक्रवार से वेंटिलेटर पर है। इसके बाद पुणे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) द्वारा किए गए परीक्षण में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम महामारी विज्ञान संबंधों की पहचान करेगी और राज्य को तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। केंद्र ने राज्य से लड़के के परिवार, पड़ोसी क्षेत्रों और समान स्थलाकृति वाले क्षेत्रों में निपाह वायरस के मामलों की सक्रिय खोज करने की सलाह दी है। रविवार को एक बयान में, मंत्रालय ने कहा कि जिले के लड़के में तीव्र इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम दिखाई दिया और कोझीकोड के एक उच्च स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित होने से पहले उसे पेरिंथलमन्ना में एक स्वास्थ्य सुविधा में भर्ती कराया गया था। उसने कहा कि बीमारी के कारण उसकी मृत्यु हो गई और नमूने पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे गए, जहां निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि पांडिक्कड़ के इस लड़के को रविवार सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा और उसे बचाने के प्रयास विफल रहे। जॉर्ज ने कहा, वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। रविवार सुबह पेशाब कम हो गया था। दिल का दौरा पड़ने के बाद उसे बचाने के प्रयास विफल रहे और सुबह 11.30 बजे उसकी मौत हो गई। मंत्री ने कहा कि उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। जॉर्ज ने कहा, अंतिम संस्कार के बारे में आगे की बातें तभी तय की जाएंगी, जब जिला कलेक्टर लड़के के माता-पिता और परिवार के साथ चर्चा करेंगे। केरल में वर्ष 2018 से निपाह के कई मामले सामने आए हैं, जब 18 संक्रमित व्यक्तियों में से 17 की मौत हो गई थी, जबकि वर्ष 2021 में एक और वर्ष 2023 में दो मौतें हुई थीं। रविवार को 14 वर्षीय बच्चे की मौत के साथ, 2018 से केरल में निपाह के कारण होने वाली कुल मौतों की संख्या 21 हो गई है। लड़के की मौत के बाद, केरल सरकार को पिछले 12 दिनों में लड़के के सभी संपर्कों का पता लगाने के लिए भी कहा गया है। संपर्कों को सख्त संगरोध और (शेष पेज 9)

## नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा चौबीस घंटे के लिए बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से एक दिन पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के अनुसार, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक स्थगित रहेगी। (विस्तृत समाचार पेज 4)



नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शनी देखते हुए।

## बढ़ती कीमतों से रसोई से दूर हुईं सब्जियां

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**रसोई की** रौनक और भोजन की जान कही जाने वाली सब्जियां अपनी बढ़ती कीमतों के साथ ही गृहणियों, रेस्तरां मालिकों और मध्यम वर्ग के लोगों का आंखें दिखाने के साथ उनकी पहुंच से दूर होती जा रही है। सब्जियों के दाम में लगी आग से प्रभावित दिल्ली में रहने वाले राजस्थान के 24 वर्षीय मीडिया पेशेवर उत्कर्ष गठानी कहते हैं कि सब्जियों के बढ़े दाम को देखकर फिल्म '3 इडियट्स' का मशहूर डायलॉग की याद आ रहा है। जिसमें नायक कहता है 'पनीर तो कुछ दिनों में थैलियों में सोनार की दुकान में मिलेगा', और मुझे लगता है कि इसका



इस्तेमाल प्याज और टमाटर के लिए भी किया जा सकता है। उत्कर्ष को व्यस्तता के बावजूद खाना बनाना पसंद है। हालांकि, कीमतों में उछाल के साथ, उन्होंने टमाटर की जगह पैकेट का टोमैटो प्यूरी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है और उन्हें खरीदने के बजाय

### दिल्ली में सब्जियों की कीमतें

- आलू -40 से 60 रुपए किलो
- प्याज -50 से 80 रुपए किलो
- टमाटर-50 से 80 रुपए किलो
- भिंडी-100 रुपए किलो

हरी सब्जियां 60 से 100 रुपए किलो

अदरक-लहसुन के पेस्ट का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि हालांकि इससे बिल्कुल वैसा स्वाद नहीं मिलता, लेकिन लोगों को अपनी कमाई से काम चलाना पड़ता है। उन्होंने कहा, सच कहा जाए तो, ज़रूरी सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने मेरे लिए घर का बजट संभालना मुश्किल कर दिया है। यहां तक कि जब मैं बिग बास्केट और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे डिलीवरी ऐप से ऑर्डर करता हूं, तो भी कीमत पहले से कहीं ज़्यादा होती है। बुनियादी किराना सामान खरीदना रोज़ाना की जद्दोजहद है। इसलिए, मैंने सस्ते विकल्पों के साथ सामान खरीदना शुरू कर दिया है।

यह सिर्फ़ उनकी कहानी नहीं है और न ही उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर की। पिछले एक माह में कई सब्जियों की कीमत दोगुनी से ज़्यादा होने के कारण, सब्जियों के बैग हल्के और दिल भारी होकर घर लौट रहे हैं। बारिश में देरी के कारण राज्यों में फसल को नुकसान होना सब्जियों की आसमान छूती कीमतों का एक कारण है, जिसमें लौकी, (शेष पेज 9)

## इतनी खूबसूरत भी नहीं है सोशल मीडिया की कहानी, छाने की चाहत बन रही जानलेवा

**अभि सिंघल।** नई दिल्ली

**अचानक से** प्रसिद्धि की चाहत और सोशल मीडिया पर छा जाने और वायरल कंटेंट देने की होड़ का अंजाम हर किसी के लिए सुखद नहीं है। कई बार यह अप्रत्याशित परिस्थितियों और हादसे का कारण भी बन जाता है। इसका ताजा शिकार मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का 11 वर्षीय बालक है जिसकी रविवार को सोशल मीडिया के लिए प्रैंक रील शूट करते समय अपने गले में फंदा बांधने के बाद मौत हो गई। अपने घर के पास खाली प्लॉट पर कक्षा 7 का छात्र करण परमार उस समय अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। घटनास्थल पर एक लड़के द्वारा शूट किए गए कथित वीडियो में, करण के गले में पेड़ से फंदा बंधा हुआ है, और वह ऐसा अभिनय कर रहा है जैसे उसे दर्द हो रहा हो, जबकि उसके आसपास के अन्य लोग खेलना जारी रखते हैं। पुलिस के अनुसार, अन्य बच्चों को लगा कि लड़का अभिनय कर रहा है, लेकिन वह जल्द ही बेहोश हो गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का निर्माण हल्के फुल्के क्षणों और रचनात्मक बदलाव के लिए बनाया गया था, लेकिन आज यह कई लोगों के लिए बुरा सपना बन गया है। टिकटॉक के बैन होने के बाद, 2020 में इंस्टाग्राम रील्स (शॉर्ट वीडियो फॉर्मेट) ने सोशल मीडिया की दुनिया में शानदार शुरुआत की, और किसी को भी नहीं पता था कि वे अलग



दिखने और पहचाने जाने की आकांक्षा में उपयोगकर्ताओं और सपने देखने वालों के रिकॉर्ड तोड़ देंगे। पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया बहुत ज़्यादा सोशल हो गया है और इसने कई उपयोगकर्ताओं को 'सोशल मीडिया इन्फ़्लुएंसर' की उपाधि प्राप्त करने में मदद की है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म मुख्य रूप से फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के बदलते स्वरूप ने प्रसिद्धि के परिदृश्य को बदल दिया है, जिससे ऐसे इन्फ़्लुएंसर अलग-अलग तरह के कंटेंट बनाने के लिए मजबूर हो गए हैं, हर किसी में लोकप्रियता और चमकने के लिए जान जोखिम में डालने की हद तक भी, जहां हर कोई चमकना चाहता है।

सोशल मीडिया पर छा जाने की चाहत में कई इन्फ़्लुएंसर आलोचना और असफलता का सामना करते हैं, जबकि कुछ अलग कंटेंट बनाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर भी बहुत आगे निकल जाते हैं। प्रसिद्धि पाने के लिए इन सीमाओं को पार करने से कंटेंट को फिल्माने के दौरान इन्फ़्लुएंसर के साथ होने वाली दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ने सुरक्षा की कीमत पर लाइक, व्यू और शेयर का वादा किया है। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें 26 वर्षीय ट्रैवल इन्फ्लुएंसर आनवी कामदार को इंस्टाग्राम पर 2,80,000 से अधिक फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 833 सब्सक्राइबर मिले। वे इंस्टाग्राम रील बनाते समय महाराष्ट्रके कुंभे झरने में 300 फीट नीचे गिर गईं। यूट्यूब पर प्रसिद्ध एक अन्य इन्फ्लुएंसर अगस्त्य चौहान को प्रो राइडर 1000 के नाम से जाना जाता है, जिसके 2 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं। 3 मई, 2023 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। वे मोटरसाइकिल के शौकीन थे और उसी पर वीडियो बनाते थे। वे कावासाकी निंजा जेडएक्स 10आर बाइक चला रहे थे और 300 किमी/घंटा की गति से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। ये उन कई घटनाओं में से कुछ हैं, जहां इन्फ्लुएंसर डिजिटल प्रसिद्धि की तलाश में घातक परिणामों का सामना करना पड़ता है। अनगिनत छोटो इन्फ्लुएंसर इसी तरह के खतरों का सामना करते हैं, अक्सर सुर्खियों में आए बिना। यूट्यूब पर 60,000 से अधिक सब्सक्राइबर वाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनमीत कौर ने कहा, कंटेंट क्रिएटर के तौर पर, अपने दर्शकों को उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लेकिन मुझे लगता है कि यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है (शेष पेज 9)

# एक्सप्रेसवे के किनारे होटल बनाने की तैयारी

## आवंटन की शर्तों को अंतिम रूप दिया जा रहा, एनसीआर के शहरों की पॉलिसी की भी हो रही स्टडी




पायनियर समचा सेवा। नोएडा

नोएडा शहर में करीब 18 साल बाद होटलों की भूखंड योजना आने वाली है। इसके लिए नोएडा प्राधिकारण की तरफ से अगस्त में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे अलग-अलग सेक्टरों में करीब 12 भूखंडों योजना आ जाएगी।

इस योजना में थ्री स्टार, फाइव स्टार और सेवन स्टार होटल के शामिल होने के आसार है। वहीं इस बारे में जानकारी देते हुए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि योजना के लिए ब्रोशर तैयार करने शुरू कर दिए गए हैं। इसमें आवंटन से संबंधित शर्तों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए दिल्ली-एनसीआर के शहरों की आवंटन पॉलिसी की भी स्टडी की जा रही है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे बसे सेक्टर-93, 142 समेत अन्य सेक्टरों में यह योजना लाई जाएगी। इन जगह होटलों के लिए 3 से 4 हजार वर्ग मीटर के प्लॉट को चिह्नित किया गया है।

इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि करीब एक दर्जन भूखंडों में से 3-4 फाइव स्टार और 7 स्टार वाले होटल शामिल होंगे, जबकि बाकी 3 स्टार होटल के लिए होंगे।

इनका आवंटन ई-नीलामी के जरिये होगा। प्राधिकरण इनको आवंटित करने के लिए व्यावासयिक संपत्ति के रेट लगाएगा। संबंधित सेक्टर का व्यावसायिक रेट इस योजना का आवंटन रेट के रूप में रिजर्व प्राइज होगा। आवेदक को भूखंड लेने के लिए रिजर्व प्राइज से अधिक कीमत की बोली लगानी पड़ेगी। बताया जा रहा है कि करीब 18 साल पहले जब नोएडा प्राधिकरण होटल के लिए भूखंडों की योजना लाया था, उस समय बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई थी। महत्वपूर्ण यह है कि इस मामले में प्राधिकरण के तत्कालीन चेयरमैन, सीईओ, एसीईओ स्तर के 16 अधिकारियों के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-20 में केस दर्ज हुआ था, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं की गई थी। कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2006 अक्टूबर में तीन, चार व फाइव स्टार 25 होटल के भूखंड के लिए सेक्टर-96, 97, 98, 105 और 124 में योजना निकाली गई थी।

# ग्रेटर नोएडा में रजिस्ट्री के लिए 25 प्रतिशत रकम जमा कर ओसी लेना भूला बिल्डर



## ● लापरवाही के चलते 132 खरीदार परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की व्हाइट ऑर्किड में टावर दो के 132 फ्लैट खरीदार रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहे हैं। बिल्डर ने बकाये की 25 प्रतिशत रकम जमा करने के बाद ओसी (आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट) के लिए आवेदन नहीं किया है। प्राधिकरण ने ओसी के लिए आवेदन नहीं करने की स्थिति में जमा रकम को समायोजित करने की चेतावनी देते हुए बिल्डर को नोटिस जारी किया है।

जमा रकम समायोजित होती है तो इस स्थिति में 132 लोगों के रजिस्ट्री का इंतजार और बढ़ सकता है। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद घर खरीदारों को रजिस्ट्री की एक नई आस जगी थी।

प्राधिकरण के बकाये को नहीं चुका पाने पर रजिस्ट्री पर रोक लगी हुई थी। समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद बकाये की 25 प्रतिशत रकम जमा कर बिल्डर ओसी के लिए आवेदन कर रजिस्ट्री करा सकते हैं। व्हाइट ऑर्किड सोसायटी में टावर दो की ओसी नहीं होने से 132 खरीदार रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे थे।

बिल्डर ने बकाये की तो 25 प्रतिशत रकम जमा कर दी, लेकिन कई माह बीतने के बाद भी ओसी के लिए आवेदन नहीं किया। इस मामले में बिल्डर का पक्ष जानने के लिए फोन किया तो उनकी ओर से कॉल काट दी गई।

''रजिस्ट्री के लिए लंबे समय से हम मांग कर रहे हैं। प्राधिकरण से बिल्डर पर ओसी के लिए आवेदन नहीं करने पर कार्रवाई की मांग की है। बिल्डर रजिस्ट्री में किस वजह से देरी कर रहा है यह भी स्पष्ट नहीं कर रहा है। खरीदार परेशान हो रहे हैं।''

**-ऐश्वर्य प्रकाश पांडेय, एओए सचिव**

''बकाये का 25 प्रतिशत बिल्डर की ओर से जमा किया गया है, लेकिन ओसी के लिए आवेदन नहीं किया है। रकम को समायोजित करने का नोटिस जारी किया है। बिल्डर की ओर से आवेदन नहीं होने पर रकम समायोजित करने की कार्रवाई होगी।''

**-स्नेहलता, वरिष्ठ प्रबंधक, बिल्डर विभाग**

# एयर इंडिया ने हिंडन से उड़ानें की स्थगित

## ● अगस्त में बैठक के बाद होगा अगला फैसला



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन एयरपोर्ट से कोलकाता, चेन्नई, गोवा व बंगलूरू के लिए अगस्त के दूसरे सप्ताह से शुरू होने वाली उड़ानें फिलहाल स्थगित कर दी गई हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से एयरपोर्ट प्रबंधन को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। हिंडन से बंगलूरू एक अगस्त, गोवा व कोलकाता 12 अगस्त और चेन्नई की उड़ान 20 अगस्त से शुरू होने जा रही है। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस चारों शहरों के लिए उड़ान शुरू करने वाला था लेकिन कुछ कारणों से फिलहाल उड़ान तारीख स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में अगस्त माह में एक बैठक है, जिसमें उड़ान की गली तारीख तय की जाएगी। हिंडन से बेंगलुरू दिन में दो बार और बाकी तीनों शहरों के लिए रोजाना एक-एक उड़ान शुरू की जानी थी। चारों शहरों की उड़ान के लिए एयरलाइंस कंपनी ने जून में बुकिंग भी शुरू कर दी थी लेकिन कुछ दिनों तक बुकिंग के बाद सभी टिकट कैंसिल करते हुए ऑनलाइन बुकिंग भी बंद कर दी गई थी।

एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि एयरलाइंस कंपनी ने उड़ान स्थगित करने का अभी कोई कारण नहीं बताया है बल्कि यह कहा है कि इसके लिए आगे की तारीख तय की जाएगी। माना जा रहा है कि अब इन शहरों की उड़ानें सितंबर अक्तूबर तक शुरू होंगी। हिंडन एयरपोर्ट से वर्तमान में पांच शहरों के लिए उड़ान है। हर दिन यहां से 60 से 100 लोग सफर करते हैं। एयरपोर्ट से फ्लाई बिग और स्टार एयर भटिंडा, लुधियाना, नांदेड, किशनगढ़ एवं देहरादून के लिए उड़ान सेवा संचालित कर रही है।

## फॉर्च्यूनर का शीशा तोड़कर चुराया लैपटॉप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर में फॉर्च्यूनर का शीशा तोड़कर लैपटॉप निकाल रहे एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

फॉच्यूनर मालिक घर के अंदर बैठकर सीसीटीवी फुटेज देख रहे थे, तभी ये सब हुआ। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कविनगर थाना क्षेत्र में राजनगर सेक्टर-15 निवासी विपिन कुमार त्यागी ने बताया, 18 जुलाई की रात 9.15 बजे फार्च्यूनर गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी।

गाड़ी की पिछली सीट पर लैपटॉप रखा हुआ था, जो गलती से छूट गया था। विपिन त्यागी ने बताया, घर में जहां पर मैं बैठा था, वहीं सीसीटीवी स्क्रीन लगी हुई थी।

# लुक्सर जेल में बंदी की मौत के मामले में तीन सिपाही निलंबित

## ● पानी की टंकी के पाइप पर गमछे से फंदा बनाया और आत्महत्या कर ली थी।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के लुक्सर जिला जेल में बंद बनारसी की मौत के मामले में तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों सिपाहियों की निगरानी में इस बंदी होने के बावजूद बंदी के आत्महत्या पर प्रथम दृष्टया इनकी लापरवाही मानी जा रही है।

जिला जेल अधीक्षक ब्रिजेश कुमार ने बताया कि जेल में तैनात कांस्टेबल सत्य प्रकाश, शशांक चौधरी और होरी लाल की लापरवाही सामने आई है। बंदी बनारसी मूल रुप से जिला बलरामपुर के गांव पीड़िया खुर्द का रहने वाला था और उस पर अपने ही साथी की हत्या का आरोप था। इसी मामले में जेवर पुलिस ने एक वर्ष पहले उसे गिरफ्तार किया था।

13 सितंबर 2023 से वह जेल में बंद था। उसने शुक्रवार को पानी की टंकी के पाइप पर गमछे से फंदा बनाया और आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद कई सवाल उठे थे।

# संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरएफ के सदस्यों ने ली शपथ



**नोएडा।** नोएडा हाई-राइज फेडरेशन (एनएचआरएफ) के चुने नए बोर्ड सदस्यों ने नोएडा के होटल रेडिएशन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम में शपथ ग्रहण की। इस मौके पर नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गेस्ट ऑफ ऑनर समारोह में शिरकत की। फेडरेशन पदाधिकारियों को शपथ किलाने के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि संगठन ऐसी शक्ति है जिसके माध्यम से हम काफी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उन्होंने नोएडा हाई-राइज फेडरेशन (एनएचआरएफ) के प्रयासों की सराहना करते हुए सदस्यों को बधाई दी। कहा कि नोएडा हाईराइज फेडरेशन के माध्यम से हाईराइज सोसाइटियों में निवासियों के हितों का प्रतिनिधित्व करने में मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।

### श्री धार्मिक रामलीला की तैयारी को लेकर बैठक

**नोएडा।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा की एक बैठक बीटा-2, मंदिर ठाकुरद्वारा में मुख्य संस्थापक परम पूज्य गोस्वामी सुशील महाराज की अध्यक्षता में की गई । सबसे पहले गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरु जी का सम्मान किया गया । श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया विशाल दशहरा महोत्सव 2024 की तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा की गई। दशहरा महोत्सव 3/10/2024 अक्टूबर से लेकर 12 /10/2024 अक्टूबर को विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन ग्रेटर नोएडा के रामलीला मैदान ऐच्छर सेक्टर पाई में पूरी भव्यता के साथ में राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर के कलाकारों के द्वारा आयोजित की जाएगी । बैठक में सर्वश्रेष्ठ रामलीला का मंचन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर संस्था के संरक्षक पंडित जी प्रदीप शर्मा,सुशील नागर ,शेर सिंह भाटी ,अध्यक्ष आनंद भाटी ,महासचिव ममता तिवारी, ,उपाध्यक्ष पवन नागर ,श्रीमती रोशनी सिंह,सतबीर मुखिया, ,राजवीर पटवारी ,फिरे प्रधान ,वीरपाल मावी ,श्रीमती ज्योति सिंह,विक्रम डेडा ,नरेन्द्र खारी ,जयदीप चौधरी आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

### गोल्ड मेडलिस्ट जोंटी भाटी सम्मानित

**नोएडा।** अखिल भारतीय गुर्जर शोध संस्थान में आयोजित जोंटी भाटी के द्वारा गोल्ड मेडल लाने के उपलक्ष में ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ जो कि जॉर्डन देश में संपन्न हुआ उसमें जोंटी भाटी जमालपुर ने कुश्ती में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और क्षेत्र के साथ में पूरे प्रदेश का और भारतवर्ष का नाम किया। इस आयोजन में कई प्रदेशों की कुश्ती के पहलवानों ने भाग लिया, जो कुश्ती के कोच थे उनका भी स्वागत हुआ, उनके गुरु का भी स्वागत हुआ। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और सांसद डॉ महेश शर्मा रहे और विधायक तेजपाल नागर, जिला पंचायत के अध्यक्ष अमित चौधरी , जिला पंचायत सदस्य देव भाटी , गुर्जर शोध संस्थान की कमेटी में सेक्रेटरी योगेंद्र भाटी, कोषाध्यक्ष रूपचंद और जयकरण भाटी, प्रमुख समाजसेवी अखिल भारतीय गुर्जर शोध संस्थान की कमेटी के सदस्य सुखबीर सिंह आर्य ,केपी कसाना, राजकुमार भाटी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि कुश्ती हमारे गांव की पहचान है और इसमें बढ़-चढ़ के हिस्सा लेना चाहिए । मैं हमेशा खिलाड़ियों का उत्सवर्तक करता रहूंगा। विधायक तेजपाल नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे खिलाड़ी आगे बढ़े हम पूरा उनका ध्यान रखेंगे।

### महर्षि नगर में धूमधाम मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नोएडा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भंगेल स्थित महर्षि नगर के उत्सव भवन में वैदिक पंडितों ने रुद्राभिषेक कर विधि-विधान से अनुष्ठान किया। इसके अलावा पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया प्रभारी एके लाल ने बताया कि वैदिक पंडितों और श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरुओं की भी पूजा-अर्चना की। सुबह से ही लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अपने परिवार व देश में अमन-चैन शांति के लिए धार्मिक अनुष्ठान किए। नोएडा के भंगेल स्थित महर्षि नगर में गुरू पूर्णिमा महोत्सव रुद्राभिषेक के साथ संपूर्ण रीति-रिवाज से श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

# विभिन्न स्थानों पर पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में शनिवार रात दो स्थानों पर पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई। इसमें तीन बदमाश गोली लगने से घायल हुए। इन बदमाशों के खिलाफ आसपास के थानों में लूट-चोरी के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

इसमें दो बदमाश ऐसे हैं, जो कानपुर छोड़कर दिल्ली में रहते थे और एनसीआर में लूटपाट की घटनाएं करते थे। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन लूट ली थी। शनिवार देर रात पुलिस टीम कनावनी पुलिया वसुंधरा चौकी के पीछे चेकिंग कर रही थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इसमें दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान अतिरिषि उर्फ अप्पू और मनोज चतुर्वेदी निवासी कानपुर के रूप में हुई। दोनों ने लूट की दोनों घटनाएं कुबूली हैं। दूसरी मुठभेड़ ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के खानपुर तिराहा पर हुई। यहां भी गोली लगने से एक बदमाश घायल हुआ। जिसकी पहचान गौरव निवासी बागपत के रूप में हुई।

# कैंसर मरीजों को मिली राहत, जिम्स में स्क्रीनिंग हुई शुरू

## ● जिम्स प्रशासन व एम्स झज्जर के बीच लिखित सहमति




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा शुरू हो गई है। 50 वर्ष के अधिक उम्र के लोगों के लिए स्क्रीनिंग की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

इसको लेकर जिम्स प्रशासन व एम्स झज्जर के बीच लिखित सहमति हुई है। बताया गया कि ये जानकारी जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस दौरान सीएमएस डॉ. सौरभ श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। निदेशक ने बताया कि कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के लोग किफायती दरों में जांच करा सकेंगे। स्क्रीनिंग के दौरान यदि कैंसर की पुष्टि होती है तो मरीज को एम्स झज्जर रेफर किया जाएगा, जहां उन्हें बिना किसी रुकावट के भर्ती कर इलाज शुरू किया जाएगा। ये सुविधा शुरू होने से कैंसर मरीजों को अब अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिम्स में स्तन कैंसर के लिए मैमोग्राफी की सुविधा पहले से ही दी जा रही है। ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि जिम्स द्वारा एक निजी लैब के साथ समझौता किया गया है। इसके तहत जिम्स में मरीजों को बाजार दर से 50 प्रतिशत कम में लैब जांच की सुविधा दी दा रही है। जो जांच 100 रुपये की होगी वह यहां 50 रुपये में हो सकेगी। जिम्स की ओर से नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट 2024 के तहत आसपास के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस परियोजना के तहत मेडिकल कालेज की फेकल्टी द्वारा सरकारी चिकित्सकों को बीमारी की बारीकियों व उसके इलाज के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में आने वाले क्रिटिकल मामलों की जांच और इलाज प्राथमिक तौर पर मिल सके।

# करोड़ों की लागत से संवरेंगे पार्क और ग्रीन बेल्ट

## ● रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और मरम्मत की जाएगी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

करोड़ों की लागत से पार्क और ग्रीन बेल्ट संवरेंगे। इस बाबत प्राधिकरण ने अलग-अलग टेंडर निकाले हैं। इसके तहत कई स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और मरम्मत की कवायद की जाएगी।

सेक्टर-138 में 35 लाख की लागत से चहारदीवारी और फुटपाथ बनाए जाएंगे। इसी तरह से सेक्टर-92 की ग्रीन बेल्ट में 92 लाख की लागत से चहारदीवारी और कच्चा फुटपाथ का काम होगा। सेक्टर-94 की ग्रीन बेल्ट में चहारदीवारी का निर्माण होगा। सेक्टर-63 के पार्क में 42 लाख की लागत से गजबो हट बनाया जाएगा।

सेक्टर-34 की ग्रीन बेल्ट में चहारदीवारी की मजबूती के अलावा फेंसिंग कराई जाएगी। सेक्टर-40 के पार्क में 39 लाख की लागत से कच्चा फुटपाथ के अलावा पुराने टाइल्स हटाकर नए लगाए जाएंगे। सेक्टर-108 के पार्क में 43 करोड़ की लागत से चहारदीवारी, ग्रील, गेट और अन्य सिविल के काम होंगे।

तिकोना पार्क, त्रिफला पार्क समेत अन्य पार्कों के सामने 55 लाख की लागत से बाउंड्री वॉल, गेट, ग्रिल और पेंटिंग का काम होगा। इसी तरह से सेक्टर-105 के पार्क के सेंट्रल पार्क में 70 लाख की लागत से एमएस ग्रिल, सेक्टर-56 में 33 करोड़ की लागत से चहारदीवारी, सेक्टर-49, 50, 51, 52, 53 और 61 के पार्क में 61 करोड़ की लागत से रेनवाटर हार्वेस्टिंग, सेक्टर-61 के ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-51 के पार्क, सेक्टर-52 के पार्क और सेक्टर-94 में रेनवाटर हार्वेस्टिंग के अलावा चहारदीवारी, टाइल्स का काम कराया जाएगा।

# चिल्ला एलिवेटेड रोडः अक्टूबर तक शुरू होगा काम

## ● परियोजना की मंजूरी के लिए फाइल नोएडा प्राधिकरण के पास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड का काम अक्तूबर तक शुरू होगा। फिलहाल परियोजना की मंजूरी की फाइल प्राधिकरण के पास है। इसके बाद चयनित एजेंसी को काम मिल जाएगा। काम मिलने के बाद एजेंसी की ओर से इस परियोजना के सर्वे के बाद ड्राइंग बनाया जाएगा। इसकी भी मंजूरी लेनी होगी।

सेतु निगम के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी चयन का काम पूरा हो चुका है। एमजी कॉन्ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड का चयन हुआ है। लेकिन अभी कुछ प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम मिल जाएगा। छह लेन के प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण और पांच साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी चयनित एजेंसी की होगी। इसकी निर्माण लागत करीब 787 करोड़ होगी। परियोजना में यूपी शासन और नोएडा प्राधिकरण को 50-50 प्रतिशत धनराशि वहन करनी होगी। इस परियोजना की ड्राइंग बनने के बाद आईआईटी से इसका परीक्षण कराया जाएगा। हालांकि इसका अलाइनमेंट वही रहेगा। इसके बाद ही काम शुरू हो पाएगा। ऐसे में अभी करीब तीन माह समय और लग सकता है। इस परियोजना में मुख्य एलिवेटेड रोड के दो कैरेज होंगे।

एक कैरेज 5198 मीटर तो दूसरा 4273 मीटर लंबा होगा। यह दिल्ली में चिल्ला रेगुलेटर से शुरू करते हुए शाहदरा ड्रेन के ऊपर बनेगी। करीब छह किमी लंबी सड़क का दूसरा हिस्सा महामाया फ्लाईओवर से थोड़ा पहले खत्म हो जाएगा। इसके तैयार होने पर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क पर भी ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। बगैर जाम में फंसे लोग चिल्ला रेगुलेटर से सीधे महामाया फ्लाईओवर व एक्सप्रेसवे तक पहुंच सकेंगे। इसका सीधा फायदा पूर्वी दिल्ली के साथ गाजियाबाद से नोएडा-ग्रेनो के बीच सफर करने वाले 10 लाख लोगों को मिलेगा।

# पहली वरीयता सूची पर आज दाखिले का आखिरी मौका

## ● छात्रों को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के परिणाम का इंतजार




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में पहली वरीयता सूची के आधार पर आज दाखिले का आखिरी मौका है। इसके बाद पहली सूची के आधार पर दाखिले का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि अभी तक बहुत कम छात्रों ने दाखिले कराए हैं।

वहीं, कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि छात्र कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस वजह से अभी तक दाखिले का आंकड़ा कम है। हालांकि छात्र फॉर्म तो ले गए हैं, लेकिन जमा नहीं कर रहे हैं। जिले में तीन सरकारी और एक अर्द्धसरकारी कॉलेज है। इसमें करीब 1300 सीटों पर दाखिले होने हैं। इन सीटों पर दाखिले के लिए करीब 5 हजार छात्रों ने आवेदन किया था। प्रमुख सरकारी कालेज सेक्टर- 39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार तक सभी पाठ्यक्रमों में सिर्फ 69 दाखिले हुए थे। अन्य कॉलेज की भी लगभग यही स्थिति रही। विश्वविद्यालय की ओर से बृहस्पतिवार देर शाम को पहली वरीयता सूची जारी की गई थी।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक भी दाखिला नहीं हुआ था। अधिकतर छात्रों ने शनिवार को फॉर्म खरीद लिया। दाखिले के इच्छुक छात्रों को सोमवार को दस्तोवेजों के साथ फॉर्म जमा कराने होंगे।

छात्रों को दाखिले के लिए 12वीं का अंक प्रमाणपत्र, स्थानांतरण प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र, ऑफर लेटर, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र जमा करना होगा। इसके बाद मंगलवार को दूसरी सूची जारी की जाएगी और उसके आधार पर दाखिले शुरू होंगे। इस दौरान पहली सूची के छात्रों को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके बाद रिक्त सीटों पर कालेज स्तर से वरीयता सूची जारी की जाएगी। डॉ. राजीव गुप्ता, प्राचार्य, राजकीय पीजी कालेज ने बताया कि छात्र कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस वजह से कम दाखिले हुए हैं। लेकिन पहली वरीयता सूची के आधार पर दाखिले का आखिरी मौका है।

# एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर रविवार सुबह एक बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के जिम्स (राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान) में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस का कहना है कि शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। दनकौर कस्बा निवासी राकेश (40) दुकानदार थे। रविवार की सुबह करीब 4 बजे वह बाइक से अपनी पत्नी उषा के साथ अस्पताल जा रहे थे। जब वह यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते होते हुए ईकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक असंतुलित होकर पास में स्थित एक पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी हुई तो पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राकेश को मृत घोषित कर दिया गया। राकेश की दुकान थी। इसे परिवार चलता था। मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी अनुज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कांवड़ यात्रा आज से, श्रद्धालुओं के लिए मार्ग तय

● सुरक्षा को लेकर सभी चौकी और थाना प्रभारियों की तय की गई विशेष जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

श्रावण मास की शुरुआत 22 जुलाई (पहला सोमवार) से हो रही है। हर साल शिव भक्त बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में पवित्र गंगा जल चढ़ाने के लिए गोमुख, गंगोत्री धाम और हरिद्वार की पैदल यात्रा करते हैं। राजधानी दिल्ली में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने रूट मैप तैयार कर लिया है। कांवड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी चौकी व थाना प्रभारियों को विशेष जिम्मेदारी तय की गई है।

इस साल सावन मास का समापन 2 अगस्त को होगा। इस दिन ही भगवान शिव को जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर बड़ी संख्या में कांवड़िए देश के अलग-अलग राज्यों खासकर हरियाणा और राजस्थान से दिल्ली पहुंचते हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा और शहर के यातायात को दुरुस्त रखने को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं। दरअसल, इस साल करीब 15 से 20 लाख कांवड़ियों की आवाजाही का अनुमान लगाया गया है। इस संख्या के आधार पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से शहर का पूरा रूट मैप प्लान किया गया है, जिससे किसी तरह से यातायात प्रभावित नहीं हो। साथ ही आम लोगों को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आइए जानते हैं ट्रैफिक पुलिस की ओर से किसी तरह के यातायात दिशा-निर्देश जारी किएए गए हैं।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कांवड़ियों और सड़क का उपयोग करने वालों से यातायात नियमों का पालन करने और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह भी दी है. कांविडयों के आवागमन की इस अवधि के दौरान, यातायात उल्लंघन की जांच मौके पर ही चालान द्वारा की जाएगी। साथ ही उल्लंघन की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की जाएगी, जिसके बाद चालान काटे जाएंगे।



फाइल फोटो

## भारी भीड़ वाले दिनों में डायवर्ट रहेगा रूट

**उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से भारी परिवहन वाहनों (एचटीवी) को मोहन नगर से एनएच-24 की ओर मोड़ दिया जाएगा। ऐसे किसी भी यातायात को भोपुरा के माध्यम से वजीराबाद रोड या अप्सरा बॉर्डर के माध्यम से जीटी रोड की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सिटी बसों को छोड़कर भारी परिवहन वाहनों (एचटीवी) को जीटी रोड पर शाहदरा और वजीराबाद रोड की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।**

**आउटर रिंग रोड पर जीटी करनाल रोड से आने वाली सिटी बसों को छोड़कर भारी वाणिज्यिक परिवहन वाहनों को सीधे एनएच-24 की ओर मोड़ दिया जाएगा। उन्हें वजीराबाद रोड और जीटी रोड पर शहादरा की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोनी रोड (शहादरा की ओर) से आने वाली सिटी बसों को छोड़कर भारी वाणिज्यिक परिवहन को बाहरी रिंग रोड से बाहर निकलने के लिए वजीराबाद रोड पर डायवर्ट किया जाएगा। सोनिया विहार, पीटीएस वजीराबाद पुस्ता, पुस्ता रोड जैसे आंतरिक क्षेत्र से आने वाली सिटी बसों को छोड़कर भारी वाणिज्यिक परिवहन को एनएच-24 लेने के लिए वजीराबा द रोड के माध्यम से बाहरी रिंग रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा।**

### इन रास्तों से गुजरेंगे श्रद्धालु

- अप्सरा बॉर्डर- शाहदरा फ्लाईओवर-सीलमपुर टी प्वाइंट-आईएसबीटी फ्लाईओवर, बुलेवार्ड रोड-रानी झांसी रोड-फैज रोड-अपर रिज रोड-धौला कुआं-एनएच-8 और हरियाणा के लिए रजोकरी बॉर्डर से बाहर निकलें।
- भोपुरा बॉर्डर-वजीराबाद रोड-लोनी फ्लाईओवर-गोकुलपुरी टी प्वाइंट-66 फुटा रोड-सीलमपुर टी प्वाइंट-एनएच 1 और आगे नए आईएसबीटी ब्रिज की ओर निकलें।
- यूपी से लोनी बॉर्डर से लोनी फ्लाईओवर तक प्रवेश व निकास या यूपी से सोनिया विहार बॉर्डर-पुस्ता रोड-खजूरी फ्लाईओवर- वजीराबाद रोड से प्रवेश व निकास।
- भोपुरा बॉर्डर-वजीराबाद रोड-वजीराबाद ब्रिज-बाहरी रिंग रोड-मुकरबा चौक-एनएच 1 और सिंघू बॉर्डर या मुकरबा चौक से निकास व प्रवेश-एनएच 1-बवाना रोड और औचंदी बॉर्डर या मधुबन चौक-पीरागढ़ी से निकास व प्रवेश और निकास व प्रवेश टिकरी बॉर्डर से हरियाणा के लिए।
- महाराजपुर बॉर्डर, रोड नंबर 56, गाजीपुर बॉर्डर-एनएच 24-रिंग रोड-मथुरा रोड और हरियाणा के लिए बदरपुर बॉर्डर से निकास।
- न्यू रोहतक रोड (कमल टी -प्वाइंट से टिकरी बॉर्डर तक)
- नजफगढ़ रोड (जखीरा से नजफगढ़ तक)
- रोहतक रोड जखीरा से मादीपुर से पीरागढ़ी चौक से नांगलोई चौक से मुंडका से टिकरी बॉर्डर तक
- नजफगढ़ रोड-जखीरा से उत्तम नगर तक, नजफगढ़ फिरनी रोड से झाडौदा बॉर्डर तक
- आउटर रिंग रोड-मधुबन चौक से पीरागढ़ी चौक से केशोपुर मंडी से डस्ट्रिक्टि सेंटर जनकपुरी तक

# आप सरकार ने छठे दिल्ली वित्त आयोग का नहीं किया गठन : विजेंद्र गुप्ता

● कहा, पांचवें आयोग की सिफारिशें मार्च 2021 तक ही लागू थीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व रोहिणी के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं किया है जबकि पांचवे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशें मार्च 2021 तक ही लागू थीं।

तीन साल बाल भी दिल्ली नई सिफारिशें जारी नहीं कर पाई है।विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार नगर निगम को पांचवें दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर फंड प्रदान कर रही है, जो वर्तमान परिस्थितियों में अपर्याप्त और असंवैधानिक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने संविधान का उल्लंघन करते हुए नगर निगम को आवश्यक फंड से वंचित रखा है। दिल्ली सरकार केंद्र सरकार पर फंड न देने का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार, जो अप्रैल 2024 से छठे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप निगम को फंड देने वाली थी, शराब घोटाले में फंसी हुई है और फंड जारी करने में विफल रही है। उन्होंने वित्त मंत्री आतिशी से सवाल किया है कि आखिर कब तक केजरीवाल सरकार जनता को परेशान करेगी। उन्होंने ने चेतावनी दी है कि अगर छठे वित्त आयोग का गठन और उसकी सिफारिशें लागू नहीं की गईं तो वे इस मामले को अदालत में ले जाएंगे और जनता को न्याय दिलाने के साथ-साथ आप सरकार को कठघरे में खड़ा करेंगे।

# दिल्ली को केंद्र सरकार देगी 350 करोड़ : सिंह

● आप सांसद ने सर्वदलीय बैठक में बजट का मुद्दा उठाया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार के सामने दिल्ली और पंजाब को मिलने वाले केंद्रीय सहयोग समेत कई गंभीर मुद्दे उठाए।

संजय सिंह ने दावा किया कि पिछले 9 सालों की तरह इस बार भी केंद्र सरकार दिल्ली को 350 करोड़ रुपये से से अधिक नहीं देने वाली है। साथ ही, उन्होंने विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करने, छोटे दलों को भी संसद में बोलने का मौका देने और परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर विपक्ष का बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मैंने आने वाले बजट में दिल्ली और पंजाब के बजट का मुद्दा भी उठाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से यह देखा जा रहा है कि दिल्ली की जनता लाखों-करोडों रुपए टैक्स के रूप में देती है, लेकिन उसे बजट में मात्र 350 करोड़ दिए जाते हैं। झकांवड़ मार्गों पर भोजनालयों के मालिकों के नाम और पहचान का खुलासा अनिवार्य पर कहा कि यह दलितों, आदिवासियों और मुसलमानो के व्यवसाय को बंद करने का एक प्रयास है।

# संपत्ति विवाद में चाचा को गोली मारने वाला मुक्केबाज गिरफ्तार

● पुलिस के अनुसार वह पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने राज्य स्तरीय एक मुक्केबाज को संपत्ति विवाद में अपने चाचा को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उसकी पहचान राजन के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को पता चला कि वह पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें हरियाणा में हत्या के प्रयास, अपहरण और अन्य जघन्य मामले हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, राजन फौर (30) का हरियाणा के पानीपत के नंगला पार गांव में रहने वाले अपने चाचा आजाद के साथ संपत्ति विवाद था। पिछले महीने आजाद ने राजन की मां को गालियां दी थी और अपमानित किया था, जिसके बाद राजन ने बदला लेने की ठानी। आजाद 23 जून को अपनी कार से अपने गांव जा रहा था तभी राजन और उसके साथियों ने उस पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि एक गोली कार को भेदती हुई आजाद की कमर में जा लगी।

पुलिस ने बताया कि हालांकि आजाद ने कार चलाना जारी रखा और उसका पीछा कर रहे राजन को चकमा देते हुए घर पहुंच गया। आजाद को उसके परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया गया। अधिकारी ने कहा, हरियाणा पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को रोहिणी इलाके में राजन की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## खाली पड़े शौचालय में दो वर्षीय बच्चे का मिला शव

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में एक झुग्गी बस्ती के पास एक खाली पड़े शौचालय में रविवार को दो वर्षीय बालक का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार ने आनंद पर्वत इलाके के पास विरोध प्रदर्शन किया, जिससे न्यू रोहतक रोड पर दोनों तरफ यातायात बाधित हो गया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की। उसने बताया कि बच्चे का शव उसके परिवार की झुग्गी के पास एक खाली पड़े शौचालय में मिला।

अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा, बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। वहीं आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

# केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश : आप

● आप सांसद ने चिकित्सा रिपोर्ट का हवाला देते हुए लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप ने रविवार को भाजपा पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया और उनकी चिकित्सा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उनके शुगर का स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 26 बार गिरा।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार और उपराज्यपाल वीके सक्सेना केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जेल अधिकारियों ने कानूनी तौर पर केजरीवाल के वकील को जो दस्तावेज मुहैया कराए हैं, वे यह बताने के लिए काफी हैं कि जेल के अंदर उनके साथ किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उपराज्यपाल और पूरी भाजपा बार-बार झूठी रिपोर्ट जारी करके केजरीवाल के स्वास्थ्य के बारे में गलत बयान दे रही है, उससे यह संदेह और मजबूत हो जाता है कि उपराज्यपाल और भाजपा केंद्र सरकार के साथ मिलकर केजरीवाल की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। उपराज्यपाल के कार्यालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सिंह ने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर दिए गए विभिन्न बयानों का हवाला दिया। सिंह ने कहा, पहले इन लोगों ने कहा था कि केजरीवाल बहुत ज्यादा पूड़ी, मिठाई आदि खा रहे हैं और अपनी कैलोरी और शुगर की मात्रा बढ़ा रहे हैं।

## सीएम खराब सेहत की साजिश का पर्दाफाश : भाजपा

● भाजपा नेता ने जेल अधीक्षक के पत्र के खुलासे के बाद मुख्यमंत्री ने कम कैलोरी का भोजन लिया



वीरेंद्र सचदेवा

**पीएनएस।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि तिहाड़ जेल के अधीक्षक का पत्र सार्वजनिक होने के बाद अरविंद केजरीवाल की कई साजिशों का खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ शराब घोटाले के मास्टरमाइंड अरविंद केजरीवाल की जेल में सेहत खराब करने की साजिश का पर्दाफाश हो चुका है।

तिहाड़ जेल के सुपरिंटेंडेंट के पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है अरविंद केजरीवाल जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार घर का भोजन दिया जाता था और वह जानबूझकर 6 जुलाई से 13 जुलाई के बीच वह लो कैलोरी भोजन ले रहे थे ताकि किसी भी प्रकार से वजन कम हो जाए ताकि वह न्यायालय के सामने जमानत मामले में सहानुभूति ले सके। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक चालाक इंसान है और उन्हें इस बात की कानूनी जानकारी है कि किस आधार पर उन्हें जमानत मिल सकती है। इसीलिए वह लगातार अपनी वजन कम करने की जानबूझकर कोशिश कर रहे थे ताकि वह कोर्ट के सामने यह कह सके कि जेल के अंदर मेरा वजन कम हो रहा है इसलिए मुझे जमानत चाहिए।

# 500 रुपये के 580 नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

● नेपाल से तस्करी कर बिहार से लाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में 2.91 लाख रुपए मूल्य के 580 से अधिक नकली नोट जब्त किए गए हैं और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 500 रुपए के ये नकली नोट नेपाल से तस्करी कर बिहार में लाए गए थे। अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में बिहार निवासी राम प्रवेश और अली असगर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी कि यह नेपाल से जाली भारतीय मुद्रा नोट की तस्करी कर इन्हें दिल्ली-एनसीआर सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में वितरित कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर प्रवेश को छह जुलाई की रात आनंद विहार टर्मिनल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 500 रुपए मूल्य के 578 जाली नोट जब्त किए गए। प्रवेश ने बिहार के मुजफ्फरपुर में असगर से मुलाकात की थी और असगर ने खुलासा किया कि आसिफ नाम का एक व्यक्ति नकली नोट तस्करी रैकेट का सरगना है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के अस्पताल को मिलेगा नया रूप

● एलजी ने सीमापुरी स्थित अस्पताल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीमापुरी क्षेत्र के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित अस्पताल को नया रूप देने का निर्देश दिया है। एलजी विनय सक्सेना शनिवार को दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

उपराज्यपाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आधुनिक उपकरणों और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे अस्पताल के कायाकल्प के लिए छह माह का समय दिया है। सक्सेना ने निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों और वरिष्ठ डॉक्टरों से, अस्पताल में सुविधाओं के विकास के लिए जल्द से जल्द एक रोडमैप तैयार करने को कहा। यह अस्पताल पिछले छह माह से चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति और बेहद कम कर्मचारियों के साथ संचालित हो रहा है। उपराज्यपाल ने केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार से अस्पतालों में उपलब्ध कराए जाने वाले डॉक्टरों, कर्मचारियों, उपकरणों और सुविधाओं की आवश्यकताओं के गहन मूल्यांकन करने का विशेष रूप से निर्देश दिया। उन्होंने दिलशाद गार्डन में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी को उपलब्ध कराई गई बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया, जो कि कई वर्षों से बिना उपयोग के जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थी। उपराज्यपाल ने गोल्फ लिंक्स स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के दिल्ली चैप्टर के मेन ऑफिस का भी निरीक्षण किया, जिसे 1962 में जनता को समर्पित किया गया था। उन्होंने अधिकारियों से इस इमारत के वास्तुशिल्प में छेड़छाड़ किए बिना दो माह में पुनर्निर्मित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल डी-ब्लॉक में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित हेनरी ड्यूनेट पब्लिक स्कूल भी गए। उन्होंने वहां कर्मचारियों और प्रबंधन को स्कूल में स्मार्ट बोर्ड और अन्य सुविधाओं को बेहतर करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वर्तमान में यह स्कूल आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग के बच्चों को नर्सरी से कक्षा आठ तक की शिक्षा प्रदान कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैदियों के जीवन में श्रीमद्भागवत गीता लाएगी बदलाव



**नई दिल्ली।** जीवन में सुधार की आशा से तिहाड़ में कैदियों के लिए श्रीमद्भागवत गीता लाइफ चेंजिंग बनेगी। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सबके लिए दी गई यह गीता 'लाइफ मैनुअल' के रूप में सहायक होगी। इसी के बारे में विस्तार से बताने के लिए इस्कॉन द्वारका ने तिहाड़ की नंबर 1 जेल में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत हरिनाम संकीर्तन से हुई। श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर से कीर्तन को लीड करने पहुँचे हरिदास चैतन्य प्रभु। उनके साथ रक्षक माधव प्रभु व सच्चिदानंद प्रभु ने कीर्तन को आगे बढ़ाते हुए कैदियों को भी हरे कृष्णा महामंत्र के शब्दों का उच्चारण करने के लिए प्रेरित किया। लगभग डेढ़-से दो घंटे तक लगातार कीर्तन में कैदियों ने सकारात्मक रूप से अपनी सक्रियता बनाए रखी। इससे जहाँ उनके मन को शांति प्राप्त हुई वहीं नकारात्मक विचारों से दूरी बनाए रखने का अनुभव भी मिला। अपने जीवन में सुधार लाने की आशा के भाव उनके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सहित कई लोग अतिथि उपस्थित थे। इस्कॉन द्वारका से मुख्य वक्ता के रूप में आए श्री बलि मुरारी प्रभु ने इन कैदियों को संबोधित किया एवं भगवद्गीता के महत्व के बारे में बताया।

### पीयूसी सेंटर पर कांग्रेस ने आप को घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से राजधानी में प्रदूषण कंट्रोल के सेन्टरों की चल रही हड़ताल को दिल्ली सरकार द्वारा अनदेखा करने के कारण लाखों वाहनों के प्रदूषण कंट्रोल के प्रमाण पत्र खत्म हो गए है, मुख्यत: प्रदूषण फैला रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 600 से अधिक पीयूसी सेन्टर है, जो पीयूसी सर्टिफिकेट के शुल्क में ब?ोतरी की मांग कर रहे है। केजरीवाल सरकार और भाजपा का बदले की भावना से राजनीति करने की जगह दिल्लीवालों को सुविधाऐं और सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराने में अपनी शक्ति का इस्तेमाल करें, क्योंकि दिल्ली की जनता ने दोनो दलों को अपना कीमती वोट देकर संसद, विधानसभा और दिल्ली नगर निगम तक पहुंचाया है।

# इंटरनेट-गैजेट के तेज युग में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा

● माटी संस्था के संयोजन पहले 'द रीडर्स कॉन्क्लेव' का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बोलते आसिफ आजमी व गणमान्य लोग।

इंटरनेट और गैजेट की दौड़ते-भागते युग पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए माटी ट्रस्ट ने अनूठी पहल करते हुए राजधानी में दो दिवसीय 'द रीडर्स कॉन्क्लेव' (पाठक समागम) का आयोजन किया। इस समागम का उद्देश्य पाठकों और उनके पसंदीदा लेखकों के बीच संवाद को सार्थक बनाना है।

माटी के संयोजन में 'द रीडर्स कॉन्क्लेव' का पहला संस्करण राजधानी के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईएनजीसीए) 20 और 21 जुलाई 2024 को के सहयोग से आयोजित किया गया। कॉन्क्लेव के पहले संस्करण में कॉर्पोरेट प्रबंधन, जीवनी, यात्रा वृतांत, इतिहास, आध्यात्मिकता से लेकर कथा साहित्य, बाल कथा और कविता तक लगभग सभी विधाओं का पुस्तकों पर चर्चा व विश्लेषण को शामिल किया गया है।

उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि और जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि पुस्तकों का सरल संदेश ज्ञान और समृद्धि करना होता है। यह आपको लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में मदद करता है। विशिष्ट अतिथि, पंकज जैन (सुलभ इंटरनेशनल और भारत सरकार के पूर्व सचिव) ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन कई बार किताबों का उद्देश्य होता है क्योंकि यह संचार का एक बहुत प्रभावी और शक्तिशाली माध्यम है।

अध्यक्षीय संबोधन में राम बहादुर राय ने कहा कि किताबों की अहमियत कभी काम नहीं होगी। माटी के संयोजक और कॉन्क्लेव के क्यूरेटर आसिफ़ आज़मी ने कहा कि पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के अलावा, हम पाठकों को मूल स्रोत की ओर आकर्षित करना चाहते हैं।

### इन पुस्तकों पर हुई परिचर्चा

द रीडर्स कान्क्लेव के दो दिवसीय कार्यक्रम में इन पुस्तकों पर लेखकों और मुख्य वक्ताओं ने परिचर्चा की। 'लीडिंग फ्रॉम द बैक' लेखक रवि कांत, 'अनफॉरगॉटन चैप्टर्स; लाइफ़ ऑफ ए टॉप कॉप' लेखक प्रकाश सिंह, 'दो डग देखा जग' लेखक जयशंकर गुप्ता, 'कॉल ऑफ द जंगल- लाइफ ऑफ एन आईएफएस ऑफिसर' लेखक डॉ. रूचि सिंह, 'मशीनों का सत्याग्रह' लेखक सूर्य नाथ सिंह, 'भारत से बुद्ध धर्म क्यों गया' लेखक चंद्र भूषण, 'द लॉस्ट हीरो ऑफ बनारस' लेखक एचए कुरैशी, 'आईन-ए-हिन्द अनकही कहानी' लेखक राम बहादुर राय, 'भोर' लेखक रण विजय और 'काल मृग की पीठ पर' लेखक प्रोफेसर जितेंद्र श्रीवास्तव पर चर्चा, परिचर्चा और समीक्षा की गई।

## इनामी हत्यारोपी को 12 साल बाद किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने एक ऐसे पचास हजार रुपये के इनामी कुख्यात बदमाश मोहम्मद उमर को 12 साल बाद गिरफ्तार किया है। 2012 में जिसने मृतक के शव पर तेजाब डालकर उसकी पहचान छिपाने के लिए उसका चेहरा बिगाड़ दिया था। आरोपी के कब्जे से पिस्टल और चार कारतूस बरामद किये हैं।

आरोपी पहले सात वारदातों में शामिल रहा था। आरोपी को चौधरी चरण सिंह सर्विस रोड, डीडीए ऑफिस, आनंद विहार बस टर्मिनल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि 2009 में वह उत्तर प्रदेश के लोनी और पिलखुवा थाने में चार मामलों में गिरफ्तार हुआ था। 2010 में वह नईम, तस्लीम, मुकेश और मोती के संपर्क में आया और मादक पदार्थ अफीम की तस्करी में लिप्त हो गया।

# पुलिस की अपील, हथियार लेकर न जाएं यात्रा में

## ब्रजमंडल यात्रा में शामिल होने वालों को दिए गए नोटिस, तेज आवाज वाले डीजे सिस्टम पर भी रहेगी रोक

● भड़काऊ भाषण या बयानबाजी न करें, नशे का सेवन भी रहेगा बेन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर हिंदू संगठनों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी।

नूंह के नल्हड़ में जलाभिषेक यात्रा को लेकर पुलिस ने उन सभी भक्तों को नोटिस दिए हैं, जो इस यात्रा का हिस्सा होना चाहते हैं। उन्होंने यात्रा में पूरी शांति बरतने व बिना किसी शोर-शराबे के यात्रा को संपूर्ण करने की हिदायत दी गई है।

हिंदू संगठन से जुड़े दिनेश भारती के फ्रेंड्स कालोनी में घर के पते पर रविवार को पुलिस की ओर से नोटिस भेजा गया। नोटिस में लिखा गया है कि शहर के सेक्टर-10ए स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से एक शोभा यात्रा नल्हड़ में जाएगी। इस यात्रा में शामिल होने वाले लोग अन्य लोगों को भी शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पिछले साल हुए घटनाक्रम को देखते हुए सभी को नियमों की पालना करनी होगी। इन नियमों में कहा गया है कि यात्रा में शामिल होने वाले व्यक्ति अपने साथ कोई धारदार हथियार, तलवार, चाकू के अलावा पिस्तौल, लाठी व डंडा लेकर नहीं जाएंगे।

यात्रा में शामिल होने वाले वाहनों की संख्या सीमित रखी जाएगी। वाहनों में तेज आवाज में बजने वाले डीजे सिस्टम का प्रयोग नहीं होगा। शोभा यात्रा में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह का नशे का सेवन नहीं करना होगा। शोभा यात्रा में शामिल किसी भी यात्री द्वारा किसी भी प्रकार का भड़काऊ भाषण या बयानबाजी ना की जाए। शोभा यात्रा के लिए निर्धारित रूट का ही प्रयोग किया जाए। अगर किसी ने भी इन नियमों का उल्लंघन किया तो उस व्यक्ति को हिरासत में लिया जा सकता है।

यात्रा को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों ने हिंदू संगठनों के साथ बैठक भी की गई। बैठक में विपिन अहलावत सहायक पुलिस आयुक्त मानेसर, शिवा अर्चन सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम, रविंद्र कुमार एसडीएम, एसडीएम मानेसर, मानेसर जोन के थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### हिंदू संगठनों के साथ अधिकारियों ने की बैठकें

ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के संबंध में पुलिस ने हिंदू संगठनों के साथ बैठक की। यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए नियम, कायदों की भी जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम करण गोयल ने व पुलिस उपायुक्त मानेसर दीपक के कार्यालयों में अलग-अलग बैठकें हुईं। बैठकों के माध्यम से हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों को जलाभिषेक यात्रा के दौरान शांति बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के भड़काऊ नारे नहीं लगाने तथा शांतिपूर्वक ढंग से यात्रा निकालने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यात्रा के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# यात्रा के दौरान जिले में भारी वाहनों के आवागमन पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

● पुलिस प्रशासन की ओर से चालकों को जारी किया गया है परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

नूंह में 22 जुलाई सोमवार को प्रस्तावित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर पुलिस की ओर से ट्रेफिक एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रा वाले मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। भारी वाहनों के ड्राइवरों को विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए केएमपी होते हुए मुम्बई एक्सप्रेस-वे से अम्बेडकर चौक फिरोजपुर झिरका से जाने की सलाह दी गई है। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने सोमवार को जानकारी दी कि 22 जुलाई को नूंह पुलिस ने भारी वाहनों के ड्राइवरों के लिए उनकी यात्रा की सुगमता को लेकर रूट तैयार किया है।

उन्होंने बताया कि ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान भारी वाहनों का जिला नूंह में प्रवेश वर्जित है। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न स्थानों से नूंह आने वाले भारी वाहन चालक अपने वाहनों को ब्रजमण्डल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह लाएं।

अलवर से सोहना-गुरुग्राम की ओर जाने वाले भारी वाहन फिरोजपुर झिरका के अम्बेडकर चौक से मुम्बई एक्सप्रेस-वे से वाया केएमपी रेवासन होते हुए जाएं। जिन भारी वाहनों को सोहना-गुरुग्राम से अलवर की तरफ जाना है वे केएमपी रेवासन से मुम्बई एक्सप्रेस-वे होते हुए अम्बेडकर चौक फिरोजपुर झिरका से अलवर की तरफ जाएं।

जिन भारी वाहनों को तावडू से अलवर की तरफ जाना है, वो केएमपी. रेवासन से मुम्बई एक्सप्रेस-वे होते हुए अम्बेडकर चौक फिरोजपुर झिरका से अलवर की तरफ जाएं।

जिन भारी वाहनों को पलवल, होडल व अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से अलवर जाना है, वे केएमपी होते हुए मुम्बई एक्सप्रेस-वे से अम्बेडकर चौक फिरोजपुर झिरका से अलवर की तरफ जाएं।

### पलवल, होडल व अलीगढ़ से नूंह के लिए रूट

जिन भारी वाहनों को पलवल, होडल व अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से नूंह जाना है, वे ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह आएं। जिन भारी वाहनों को जयपुर से नूंह आना है, वो भारी वाहन चालक वायां मुम्बई एक्सप्रेस-वे से के.एम.पी. रेवासन होते हुए ब्रजमण्डल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह आएं। जिन भारी वाहनों को पुन्हाना से नूंह आना है, वे भारी वाहन ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह आएं। जिन भारी वाहनों को गुरुग्राम से नूंह आना है, वे भारी वाहन ब्रजमण्ड्ल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह आएं। जिन भारी वाहनों को तावडू से नूंह आना है, चालक ब्रजमण्डल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने उपरांत ही नूंह आएं।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और ये दान अमूल्यः बिजेंद्र सोरोत

**पलवल।** नागरिक अस्पताल पलवल के रक्तकोष में रक्त की कमी के मद्देनजर जिला उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल की अध्यक्ष नेहा सिंह के निर्देशानुसार और सचिव बिजेंद्र सोरोत के कुशल मार्गदर्शन में रविवार को पुराना जीटी रोड स्थित जिया दी जिम पलवल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शारीरिक अभ्यास करने वाले 26 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने किया। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए सचिव ने उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं।

# भगवान भाव के भूखे हैं, शरणागत रहने से हो जाएगा उद्धारः शास्त्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रविवार को विश्व गुरु श्रीकृष्ण भगवान की नगरी मथुरा वृंदावन गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सजी रही। जहां पलवल व फरीदाबाद से हजारों की संख्या में शिष्यों ने अपने गुरूओं के आश्रम में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान जगह जगह आश्रमों में सत्संग के दौरान गुरूओं ने शिष्यों को ज्ञान की गंगा में डुबोए रखा।

वृंदावन में चार संप्रदाय आश्रम के महंत श्री ब्रजबिहारीदास जी शास्त्री ने शिष्यों को ज्ञान की गंगा में डुबोते हुए कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। कभी भी ठाकुर जी से मांगने मत जाओ, मिलने जाओ तथा जब भी दर्शन करें तो आंखें बंद नहीं करनी चाहिए। आंखें खोलकर दर्शन करनी चाहिए। गुरू के बिना जीव की मुक्ति नहीं है। गुरू के अंदर वह सामर्थ होती है, जो जीव को डोरी पकडावकर भव सागर से पार कर देते हैं।

### यातायात रहा बाधित

गुरू पूर्णिमा पर दिल्ली से मथुरा के बीच चलने वाली बसें खचाखच भरकर चली। यहां तक कि निजी वाहन चालकों की भी इस पर्व पर खूब चांदी रही। वृंदावन में ऑटो चालकों ने मनमाने रेट वसूले। संत, महात्माओं की इस भूमि पर शनिवार को ही देश-विदेश से शिष्य अपने गुरुओं के पूजन और आशीर्वाद पाने के लिए जा पहुंचे।

# गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान है मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजनाः डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले परिवारों की लड़की की शादी के लिए 71 हजार रुपये तक शगुन के रूप में दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक व लड़के की आयु 21 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन करना होता है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा।

# नूंह में यात्रा से पूर्व पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने संभाला मोर्चा

● जिले में शर्तों के साथ ब्रजमंडल यात्रा आज, नल्हड़ में होगा जलाभिषेक

● पिछले साल भड़की हिंसा में सात लोगों की हुई थी मौत, करीब दो सौ हुए थे घायल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा सरकार ने नूंह में सोमवार को निकलने वाली ब्रज मंडल शोभा यात्रा को देखते हुए पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों ने मोर्चा संभाल लिया है। पिछले साल 31 जुलाई को ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में सात लोगों की मौत हो गई थी और करीब 200 व्यक्ति घायल हुए थे। सैकड़ों की संख्या में वाहनों को जला दिया गया था।

प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित होने वाली ब्रज मंडल यात्रा के मद्देनजर एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि शोभायात्रा के दौरान मीट, मांस, मछली की दुकान नहीं खुलनी चाहिए। सिंगार गांव के शिव मंदिर तक रोड पर मीट, मछली की दुकान 22 जुलाई को बंद रहेंगी। प्रशासन ने मीट विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वह या तो दुकानें बंद रखें या फिर किसी अन्य स्थान पर दुकानें लगाएं। नूंह में ब्रज मंडल यात्रा को लेकर नूंह के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल जिलों को अलर्ट किया गया है। उपरोक्त सभी जिलों के प्रवेश द्वार पर पुलिस नाके लगाए गए हैं।

वाहनों में किसी भी प्रकार का कोई हथियार जैसे तलवार, भाला, त्रिशूल, चाकू, पिस्टल, हॉकी, डंडा इत्यादि पर पाबंदी होगी। इसके अलावा पुलिस कर्मचारियों की एक-एक कंपनी को स्टैंड बॉय रखा गया है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस के आईटी सैल को निर्देश दिए हैं कि वह सोशल मीडिया पर भेजे जा रहे मैसेज पर पूरी तरह से नजर रखें।

किसी प्रकार के भड़काऊ मैसेज भेजने वालों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। यात्रा के दौरान पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स साथ रहेगी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से तुरंत निपटा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार


फर्रुखनगर के गांव हाजीपुर में पेड़ लगाकर मानव श्रृंखला बनाते मौजिज लोग।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**गुरुग्राम।** फर्रूखनगर खंड के गांव हाजीपुर के प्राचीन जोहड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के तहत थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार रोहिल्ला व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान धर्मपाल गुरावलिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बना कर विभिन्न प्रजातियों के 500 से अधिक पौधे लगाए। साथ ही लोगों को पर्यावरण बचाओ पौधे लगाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार रोहिल्ला, प्रधान धर्मपाल गुरावलिया ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण, पेड़ों की तेजी से होती कटाई, ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण संतुलन डगमगा गया है। जिसके चलते पृथ्वी पर प्राणवायु आक्सीजन का स्तर भी काफी कम होने लगा है। पौधा रोपण का यह सबसे अनुकूल समय है। इन दिनों बरसात से उन्हें पर्याप्त जल मिल पायेगा। इस अवसर पर जुडौला के सरपंच शीशांत शर्मा, आजाद सिंह, राव नत्थूराम, अधिवक्ता तेजपाल यादव, मूलचंद गुरावलिया, राजबीर पंच, सुनील पंच, ललित पंच, सुनील पंच, कैलाश पंच, पंडित सुभाष चंद, चौधरी जगदीश चंद, मातादीन, दिनेश सेठी, सुनिल आदि ने अभियान में हिस्सा लिया।

### राजेश नागर ने स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य से लिया आशीर्वाद



**फरीदाबाद।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री सिद्धदाता आश्रम में जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नागर ने गुरुजी उत्तम सेहत और दीर्घायु की कामना की और अपने उज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि गुरु का हमारे हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। इसलिए हमें गुरु अवश्य ही बनाना चाहिए। नागर ने बताया कि यहां श्री सिद्धदाता आश्रम में आने वालों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखे जाते हैं। मेरे जीवन में भी अनेक अनुभव हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज बहुत सरल संत हैं और वह अपनी मुस्कुराहट से ही हमारे संकटों को हर लेते हैं। मैं जब भी यहां आता हूं मुझे असीम ऊर्जा प्राप्त होती है। विधायक नागर ने बताया कि मानव जीवन की उन्नति के लिए अध्यात्म बहुत जरूरी है। इसके लिए एक आध्यात्मिक गुरु बनाया जाना जरूरी है। हमें गुरु के प्रति धन्यवादी रहना चाहिए। यह गुरु पूर्णिमा धन्यवाद करने का दिन है।

# 'विस चुनाव में होगा भाजपा का सूपड़ा साफ'

● कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले, ईडी सीबीआई को हथियार बना विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं शाह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. उदयभान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जहां-जहां चुनाव होने वाले हैं, वहां-वहां अमित शाह जाएंगे और उनके पीछे-पीछे ईडी और सीबीआई भी जाएगी।

अमित शाह की मानसिकता साफ दर्शाती है कि वह विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते है, लेकिन विपक्ष कतई दबने वाला नहीं है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 70 से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बनाने का काम करेगी। चौ. उदयभान रविवार को पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला द्वारा सेक्टर-11 में खोले गए फरीदाबाद विधानसभा 89 कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लखन कुमार सिंगला के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# मंत्री ने बल्लभगढ़ को दी विकास कार्यों की सौगात

● कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बोले, आमजन की सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना मेरा एकमात्र लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले तथा निर्वाचन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को बल्लभगढ़ विधानसभा के दौरे पर करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में गांव मुजेसर वार्ड नंबर-02 में बाबा हृदयराम मंदिर पर राम तालाब का सौन्दर्यीकरण, गौशाला शेड, राधा टीला एवं सत्संग भवन का शिलान्यास किया। इसके उपरांत सेक्टर 22 और 23 स्थित शिव कालोनी और मुजेसर गांव में एक दर्जन से ज्यादा गलियों में कंक्रीट और आरएमसी से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नही रहने दी जाएगी।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में लगाए गए 400 पौधे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में पौधारोपण करते बोधराज सीकरी, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

श्री सत्य साईं सेवा ऑर्गेनाइजेशन ने पौधारोपण मुहिम के तहत रविवार को यूनिवर्सिटी सेक्टर-87 में महापौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्विद्यालय के प्रांगण में सत्य साईं प्रेम तरु के तहत 1 करोड़ पौधे लगाने के संकल्प के तहत यह आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न किस्मों के 400 पौधे लगाए गए।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। प्रदेश संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने अध्यक्षता की। अपने संबोधन में बोधराज सीकरी ने ग्रन्थों का हवाला देखकर यह भी सिद्ध किया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और योगीराज भगवान कृष्ण का त्रेता युग और द्वापर युग में इस पृथ्वी पर आना भी पर्यावरण को संतुलित करने के लिए था। बोधराज सीकरी के अनुसार हमारे जीवन का आधार है प्राण ऊर्जा, प्राण ऊर्जा का आधार है। पेड़ पौधे, पेड़-पौधे का आधार है। प्रकृति और प्रकृति का आधार है ईश्वर और ईश्वर का आधार है ब्रह्म।

# डेरा प्रेमियों ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बच्चों को स्टेशनरी व अन्य समान देते डेरा प्रेमी।

गुरु पूर्णिमा का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एमएसजी मानवता भलाई केंद्र से लेकर शहर में डेरा प्रेमियों ने धर्म के कार्य किए। राम के नाम का गुणगान करते हुए राहगिरों के लिए मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। जरूरतमंद छात्रों को स्टेशनरी, कॉपी, किताबें आदि वितरित की गई।

साउथ सिटी-2 स्थित एमएसजी मानवता भलाई केंद्र में सुबह नाम चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राम नाम का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरूजी संत डा. राम रहीम सिंह जी इंसा से मानवता भलाई के कार्यों में पहले से भी अधिक उत्साह से भाग लेने का आशीर्वाद मांगा। संगत को पावन वचनों से अवगत कराया गया। इसके बाद सभी को नाम चर्चा का प्रसाद वितरित किया गया। एमएसजी मानवता भलाई केंद्र के भीतर व बाहर मीठे पानी की छबीलें लगाई गई।

राहगिरों व संगत को मीठा पानी शरबत पिलाया गया। सभी ने आपस में गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं, बधाई दी। इसी तरह से सोशल मीडिया पर भी संगत की ओर से गुरु पूर्णिमा के संदेश प्रेषित किए जाते रहे।

# महिलाओं को ऑटो में मिलेगा कई बार इस्तेमाल किया जाने वाला सैनेटरी नैपकिन

● ऑटो में लगाई गई है रीवा कंपनी द्वारा बनाए इस नैपकिन की किट

● रिअर्थ लाइफ एनजीओ द्वारा दो साल से ऑटो में उपलब्ध कराए जा रहे हैं नैपकिन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

आमतौर पर महिलाओं के लिए एक सैनेटरी नेपकिन एक बार इस्तेमाल में आता है और फिर कचरे में फेंक दिया जाता है। अब एक ऐसा नेपकिन आ गया है, जो एक नहीं बल्कि 100 बार यूज होगा। यानी बार-बार यूज होगा मगर खराब नहीं होगा। इसका सबसे अधिक फायदा यह होगा कि हमारे आसपास ज्यादा कचरा नहीं फैलेगा।

महिलाओं में इस नैपकिन को ऑटो रिक्शा के माध्यम से पहुंचाने की रविवार से शुरुआत हुई। इस अवसर पर हरियाणा ऑटो यूनियन के अध्यक्ष योगेश शर्मा, रिअर्थ लाइफ एनजीओ से सतेंद्र यादव, सिद्धार्थ भाटिया, सुप्रिया देवबर्मन, गौतम सैनी, सुनील, ऋतुराज समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। रिअर्थ लाइफ एनजीओ ने रीवा कंपनी और ऑटो यूनियन के साथ मिलकर शहर में कचरा कम करने की यह बेहद खास पहल की है। रिअर्थ लाइफ पिछले 2 साल से शहर के ऑटो में महिलाओं के लिए मुफ्त सैनेटरी पैड की सुविधा दे रही है। नैपकिन के रूप में एक नया प्रोडक्ट रीवा कंपनी लेकर आई है। जिसका बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है। रिअर्थ लाइफ एनजीओ ने सैनेटरी पैड बनाने वाली कंपनी रीवा के साथ जुड़कर महिलाओं के लिए यह खास पहल की। इसमें शहर की ऑटो यूनियन का भी विशेष योगदान है। गुरुग्राम में जगह-जगह पर गंदगी के ढेरों को देखते हुए रिअर्थ लाइफ संस्था ने इस बात का अंदाजा लगाया कि इस गंदगी में काफी मात्रा सैनेटरी पैड्स की भी होगी। इसके लिए रीयूज होने वाले सैनेटरी पैड्स बनाने वाली रीवा कंपनी से संपर्क किया गया। कंपनी की ओर से नॉर्मल सैनेटरी पैड्स की जगह बार-बार इस्तेमाल होने वाले पैड्स एनजीओ को उपलब्ध कराए। फिर उनकी एक किट तैयार करके मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन हर ऑटो में लगाने का काम रिअर्थ लाइफ संस्था के सदस्यों ने किया। इसका फायदा यह होगा कि अब सैनेटरी पैड्स से गंदगी कम होगी।

रीवा कंपनी के मालिक महिपाल की ओर से अधिकारिक रूप से यह जानकारी दी गई कि उनकी कंपनी में बना यह सैनेटरी पैड एक नहीं बल्कि 100 बार यूज किया जा सकता है। इसे फेंकने की जरूरत नहीं है। इससे शहर में कचरे को रीड्यूज और रीयूज कर सकते हैं। एक आंकलन के अनुसार उन्होंने बताया कि एक महिला भी एक पैड का इस्तेमाल करती है तो शहर में 99 सैनेटरी पैड का कचर कम उत्पन्न होगा।


मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन पर ऑटो में 100 बार इस्तेमाल होने वाले सैनेटरी नैपकिन की किट लगाते रिअर्थ एनजीओ के सदस्य।

# सरकार का रुख देख नरम पड़े किसान

## संयुक्त किसान मोर्चा व सीएम के सीपीएस के बीच सात घंटे चली बैठक, किसानों ने 33 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

शिखा शर्मा । चंडीगढ़



हरियाणा सरकार किसानों की मांगों पर करीब-करीब सहमत हो गई है। सरकार का सकारात्मक रूख देखने के बाद किसान भी सोमवार से शुरू होने वाले आंदोलन को लेकर नरम पड़ गए हैं। किसानों ने तय समय सीमा में मांगे पूरी करने की चेतावनी देकर आंदोलन को फिलहाल टाल दिया है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव आज की बैठक में हुई चर्चा पर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट देंगे।

रविवार के बावजूद किसानों के साथ बैठक के लिए सरकार के आला अधिकारी आज हरियाणा निवास पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में उनके मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के साथ उनके मांगपत्र के प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। किसानों की तरफ से इस बैठक में भाकियू नेता रतन मान, जोगेंद्र नैन, बलबीर सिंह, जयकरण सोनीपत, सुमित दलाल, सुरेश कौथ, सुखविंद्र सिंह, प्रहलाद भानुखेड़ा और सुखविंद्र औलख ने भाग लिया।

किसानों ने 32 मांगों पर आधारित अपना मांगपत्र राजेश खुल्लर को सौंपा, जिसके प्रत्येक बिंदु पर चर्चा हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 जुलाई को रोहतक में हुई बैठक में राज्य सरकार को चेतावनी दी थी कि यदि 20 जुलाई तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो राज्य में किसी भी समय आंदोलन की घोषणा की जा सकती है। इसलिए सरकार ने किसी तरह का रिस्क लिए बिना रविवार को संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए चंडीगढ़ बुला लिया था। इस बैठक के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख नेता रतन मान ने बताया कि बातचीत काफी सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है और सरकार का बड़ा ही सकारात्मक रुख है। किसानों को पूरे प्रदेश में कई स्थानों पर पिछले तीन सालों से खराब फसलों का मुआवजा नहीं मिला है। कुछ मुआवजा बीमा कंपनियों ने देना है तो कुछ सरकार की ओर से जारी होगा। इस मुआवजा राशि को जल्दी जारी करने पर बैठक में सहमति बनी है। भाकियू नेता ने बताया कि किसानों के घर अथवा खेतों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया गया। खेतों से निकलने वाली बिजली विभाग की हाईटेंशन तारों से होने वाले नुकसान की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की गई। कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां से यह तारें खेतों के ऊपर से हर हाल में हटनी चाहिएं। दिल्ली व पंजाब की तरह हरियाणा के किसानों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की मांग सरकार से की गई। लंबित ट्यूबवैल कनेक्शन अभी तक जारी नहीं हुए हैं और जो जारी हो गए हैं, उन्हें लगाया नहीं जा रहा है।

### किसानों की मुख्य मांगें

- स्वामीनाथन की सिफारिश अनुसार लागत का डेढ़ गुना दाम देने का कानून बने
- फसल खरीद में लिमिट,ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन,पोर्टल की शर्त हटाई जाए।
- फसलों का भुगतान तय सीमा में हो देरी पर ब्याज मिले।
- कपास के जिलों में गुलाबी सुंडी से हुए नुकसान का मुआवजा मिले।
- प्राकृति आपदा मुआवजा में ऑनलाइन प्रणाली खत्म हो।
- रबी 2023 में ओलावृष्टि के नुकसान के मुआवजे से वंचित रोहतक, झज्जर, हिसार, फतेहबाद, भिवानी, सिरसा, कैथल, दादरी, जिलों में मुआवजा मिले।
- बाढ़ प्रभावित बकाया क्षेत्रों का मुआवजा जारी किया जाए।
- फसल आगजनी के मुआवजे जल्द दिए जाएं।
- बिजली संशोधन कानून और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने की केंद्र को सिफारिश भेजे हरियाणा सरकार
- सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर शहीद किसानों की याद में स्मारक की जगह दे सरकार।
- शहीद किसान परिवारों को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी दे सरकार।
- शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों को रोकने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने के निर्णय को हरियाणा सरकार वापिस ले।

# गुटबाजी-भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस जनता का भला नहीं कर सकती: डा. सतीश

- भाजपा के प्रदेश प्रभारी बोले, कांग्रेस के ख्वाबों को भाजपा के कार्यकर्ता धूल धूसरित कर देंगे

पायनियर समाचार सेवा । नूंह/गुरुग्राम



नूंह में जिला विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में बोलते हरियाणा प्रभारी डा. सतीश पूनिया।

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने नूंह में कहा कि हुड्डा और सैलजा के आपसी विवाद तथा भ्रष्टाचार के मामलों में घिरी कांग्रेस हरियाणा की जनता का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब देख रही है, लेकिन कांग्रेस के ख्वाबों को भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के साथ मिलकर धूल धूसरित कर देंगे।

डा. सतीश पूनिया रविवार को नूंह स्थित भाजपा कार्यालय झिर कमल में आयोजित जिला विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। पूनिया ने कार्यकर्ताओं के सामने दावा किया कि इस बार भी प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी जाति, पंथ और मजहब के आधार पर टिकट वितरण नहीं करती, बल्कि जीतने वाले प्रत्याशी को ही टिकट देकर जनसेवा का मौका देती है।

विस्तारित जिला कार्यकारिणी में जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया का भव्य स्वागत किया। डा. पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी सीटें जीतने का ख्वाब पाल रही थी, लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने कांग्रेस के ख्वाबों को धराशाही किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को रोका और विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर देगी। डा. पूनिया ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 40 सीटों पर विजयी रही, लेकिन लोकसभा के चुनाव में हम 44 सीटों पर आगे रहे हैं, चार सीटों का इजाफा हुआ है।

दस वर्षों में केंद्र की मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में बुनियादी विकास किया है।

उन्होंने कहा कि मेवात हो, दक्षिणी हरियाणा या फिर जीटी रोड बैल्ट पार्टी का संगठन धरातल पर काफी मजबूत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 22 जिलों में कार्यकारिणी की बैठकें हो चुकी हैं, आज नूंह में आखिरी बैठक थी। इसके बाद पार्टी के जिला, विधानसभा, मंडल और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव में मेवात से लेकर अंबाला तक इस बार भाजपा के पक्ष में अच्छा परिणाम आएगा और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। डा. पूनिया ने कहा कि आने वाले समय में सरकार की और भी जन कल्याणकारी घोषणाएं होंगी और पार्टी भी अपनी रणनीति का खुलासा करेगी।

# अब जमीनी विवाद में उलझे हरियाणा और उत्तर प्रदेश

- करनाल के गांव की जमीन रिकार्ड में नहीं चढ़ा रहा यूपी का शासन, हर साल बाढ़ से होती है भारी तबाही

पायनियर समाचार सेवा । चंडीगढ़

लंबे समय बरसाती पानी से होने वाली तबाही को लेकर आमने-सामने हो रहे उत्तर प्रदेश व हरियाणा अब जमीनी विवाद में उलझ गए हैं। इस जमीनी विवाद के कारण यमुनानगर व करनाल जिलों में कई बार दोनों राज्यों के किसानों के बीच खूनी संघर्ष हो चुका है।

करनाल जिला के गांव चंद्राव की 1065 एकड़ जमीन दीक्षित अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश शासन को हस्ताक्षरित होने के बावजूद सहारनपुर का जिला प्रशासन इस जमीन को किसानों की खतौनी में चढ़ाने को तैयार नहीं है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में करनाल के जिला उपायुक्त को सहारनपुर के जिलाधिकारी के साथ तालमेल बनाकर चंद्राव गांव के लोगों को न्याय दिलाने के आदेश जारी किए हैं, इसके बाद भी दोनों राज्यों के अधिकारी समस्या के समाधान के लिए गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

इंद्री के गांव चंद्राव के कई लोगों ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की थी। अब शामली-अंबाला हाईवे का निर्माण हो रहा है, जिसके चलते भू-माफिया द्वारा उत्तर प्रदेश शासन से मिलीभगत कर हरियाणा के क्षेत्रफल की भूमि में उत्तर प्रदेश के गलत गांवों को दर्शाकर यह भूमि हड़पने की कोशिश की जा रही है। गांव चंद्राव के लोगों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह भूमि उनके जीवन यापन का मुख्य साधन है, लेकिन करनाल व सहारनपुर का जिला प्रशासन लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में कोई काम नहीं कर रहा है।

हाल ही में इंद्री के भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने भी इस संबंध में करनाल के जिला उपायुक्त से वार्ता कर उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देशों की जानकारी दी है।

# गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर विवि बनाने का ऐलान कर भूली भाजपा: हिम्मत सिंह

- हरियाणा में वर्षों से नहीं हुई पंजाबी अध्यापकों की भर्तियां, अंबाला में नहीं बना सिख स्मारक

पायनियर समाचार सेवास । चंडीगढ़



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हिम्मत सिंह ने प्रदेश सरकार को सिखों के संबंध में की गई घोषणाएं पूरी नहीं किए जाने के मुद्दे पर घेरा है। रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में हिम्मत सिंह ने कहा कि हरियाणा के सिखों की मांगों को पूरा किए बिना भाजपा की सत्ता में वापसी नामुमकिन है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करनाल में दशम गुरु गोबिंद सिंह जी के 350 वें प्रकाशोत्सव के दौरान अम्बाला में गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर यूनिवर्सिटी बनाए जाने की घोषणा को अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

# सेवा भारती ने किया सेवा प्रदर्शनी का आयोजन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती द्वारा सेवा कार्य दर्शन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सिलाई, कढ़ाई, रूप निखार प्रशिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार सामग्री प्रदर्शित की गयी। नर सेवा नारायण सेवा, समरस समाज समृद्ध समाज के भाव को चरितार्थ करते हुए सेवा भारती फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर सिलाई-कढ़ाई केंद्र, रूप निखार प्रशिक्षण, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र जैसे सेवा प्रकल्प संचालित करता है। संत नगर स्थित सिलाई केंद्र में आयोजित इस प्रदर्शनी को शिक्षिका कविता, बबीता और संयोगिता की देखरेख में शिक्षार्थियों द्वारा तैयार किया गया।

# जयराम विद्यापीठ में 60 विद्यार्थियों का हुआ जनेऊ संस्कार

- गुरुकुल परम्परा के अनुसार मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

पायनियर समाचार सेवा । कुरुक्षेत्र



देशभर के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ में भी रविवार को अन्य राज्यों की भांति गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुकुल परम्परा के अनुसार बड़ी ही श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयराम विद्यापीठ के संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों एवं विद्यार्थियों का मुख्य यज्ञशाला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनेऊ संस्कार विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक, विद्यापीठ के ट्रस्टी एवं श्रद्धालु पहुंचे। ट्रस्टियों के. के. कौशिक, टेक सिंह, राजेश सिंगला, खरैती लाल सिंगला व प्राचार्य रणबीर भारद्वाज सहित सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक, यशपाल तथा जयराम संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुजनों को नमन कर आशीर्वाद लिया।

प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज ने बताया कि सनातन धर्म परम्परा के अनुसार वर्षों से इस महान पर्व को मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा का दिन संतों महापुरुषों और ऋषि मुनियों को समर्पित है। डा. भारद्वाज ने बताया कि गुरुकुल परम्परा एवं गुरुओं का अनुसरण करते हुए विद्यापीठ में परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में हरवर्ष गुरु पूर्णिमा पर नूतन विद्यार्थियों का मंत्रोच्चारण से साथ जनेऊ संस्कार कर विधि विधान से परम्परा अनुसार गुरु शिष्य का संबंध किया जाता है। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

# धर्मनगरी में पहली बार राहगिरी के मंच पर पहुंचे हजारों नागरिक: सुधा

- राहगिरी में हजारों कार्यकर्ताओं और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने की भागीदारी
- मुख्यमंत्री नायब सिंह से मिलने को उत्सुक नजर आए खिलाड़ी और युवा

पायनियर समाचार सेवा । कुरुक्षेत्र



हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के इतिहास में पहली बार राहगिरी के मंच पर हजारों युवाओं के साथ-साथ आम नागरिक ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। इस राहगिरी के मंच पर उमड़ी भीड़ ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का काम किया है। इसके लिए प्रशासन के तमाम अधिकारी कर्मचारी और शहर के नागरिक बधाई के पात्र है।

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने राहगिरी के मंच पर अपने मन की बात को साझा करते हुए कहा कि राहगिरी के मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम बेहद उमदा थे। इस राहगिरी में पहुंचे हजारों युवाओं और नागरिकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब लुफ्त उठाया।

इस राहगिरी के मंच पर मुख्यमंत्री के तौर पर पहली बार पहुंचे सीएम नायब सिंह से मिलने और उनकी कार्य शैली को देखने के लिए हजारों लोग राहगिरी के मंच पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर प्रशासन के सहयोग से हर रविवार को राहगीरी का आयोजन करने की योजना पर काम किया जाएगा। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में एकता और भाईचारा बढता है। इस उद्देश्य को जहन में रखकर ही प्रदेश सरकार की तरफ से राहगीरी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासन के तमाम अधिकारी, कर्मचारी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी बधाई के पात्र है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार का ध्यान नहीं: डॉ. सुशील

- आप प्रदेशाध्यक्ष ने सरकार को घेरा, कहा करनाल मेडिकल कॉलेज से 70 प्रतिशत मरीज होते हैं रेफर
- जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी

पायनियर समाचार सेवा । कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पार्टी हरियाणा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने डॉक्टर्स के खाली पड़े 50 प्रतिशत पदों को भरने, अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और जिन अस्पतालों के भवन जर्जर हो चुके हैं उनको नए सिरे से बनाने की मांग की।

डॉ गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं में भारी कमी आती जा रही है। हरियाणा के सभी मेडिकल कॉलेज केवल रेफर सेंटर बन कर रह गए हैं। करनाल मेडिकल कॉलेज रेफर सेंटर बन कर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहर में 12 साल से कम आयु वाले बच्चों के लिए बाल चिकित्सा और आईसीयू नहीं है। यदि गुरुग्राम जैसे शहर में ये हालात हैं तो बाकी हरियाणा में क्या हालत होंगे। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सही व्यवस्थाएं न होने के कारण नर्सें भी हड़ताल पर रहती हैं और डॉक्टर भी।

बड़े बड़े अस्पतालों में भी मशीनें नहीं हैं। सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी बुरी है कि एक बेड पर तीन-तीन मरीजों का इलाज हो रहा है। इसके अलावा अस्पतालों में न बिजली, न डॉक्टर और न दवाइयां हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2015 में एम्स की घोषणा कर कर गए थे। लेकिन भाजपा वाले आज तक ओपीडी शुरू नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में 500 जन औषधि केंद्र खोलने की बात कही थी, लेकिन आज के समय सभी बंद होने के कगार पर हैं।

डॉ गुप्ता ने कहा कि इस चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था और अस्पतालों के बदहाल हालात की वजह से लोगों को मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पड़ता है, जहां इलाज बहुत महंगा है। हरियाणा में सरकारी अस्पताल सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ पंजाब सरकार ने अपना हेल्थ का बजट 400 प्रतिशत बढ़ा दिया। पंजाब के गांव-गांव में विश्व स्तरीय मोहल्ला क्लीनिक खुल रहे हैं।

We Mahavir Prasad S/o Late Shri Jai Narayan Sharma and Saroj Sharma W/o Shri Mahavir Prasad both R/o House No. 1205, Sector-19, Kheri Kalan Faridabad-121002 (HR) declare that we have debarred our Grandson Aditya Sharma from all our movable and Immovable properties.if any person deal with him in future, past and present then he/she will be self-responsible for the same. We will not be responsible for the same.

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I,Kashish S/o Jatinder Kumar R/o House No. 84, Green City, Phase-1, Bhatinda, Punjab-151001 have changed my name to Kashish Chhabra vide Affidavit No. IN-DL22123835907948W dated 21.07.2024

PD(610)A

SOUTHERN STAR CO-OPERATIVE (URBAN) THRIFT & CREDIT SOCIETY LTD.

Regd. No.744 (U)

Corp. Office: E-2&3, 1st Floor, DDA Market, MOR Land, New Rajender Nagar, New Delhi-110060

NOTICE

It is notified for general information of the members of the Southern Star Co-Op. (U) Thrift & Credit Society Ltd. (hereinafter referred to as the Society) that the 35th Annual General Body Meeting (AGM) of the Society will be held on Sunday, the 25th Aug, 2024 at 2:00 P.M. at the MCD Community Hall, New Rajender Nagar, New Delhi-110060, to consider the following Agenda:-

AGENDA

1) Confirmation of the proceedings of 34th A.G.M.;
2) Consideration and approval of annual report for the year 2023-24
3) Consideration and approval of Receipt & Payment A/c., Income and Expenditure A/c., and Balance Sheet for the year ended on 31-3-2024;
4) Consideration and approval of Statutory audit report for the year ended on 31-3-2024 and the Managing Committee's comments thereof;
5) Appropriation of Surplus A/c (Profits) for the year 2023-24 in accordance with the Act, Rules & Bye-Laws;
6) Consideration of Budget & programme of activities for the year 2024-25;
7) Consideration of questions/resolutions given by members;
8) Consideration of any other item (s) that may be brought forward with the permission of the Chair.

ALL MEMBERS ARE REQUESTED TO ATTEND THE MEETING

A copy of agenda dated 01-06-2024 has been despatched to all members vide Speed Post along with Annual Report & Accounts Statements for the financial year 2023-24 which are also available at our website "southernstar.org"

New Delhi - 110060
22.07.2024

(P. N. VENKIDESWARAN POTTY)
HONY. SECRETARY

OFFICE OF THE RETURNING OFFICER
SOUTHERN STAR CO-OP. (U) T/C SOCIETY LTD.
E-2&3, 1st Floor, DDA Market, MOR Land,
New Rajender Nagar, New Delhi-110060

Ref. No. SS/(Election) 2024/03    Dated: 22.07.2024

ELECTION NOTICE

It is notified that the undersigned has been appointed as Returning Officer by the **SOUTHERN STAR CO-OP (U) T/C SOCIETY LTD.**, Delhi (Hereinafter called the Society) to hold Election of the Managing Committee of the Society. I hereby call a Special General Body Meeting of the aforesaid Society on 25.08.2024 (Sunday) at 10.00 A.M. at M.C.D. Community Hall, New Rajender Nagar, New Delhi-110060 for conducting the Election for one (1) Post of President, one (1) Post of Vice-President and eleven (11) Posts of Managing Committee Members (out of which two posts are reserved for women candidates) as per the Rule of 53 and Schedule II of D.C.S. Rules 2007. A copy of the detailed agenda notice dated 15.07.2024 has been dispatched to all members vide Speed Post and also available at website. **"southernstar.org"** and all branch offices of the society.

Sd/
(K. S. BANSAL)
Returning officer/ Election Officer

New Delhi - 110060
22.07.2024

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 22 जुलाई, 2024



## आतंकवाद से मुकाबला

### मोदी का फैसला

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने आतंकवाद से मुकाबले के लिए जम्मू कश्मीर में 'पूर्ण तैनाती' के आदेश दिए हैं। यह नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्वागत योग्य निर्णय है। आतंकवाद पर बढ़ती चिन्ता को संबोधित करने तथा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों की समग्र तैनाती का निर्णय किया है। यह रणनीतिक निर्णय भारत के एक सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र में शांति और स्थायित्व सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट करता है। आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के वर्तमान समय में जारी संघर्ष में जम्मू का महत्वपूर्ण स्थान है। हालिया वर्षों में इस क्षेत्र में अनेक हिंसक घटनायें हुई हैं जिनके चलते सतर्कता तथा सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया बढ़ाने की जरूरत पड़ी है। प्रधानमंत्री का हालिया निर्देश क्षेत्र में बढ़ती आतंकी गतिविधियों तथा यहां स्थिरता समाप्त करने के प्रयासों के संदर्भ में आया है। हाल ही में चार सैनिक डोडा में शहीद हुए जिससे ऐसी घटनाओं पर फौरन लगाम लगाने की आवश्यकता सामने आई। 'पूर्ण तैनाती' के अंतर्गत जम्मू क्षेत्र को आबंटित संसाधनों तथा वहां सैनिकों की संख्या में वृद्धि होगी। इस कार्रवाई में न केवल अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती होगी, बल्कि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा जिनमें खुफिया एजेंसियां, अर्धसैनिक बल तथा स्थानीय कानून-व्यवस्था एजेंसियां शामिल हैं।

तैनाती की रणनीति में कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। पहला, निगरानी बढ़ाने तथा खुफिया सूचनायें एकत्र करने पर जोर दिया जाएगा ताकि आतंकी गतिविधियों का पहले से अनुमान लगा कर उनको होने से रोका जा सके। दूसरा, सुरक्षा बलों को जोखिम वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ानी होगी ताकि अन्य संभावित खतरों को रोका जा सके तथा स्थानीय जनता को सुरक्षा का आश्वासन मिले। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों से सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा ताकि महत्वपूर्ण सूचनायें मिलें तथा उनमें विश्वास पैदा हो। यह प्रभावी आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों के लिए जरूरी है। कोई आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय को विभिन्न क्षेत्रों से समर्थन मिला है जिनमें राजनेता, सुरक्षा विशेषज्ञ तथा आम जनता शामिल है। सरकार ने जोर दिया है कि यह कदम एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य आतंकवाद द्वारा पैदा चुनौतियों को संबोधित करना तथा जम्मू में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एक बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे खतरों को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने तथा दृढ़ रहने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया है कि सरकार का प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र में लोगों का जीवन बचाना तथा शांति बनाए रखना है। जम्मू में पूर्ण तैनाती आतंकवाद से मुकाबले में भारत के वर्तमान प्रयासों में महत्वपूर्ण कदम है। उम्मीद है कि सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई उपस्थिति तथा बेहतर समन्वय से आतंकी गतिविधियों का मुकाबला करने तथा क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने में सहायता मिलेगी। बदलती स्थिति को देखते हुए जीवन्त सुरक्षा ढांचे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सबकी नजर रहेगी। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की प्रभावशीलता रेखांकित रणनीतियों के सफल क्रियान्वयन तथा उभरती चुनौतियों के अनुसार स्वयं को ढालने की क्षमता पर निर्भर करेगी। 'पूर्ण तैनाती' का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आदेश आतंकवादियों के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि भारत अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है और वह आतंकवादियों का सफाया कर देगा।



# बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों की उम्मीद

पिछले वर्षों में भारतीय बैंक घोटालों, डूबे कर्जों तथा बढ़ते एनपीए से निपटते रहे हैं। हालिया सरकारी पहलों से कर्जों की वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि तथा एनपीए में कमी आई है।



**विवेक शुक्ला**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले वर्षों में भारतीय बैंक घोटालों, डूबे कर्जों तथा बढ़ते एनपीए से निपटते रहे हैं। हालिया सरकारी पहलों से कर्जों की वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि तथा एनपीए में कमी आई है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनने से बैंकिंग क्षेत्र को ज्यादा पारदर्शी तथा सक्षम बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाने की उम्मीद बढ़ी है। हालिया वर्षों में भारतीय बैंकों को किसी अन्य देश के बैंकों की तुलना में काफी अधिक उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ा है। 2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने से पहले भारतीय बैंकों को अनेकानेक घोटालों, कर्ज देने में धोखाधड़ी, घोटालों, बढ़ती गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए तथा कर्ज माफी की गलत नीतियों का शिकार होना पड़ा था। इसके कारण कुछ बैंक डूब गए थे या उनमें भारी घाटा हुआ था। हालांकि, मोदी के सत्ता में आने से पहले भी केन्द्र सरकारों ने इन मुद्दों से निपटने के लिए कुछ कदम उठाए थे, पर उनके आधे-अधूरे क्रियान्वयन के कारण इच्छित परिणाम सामने नहीं आए थे। सौभाग्य से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने तेजी से कदम उठाते हुए बैंकिंग क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को संबोधित किया। इन कदमों तथा सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों के सटीक व प्रतिबद्ध क्रियान्वयन से धीरे-धीरे भारतीय बैंकों की स्थिति में सुधार आया। मोदी के नेतृत्व में 2019 में पुनः केन्द्र सरकार बनने के बाद बैंकिंग व्यवस्था के सुधार में और तेजी आई। इसके परिणामस्वरूप आज अधिकांश बैंकों की स्थिति पहले की तुलना में बहुत अच्छी हो गई है।

मोदी सरकार की नीतियों के चलते अनेक बैंक न केवल अपने नुकसान की भरपाई कर सके हैं, बल्कि वे मुनाफे की ओर भी बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने घोटालों पर लगभग पूर्ण विराम लगा दिया है। धोखाधड़ी करने वाले अनेक लोगों की परिसंपत्तियां जब्त कर कर्जों की वसूली की गई है, बैंकों का पुनः पूंजीकरण किया गया है तथा एनपीए के बोझ में भारी कमी आई है। यह एक अत्यन्त सकारात्मक स्थिति है। 2013 से 2017 के बीच जहां एनपीए 12.47 प्रतिशत था, वहीं यह धीरे-धीरे घट कर सितंबर, 2023 में केवल 3.2 प्रतिशत रह गया। हालांकि, इस कमी में सरकार द्वारा बैंकों के पुनः पूंजीकरण के प्रयासों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वर्तमान समय में सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति आगे बढ़ेगी अथवा 'लौट के बुद्धू घर को आए' वाली कहावत फिर सही सिद्ध होगी। अतीत में भारतीय बैंक इस बात की गवाही बने हैं कि स्वतंत्रता के पहले और उसके बाद भी अनेक बैंक भारी घाटे के कारण डूब रहे थे। इस उथलपुथल वाली स्थिति से हमें यह सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि जब तक लंबे समय तक बैंकों में सुधारों की प्रक्रिया जारी नहीं रहती है तब तक समस्या का स्थाई समाधान सामने नहीं आएगा।

वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन ने अपनी हालिया पुस्तक 'भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा' में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी अनेक उपलब्धियों, समस्याओं और परिघटनाओं का विस्तृत विश्लेषण किया है। इस पुस्तक में घोटालों, बड़े-बड़े घोटालेबाजों, घोटालों के तरीकों, बैंकिंग व्यवस्था में साइबर अपराधों, 'यस बैंक' के उत्थान और पतन, एनपीए का संजाल, आदि का विस्तृत विवरण पेश किया है। उन्होंने आजादी के पहले और बाद में बैंकिंग संस्थानों की स्थिति का वर्णन किया है। इसके साथ ही पुस्तक में बैंक निजीकरण पर मचे शोर, कृषि कर्जों की माफी के अर्थशास्त्र, नोटबंदी, जन-धन योजना, भारतीय रिजर्व बैंक की स्वायत्तता तथा डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता व इसके जोखिमों, आदि का भी विस्तृत वर्णन किया गया है।

स्वतंत्रता के बाद देश में निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक थे, पर उनके भीतर अनेक घोटाले होते रहते थे और वे अनेक मामलों में विफल रहते थे। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आर्थिक वृद्धि तथा बिजनेस विस्तार की प्रमुख कुंजी बने हुए थे। निजी बैंक आमतौर से साधारण लोगों के खाते नहीं खोलते थे। जुलाई, 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से आम जनता की बैंकों तक पहुंच बढ़ी। इस कालखंड में अनेक बैंकों का विलय हुआ जिसके कारण कुछ सकारात्मक नतीजे सामने आए। लेकिन धीरे-धीरे भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी तथा सार्वजनिक बैंकों में राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारी मात्रा में असली और फर्जी कंपनियें को कर्ज दिए गए। इनमें से अनेक कर्जों की या तो वापसी नहीं हुई या उनकी केवल आंशिक वसूली ही संभव हुई। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक तथा निजी बैंकों को भारी घाटा हुआ। 1990 के दशकारंभ में 'उदारवादी नीतियां' स्वीकार की गईं और इसके थोड़े समय बाद एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, आदि निजी बैंक अपनी आधुनिक तकनीकों के कारण लोकप्रिय हो गए। इन तकनीकों से पैसा जमा करने, पैसा निकालने, चेकों की तेजी से क्लियरिंग, बीमा, म्यूचुअल फंड, आदि खोलना शामिल था। निजी बैंकों के नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक तकनीकों ने सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के सामने भारी प्रतियोगिता पैदा की। इसके कारण सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों तथा निजी क्षेत्र के अन्य बैंकों को नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक तकनीकों को लागू करने के लिए मजबूर किया। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की स्थितियों में सुधार आया, लेकिन उदारीकरण की लहर ने भी अनेक घोटालों, रिश्वतों, भ्रष्टाचार तथा राजनीतिक हस्तक्षेप को जारी रखा।

इसके कारण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र बैंकों को अनेक घोटालों का सामना भी करना पड़ा। हर्षद मेहता व केतन पारिख जैसे घोटालेबाजों द्वारा किए गए विशाल घोटालों तथा 'ग्लोबल ट्रस्ट' जैसे बैंकों के डूबने की परिघटनायें भी इस कालखंड में सामने आईं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के पहले कार्यकाल में पीएनबी बैंक, पीएमसी बैंक व अन्य सहकारी बैंकों तथा यस बैंक आदि में हुए घोटालों तथा बड़े घोटालेबाजों के विदेश भाग जाने से काफी बड़ा संकट पैदा हुआ। इस कारण बैंकों पर एनपीए का बोझ रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इस संदर्भ में छोटे बैंकों के बड़े सार्वजनिक बैंकों में विलय का प्रशंसनीय कदम उठाया गया जिससे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों की संख्या घटी। इस बीच भारत का व्यापार तेजी से बढ़ रहा था जिससे बैंकों में पूंजी तरलता लगातार पैदा हो रही थी। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी को ज्यादा प्रभावी बनाया, नोटबंदी की, जनधन योजना व आवास योजनायें शुरू कीं तथा आत्मनिर्भर भारत, विनिर्माण व अन्य क्षेत्रों को तेजी से आगे बढ़ाया।

इस बीच कोविड-19 वैश्विक महामारी का हमला हुआ जिसने अर्थव्यवस्था को तगड़ा धक्का दिया। लेकिन कुछ ही महीनों में मोदी सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर नियंत्रण के लिए मजबूत कदम उठाए। महामारी के दौरान बैंकिंग में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़े और उन्होंने सारी दुनिया के रिकार्ड तोड़ दिए। मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक महामारी तथा इस दौरान लाकडाउन के कालखंड में देश के सबसे गरीब लोगों की आजीविका तथा मूलभूत आवश्यकतायें मोटेतौर से पूरी की जा सकीं। इसमें जनधन योजना, आधार कार्ड तथा यूपीआई ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

वर्तमान समय में यूपीआई न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। लेकिन इन सबके बावजूद बैंकों के स्वास्थ्य के प्रति निश्चिन्त नहीं हुआ जा सकता है। आज भी कभी-कभी बैंक घोटाले सामने आते हैं, डिजिटल बैंकिंग घोटाले बढ़ रहे हैं तथा बैंकिंग क्षेत्र में साइबर अपराधियों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके कारण न केवल बैंकों, बल्कि खाताधारकों को भी भारी नुकसान हो रहा है। इस मुद्दे पर अभी फूलप्रूफ लगाम नहीं लगी है। श्रीपाल जैन ने अपनी उपरोक्त पुस्तक के समापन में कहा है, 'वर्तमान समय में अनेक बैंक मुनाफे की ओर बढ़ रहे हैं। मोदी सरकार ने समस्याओं और चुनौतियों को अवसरों में बदला है जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी का महत्वपूर्ण योगदान है।' लेकिन जब तक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्टाचार जारी है तथा बैंकिंग में साइबर अपराधियों की घुसपैठ नहीं रोकी जाती है, तब तक बैंकों को मजबूत करने तथा फूलप्रूफ सुरक्षा देने का वादा पूरा नहीं होगा।

# ट्रंप पर हमले के भावी परिणाम

> डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और अमेरिकी राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वैश्विक मामलों की अस्थिर बिसात पर एक सप्ताह का समय काफी लंबा होता है, हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हाल ही में हुई हत्या की कोशिश भविष्य की कार्रवाई पर गहरा प्रभाव डालेगी। जबकि हाल के दिनों में कई यूरोपीय नेताओं और मध्य पूर्व के कुछ लोगों पर हिंसक जानलेवा हमले किए गए हैं, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कानों के पास से गोली निकल जाने से विश्व नेताओं के लिए कई सवाल खड़े हो गए हैं।

यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि हत्या की कोशिश डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक शानदार जीत में तब्दील होगी या नहीं, जो नवंबर के चुनावों में मौजूदा राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ फिर से मुकाबला करने का सामना कर रहे हैं। अमेरिका में डेमोक्रेट्स एक विभाजित समूह हैं, जिसमें कई नेता आंतरिक रूप से राष्ट्रपति जो बिडेन की ओवल ऑफिस में दूसरी बार आने की कोशिश पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि उनकी उम्र से संबंधित कई सार्वजनिक गलतियां हैं।

अमेरिका और दुनिया भर के कई अन्य थिंक टैंक क्षेत्रों में अधिकांश सार्वजनिक बहसें राष्ट्रपति बिडेन की मानसिक सतर्कता पर बहस कर रही हैं और अगर वे दूसरी बार चुने जाते हैं तो वे अपना पूरा चार साल का कार्यकाल पूरा कर पाएंगे। किसी गंभीर बीमारी के कारण बीच में कोई भी बदलाव, जिसकी आशंका जताई जा रही है, अमेरिकी राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल के लिए बोली को कमजोर कर देगा।

भारत सहित हर महत्वपूर्ण लोकतंत्र की तरह, अमेरिका में मतदाता एक विभाजित समूह है, जिसमें ट्रम्प और जो बिडेन के समर्थकों के बीच एक गहरी खाई है। ट्रम्प और उनके समर्थकों पर




डेमोक्रेट का हमला उसी तरह का है, जैसा कि भारत में विपक्षी दलों ने हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों के दौरान किया था। अपने मतदाताओं को मुख्य संदेश देश को तानाशाही ताकतों (ट्रम्प/पीएम मोदी) से बचाना है, जो अपने बड़े-से-बड़े पंथ के नेताओं के तहत संविधान को उलट देंगे। इससे मतदाताओं में दरार पैदा हो गई, जो पहले से ही बिखर चुके समाज में लगातार सूचनाओं के सागर से भरे हुए थे, जो मुख्य रूप से सोशल मीडिया पर एक ही घटना के परस्पर विरोधी संस्करण भेज रहे थे। राजनीति और बयानबाजी को अलग रखें, तो ट्रम्प के युद्ध के मैदान (चुनाव अभियान) में वापस आने के बाद, एक दिलचस्प प्रिज्म होगा, जिसमें वे पेंसिल्वेनिया में मंच से एक प्रतिष्ठित मुट्ठी के साथ और पृष्ठभूमि में अमेरिकी ध्वज लहराते हुए उतरेंगे।

यह तस्वीर आने वाले लंबे समय के लिए अमेरिकी लोकतंत्र की लचीलापन को परिभाषित करने की संभावना है। अपने कुछ साक्षात्कारों में, श्री ट्रम्प, जीवन को बदलने वाली घटना से विनम्र प्रतीत होते हैं, जहाँ वे लगभग ओवल ऑफिस के बजाय ताबूत में समाप्त हो गए थे। यह देखना सार्थक होगा कि क्या पूर्व राष्ट्रपति अपने कुछ प्रमुख घोषणापत्र जैसे कि आव्रजन और चुनने की स्वतंत्रता (आत्मरक्षा के लिए आग्नेयास्त्र रखने के अधिकार सहित) पर संयम बरतते हैं। वैश्विक परिप्रेक्ष्य से आप्रवासन एक ऐसा विषय है जिस पर बारीकी से नज़र रखी जाएगी, जिसमें भारत भी शामिल है, जहाँ सबसे ज़्यादा आप्रवासी वैध या अवैध मार्गों से अमेरिकी तटों पर पहुंचते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस का जीवनसाथी पीआईओ है।

उनकी पत्नी के माता-पिता आंध्र प्रदेश से आए अप्रवासी हैं और एक तरह से, यह चुनाव अमेरिकी समाज की बहुलतावादी प्रकृति को परिभाषित करता है। यह मान लेना एक दूर की कौड़ी होगी कि अगर ट्रंप को दूसरा कार्यकाल मिलता है, तो उनके उपराष्ट्रपति बनने के कारण आप्रवासन पर उनके विचार और नीतियाँ नरम पड़ जाएँगी। इसी तरह, ट्रंप की वापसी का द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है, खासकर भारत के साथ। कोई यह तर्क दे सकता है कि भारत को वाशिंगटन डीसी में कई रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदारियों पर द्विदलीय समर्थन प्राप्त है, जिसे पीएम मोदी ने एक दशक से ज़्यादा समय तक सावधानीपूर्वक पोषित किया है।

पीएम मोदी शायद एकमात्र ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने पिछले एक दशक में तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ काम किया है और नवंबर में उनके किसी पूर्व मित्र ट्रंप या बिडेन के वापस आने की संभावना है। यह अनिश्चित समय हो सकता है, तथापि, अतीत के रिश्ते और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा, नई व्यवस्था के तहत भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## आप की बात

### उचित आदेश

**उत्तर प्रदेश और हरिद्वार** में जारी आदेश के मुताबिक कांवड़ यात्रा के पूरे रूट पर दुकान लगाने वाले तमाम लोगों के लिए अपनी पहचान सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय पूरी तरह उचित है। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लगाई गई दुकानों पर मलिक का नाम लिखने में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिये। देखने में आया है कि कुछ अल्पसंख्यक हिंदू नाम रखकर दुकानें खोल लेते हैं। यह एक प्रकार से हिंदुओं की आस्था पर प्रहार है। अनेक शाकाहारी लोग मांसाहारी लोगों के हाथ का बना खाना अपवित्र समझते हैं। ऐसे में उन्हें धोखे से खाना खिलाना सरासर गलत है। कुछ लोग पूजा सामग्री, हार, फूल, प्रसाद की दुकान भी अपनी पहचान छुपा कर लगा लेते हैं। इसका खुलासा कई बार हो चुका है। गलत बोर्ड लगाकर हिंदुओं को भ्रमित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस मसले पर राजनीति करना उचित नहीं है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि अनेक स्थानों पर मुस्लिम अपनी पूरी पहचान के साथ खाने-पीने व मिठाइयों की दूकानें लगाते हैं और बड़ी संख्या में उनके ग्राहक हिंदू भी हैं। अतः इस आदेश को किसी प्रकार मुस्लिम-विरोधी नहीं कहा जा सकता है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बाइडेन की दुविधा

**जो बाइडेन** ने निसंदेह अपने कार्यकाल में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तराष्टीर्य मामलों को ठीक से हैंडल किया। खासकर उनके प्रयास से ही यूक्रेन अब तक रूस के साथ संघर्ष के मैदान में टिका हुआ है। लेकिन वे इस समय बढ़ती उम्र तथा अनेक शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। लेकिन वे चुनाव में ट्रम्प को टक्कर देने से पीछे नहीं हटना चाहते हैं। हालांकि, पिछले सप्ताह तीसरी बार कोविड होने के बाद कहा कि अगर उनके डॉक्टर कहेंगे तो वे चुनाव मैदान से हटने के बारे में सोचेंगे। लेकिन वे इसमें जितना समय लगाएंगे उतना ही फायदा ट्रम्प को होगा। इसलिए अब बिना समय गंवाए जो बाइडेन को कमला हैरिस या किसी और का नाम प्रस्तावित कर देना चाहिए। अब तक 40 से ऊपर डेमोक्रेटिक नेताओं ने उनसे मैदान से हटने की विनती की है। यहाँ तक उनके बॉस रह चुके बराक ओबामा ने भी कह दिया है कि बाइडेन को निर्णय लेने में देरी नहीं करनी चाहिए। जो बाइडेन की दुविधा उनके, उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी तथा संभवतः बाकी दुनिया के लिए भी घातक सिद्ध हो सकती है। अनेक राजनीतिक विश्लेषक साफ-साफ कह चुके है कि ट्रंप न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### रेल दुर्घटना

**उत्तर प्रदेश** में गोंडा के पास एक्सप्रेस की 3 बोगियां पलटने से 4 यात्रियों की दुखद मृत्यु और अनेक घायल हो गए। रेलवे द्वारा मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर घायलों को 2.50 लाख व घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। हादसे के बाद राजनेताओं की अनेक प्रतिक्रियायें आई हैं जो उनके पक्ष या विपक्ष में होने पर निर्भर करती हैं। लेकिन रेलवे में होने वाली दुर्घटनाओं पर गंभीरता से विचार कर एक समग्र नीति बनाने की आवश्यकता है। इससे पहले भी कुछ ही महीनों में कई ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। हालिया दुर्घटना का कारण पटरी की खराबी बताया गया है, जबकि पहले की अनेक दुर्घटनायें ड्राइवरों या लाइनमैनों की गलतियों तथा ट्रेनों के टकराने से हुई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले ट्रेनों को टकराने से बचाने वाले स्वचालित साफ्टवेयर कवच का सभी ट्रेनों में प्रयोग अनिवार्य करने की बात कही थी। लेकिन सारी ट्रेन दुर्घटनाओं का यही कारण नहीं है। इसलिए कवच प्रयोग के साथ ही पटरियों व सिग्नलों के रखरखाव तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से रेलवे में सुरक्षा सबंधी सभी पदों को जल्द से जल्द भरना भी यात्रियों की सुरक्षा हेतु जरूरी है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### पौष्टिक भोजन जरूरी

**देश** में विश्वविद्यालयों का नियमन करने वाली संस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि कॉलेज की कैंटीन में पिज्जा, बर्गर और समोसे जैसे जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाई जाए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खिलाड़ियों व पहलवानों के लिए शक्तिदायक आहार की तरह पढ़ने वाले छात्रों के लिए भी पौष्टिक भोजन जरूरी है। अपना शहर और परिवार छोड़ कर पढ़ने के लिए अन्य शहरों में गए लगभग सभी विद्यार्थी फास्ट फूड, पिज़्ज़ा, बर्गर, नूडल्स आदि खाकर भूख मिटाते हैं। लेकिन इसका दुष्प्रभाव उनके शरीर पर भी पढ़ता है। आंखों व दिमाग पर भी पड़ता है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यह निर्देश उचित है। लेकिन इसके साथ ही फास्ट फूड के विकल्प के रूप में ऐसे खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन देना जरूरी है जो पैकिंगों में उपलब्ध हों, लंबे समय तक सामान्य तापमान पर रखे जा सकते हों, स्वाद में बेहतर तथा पौष्टिक होने के साथ ही नौजवानों के लिए स्वीकार्य हों। अनेक स्थानीय व देशी खाद्य पदार्थ आसानी से फास्ट फूड का विकल्प बन सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 22 जुलाई, 2024



# लोक व राष्ट्र कल्याण से जुड़ी है भारत की ऋषि परंपराः योगी

● गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीरामकथा के विश्राम और गुरु पूर्णिमा महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सनातन ऋषि परंपरा व गुरु परंपरा लोक और राष्ट्र कल्याण की परंपरा है। यह परंपरा हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि हमारे जीवन का एक-एक कर्म, एक-एक क्षण सनातन के लिए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए समर्पित होना चाहिए। ऐसा करके ही हम गुरु परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर सकते हैं। गोरक्षपीठ भी उसी गुरु परंपरा की पीठ है जो अहर्निश लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सीएम योगी रविवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में विगत 15 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्पार्चन करने तथा व्यासपीठ का पूजन करने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन संस्कृति में ऋषि के साथ गोत्र की परंपरा भी साथ में चलती है। जब गोत्र की बात होती है तो जाति भेद समाप्त हो जाता है। हर गोत्र किसी न किसी ऋषि से जुड़ी है और ऋषि परंपरा जाति, छुआछूत या अश्पृश्यता का भेदभाव नहीं रखती है। एक ऋषि के गोत्र को कई जातियों के लोग अनुसरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया में सर्वाधिक और समृद्ध और प्राचीन है और सनातन पर्व-त्योहार इसके उदाहरण हैं। ये पर्व-त्योहार भारत को और सनातन धर्मावलंबियों को इतिहास की किसी न किसी कड़ी से जोड़ते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यास की जयंती है जिनकी कृपा से वैदिक साहित्य प्राप्त हुए हैं। जिन्होंने वेदों, पुराणों और अनेक महत्वपूर्ण शास्त्रों को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि 5000 वर्ष पहले महर्षि व्यास इस धराधाम पर थे। उस कालखंड में उन्होंने कई पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व किया। अनेक ग्रंथों की रचना कर उसे वर्तमान पीढ़ी के मार्गदर्शन के लिए भी अनुकूल बना दिया। भारत के अलावा 5000 वर्ष का इतिहास दुनिया में किसी के पास नहीं है। वर्तमान समय द्वापर और कलयुग का संधिकाल है। महाभारत के युद्ध के बाद महर्षि वेदव्यास ने श्रीमद्भागवत पुराण रचा जो मुक्ति और मोक्ष के मार्ग पर चलने को प्रेरित करने वाला पवित्र ग्रंथ है।

गोरक्षपीठाधीश्वर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माता-पिता पहले गुरु हैं। इसके बाद स्कूली शिक्षक, पुरोहित-कुलगुरु, बड़ा भाई, और ऋषि-संतों की परंपरा, गोत्रों की परंपरा भी गुरु परंपरा में सम्मिलित होती है। गुरु परंपरा का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे मार्ग पर अग्रसर करना है। माता-पिता, बड़ा भाई, पुरोहित-कुलगुरु, संत, ऋषि इसी उद्देश्यपरक कार्य के हितैषी होते हैं। उन्होंने कहा कि हम जैसा कार्य करेंगे, परिणाम भी उसी के अनुरूप मिलेगा। अच्छा कार्य करेंगे तो अच्छा फल मिलेगा और गलत काम करेंगे तो उसका फल भी हमें ही भुगतना होगा।

इस संबंध में उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के संत बनने से पूर्व के जीवन की कथा भी सुनाई और संदेश दिया कि कोई भी गलत काम में हासिल होने वाले पाप में भागीदारी नहीं बनना चाहता है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने जीवन में मर्यादा को महत्व दिया। हर कार्य की लक्ष्मण रेखा तय की, संबंधों को मर्यादित तरीके से जीना सिखाया। इसी तरह भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म की प्रेरणा दी। आज अधिकतर लोग कम कर्म के बदले अधिक हाईलाइट होने के प्रयास में रहते हैं। जबकि भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म की प्रेरणा दी है। यानी कर्म करो, फल की चिंता मत करो। हमारे शास्त्र और गुरु परंपरा में भी कहा गया है- अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्। अर्थात जैसा कर्म करेंगे, उसके अनुरूप फल से वंचित नहीं रहेंगे। जो करेंगे, उसके अनुरूप परिणाम अवश्य भोगना पड़ेगा।

सीएम योगी ने कहा कि सच्चा गुरु वही है, जो सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करे। हमारे जीवन में महत्व धन-धान्य का नहीं है बल्कि सद पुरुषार्थ से हासिल उस समृद्धि से है जो लोक कल्याण के कार्य आ सके। यदि हम गलत तरीके से समृद्धि अर्जित करेंगे तो पाप कृत्य के भागी होंगे। जबकि यदि हम वंचितों पर उपकार करेंगे, जीवमात्र के प्रति दया का भाव रखेंगे तो उसका पुण्य लाभ अवश्य प्राप्त होगा। गुरु का कार्य सही और गलत में अंतर बताकर सही मार्ग दिखाने का होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मान्यता है कि मनुष्य इस सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ कृति है। इस मान्यता को अपने कार्यों से साबित करने का दायित्व भी मनुष्य का ही है। हमारे शास्त्र और हमारी ऋषि परंपरा इसी दायित्व का बोध कराने वाली है। ऋषि परंपरा और अवतारी विभूतियों के मार्ग का अनुसरण करते हुए हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जो समाज, राष्ट्र और धर्म के अनुकूल हो। ऐसा कार्य खुद व परिवार के अनुकूल आप ही हो जाता है।

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 15 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा का विश्राम व्यासपीठ पर विराजमान श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की आरती के साथ हुई। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने कथाव्यास बाबा बालकदास के प्रति आभार भी व्यक्त किया और कहा कि हर व्यक्ति को कुछ समय ऐसी कथाओं के श्रवण के लिए जरूर निकालना चाहिए। कार्यक्रम में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथिलेशनाथ, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर के महंत रामदास समेत कई जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। श्रीरामकथा के विश्राम और गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर परिसर के चार स्थानों महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने, साधना भवन, मंदिर के मुख्य भंडारा भवन और प्रथम तल पर भंडारा का आयोजन किया गया। इन सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ड्रोन के जरिए रिहंद डैम की मैपिंग व आइडेंटिफिकेशन सर्वे कराएगी सरकार

● उप्र जल विद्युत निगम लि. ने शुरू की प्रक्रिया

● निर्धारित एजेंसी द्वारा 3 महीने में रिहंद डैम के अपस्ट्रीम सर्फेस को पूरी तरीके से किया जाएगा मैप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार जल्द ही सोनभद्र के पिपरी स्थित रिहंद डैम की क्रैक्स मैपिंग व आइडेंटिफिकेशन सर्वे कराने जा रही है। बांध के अबव वॉटर व अंडर वॉटर क्रैक्स के आंकलन और चिन्हांकन की प्रक्रिया को रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (आरएवी) व ड्रोन (अंडर वॉटर यूएवी) के जरिए पूरा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन लिमिटेड के अंतर्गत उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस पूरी प्रक्रिया द्वारा रिवर बेड के 35 हजीर स्क्वेयर मीटर की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और 2डी व 3डी डाटा कैप्चरिंग तकनीक के जरिए आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। अपस्ट्रीम सर्फेस को मैप करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और इसी के आधार पर डैम की स्थिति को लेकर एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया को एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के उपरांत 3 महीने की समयावधि में पूरा किया जाएगा तथा इस मद में 76.50 लाख रुपए का व्यय किया जाएगा।

अपनी अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए न केवल उप्र बल्कि बिहार व मध्य प्रदेश के पर्यटकों में प्रसिद्ध रिहंद डैम में क्रैक्स आइडेंटिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होगा उसे स्टेट ऑफ द आर्ट फैसिलिटी की संज्ञा दी जाती है। रिहंद बांध की अपस्ट्रीम दीवार पर पानी के ऊपर और पानी के नीचे वीडियोग्राफी आयोजित कर इसके माप (लंबाई, चौड़ाई और गहराई), निर्माण सामग्री के नुकसान और गिरावट जैसे मानकों की पहचान की जा सके। निरीक्षण किया जाने वाला क्षेत्र जलाशय तल तक पानी के स्तर से नीचे (लगभग 35,000 वर्ग मीटर क्षेत्र) और पानी के ऊपर (लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र) है। यह निरीक्षण कार्य आरओवी (रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल) का उपयोग करके किया जाएगा, जिसमें डाटा कैप्चरिंग उपकरण, कम रोशनी वाले एचडी कैमरे, डेप्थ सेंसर, अल्टीमीटर, पानी के अंदर के लिए लेजर और यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) के 2डी, 3डी डाटा कैप्चरिंग की जाएगी।

सर्वे द्वारा जुटाए गए डाटा में से सॉफ्टवेयर का उपयोग करके दोषों को चिह्नित किया जाएगा और दोषों के विवरण को निर्धारित करने के लिए पानी के ऊपर के लिए माप की रिपोर्ट की जाएगी। बांध के मुख पर मार्किंग ग्रिड के संदर्भ में बांध के शीर्ष पर प्रत्येक फ्रेम और डिस्प्ले स्क्रीन की पोजिशनिंग/जियोटैगिंग की जाएगी। प्रभारी अभियंता (अधिशासी अभियंता रिहंद कॉलोनी सिविल अनुरक्षण प्रभाग पिपरी, सोनभद्र उ.प्र.) कार्य के निष्पादन के लिए नोडल प्राधिकारी होंगे और कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा की किए गए कार्यों के प्रत्येक चरण को प्रभारी अभियंता उत्तरदायित्व व निरीक्षण में पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के बाद रॉ डाटा का विजुअल एनालिसिस प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें गहराई के अंकन के साथ प्रत्येक फ्रेम की जियो टैगिंग कर दरारों, गड्ढों, क्षति, निर्माण सामग्री की गिरावट आदि सहित किसी भी दृश्यमान चिंताजनक बिंदुओं की पहचान की जाएगी। इसके बाद डीडेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी जिसे सॉफ्ट कॉपी के साथ ही पेन-ड्राइव में संसाधित एचडी वीडियो प्रस्तुत करने के साथ एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

# सीएम योगी ने किया गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

● मंदिर के शक्तिपीठ में किया रुद्राभिषेक



**लखनऊ/गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर रविवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन का भी पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। साथ ही गुरु पूर्णिमा पर गुरुजन को समर्पित रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल की प्रार्थना की और गोवंश की सेवा कर उन्हें गुड़ खिलाया। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान तड़के ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। यूं तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। रविवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गोरखनाथ, मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। वह परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए। सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद अर्पित किया। पूजा-अर्चना की आनुष्ठानिक प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत सामूहिक महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।

गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और आस्था का उल्लास देखते ही बनता है। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ द्वारा विशेष अनुष्ठान पूर्ण किए जाने के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ समेत सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को नाथपंथ की परंपरा के अनुसार उन्हें तिलक लगाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरु पूर्णिमा के पवित्र पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की शक्तिपीठ में भगवान भोलेनाथ का विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक पूर्ण होने पर उन्होंने देवाधिदेव महादेव शिव शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन की कामना की। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा की तरह मंदिर की गोशाला भी गए। यहां उन्होंने गोवंश को उनके नाम से पुकारा और उनके पास आने पर खूब दुलारा। अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। योगी का दुलार पाकर गोवंश भाव विह्वल नजर आए। साथ ही सुबह मंदिर प्रांगण में टहलने के दौरान बच्चों को भी दुलार किया। सीएम ने बच्चों को चॉकलेट भी दिया और उनके माता-पिता का हाल चाल भी जाना।

# छात्रावासों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार ने जारी किया बजट

**लखनऊ।** छात्रावासों में छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिलें और वो इसका लाभ उठाकर अपने करियर में मुकाम हासिल कर सकें, इसके लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीएम योगी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से फतेहपुर में संचालित राजकीय कॉलेजों में अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए विभाग ने 243.77 लाख रुपए जारी किया है। जारी धनराशि से छात्रावासों की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा, ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद फतेहपुर में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, महिला डिग्री कालेज, फतेहपुर में छात्रावास मुख्य भवन के मरम्मत का कार्य, आन्तरिक जलमल कार्य, वाह्य जलमल कार्य, स्थल विकास, इलेक्ट्रिक कार्य, बोरिंग का कार्य, बाउंड्रीवाल गेट सहित, सीसी रोड़ एवं कैम्पस में लाइटिंग का कार्य कराने के लिए 124.41 लाख रुपए प्रदान किया गया है। इसी तरह राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खागा फतेहपुर में छात्रावास में मुख्य भवन के मरम्मत सहित विभिन्न कार्यों के लिए 119.36 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# प्रदेश की जनता डायरिया व दूसरी संक्रामक बीमारियों की चपेट में:अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में कहीं भीषण गर्मी और कहीं जलभराव के चलते इन दिनों लोग डायरिया और दूसरी संक्रामक बीमारियों की चपेट में है। स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के चलते दवा-इलाज के अभाव में सैकड़ों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। मासूम बच्चों तक को सरकार की संवेदनहीनता के कारण अपनी जान गंवानी पड़ रही है। मुख्यमंत्री सब कुछ ठीक है के दावे करने से नहीं चूकते है जबकि स्वास्थ्य मंत्री इन दिनों छींका टूटने के इंतजार में है।

अखिलेश ने कहा कि हमीरपुर के रजत कुमार को बीमार बेटे के इलाज के लिए जिला अस्पताल, कानपुर के हैलेट अस्पताल, लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं अस्पताल में भी वेंटिलेटर नहीं मिला। समय पर इलाज न मिलने से मासूम बेटे की सांसे थम गई। 10 घंटे में तीन बार उसको अलग-अलग अस्पतालों से रेफर किया गया।

यादव ने कहा कि राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में इन दिनों डायरिया और बुखार के मरीजों की भीड़ है। ऐसी घटनाएं अब और जिलों में भी हो रही हैं। तमाम मरीज तड़पते रहते हैं। बड़े अस्पतालों के डाक्टर इलाज अपने जूनियरों के हवाले करके निश्चिंत हो जाते है। जिलों के अस्पतालों में तो बहुत कम डॉक्टर मिलते हैं। स्टाफ ही सबका इलाज कर देता है। ज्यादातर मरीजों का इलाज स्ट्रेचर पर ही हो रहा है। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों से पहले ही मोटी रकम ले ली जाती है। वहां इलाज कम शोषण ज्यादा होता है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में शायद बदले की भावना से समाजवादी सरकार के अच्छे कामों को बर्बाद करना ही अपना लक्ष्य मान रखा है। मरीज को समय से इलाज मिले, अस्पताल तक आने जाने में कोई तकलीफ न हो, इसके लिए



समाजवादी सरकार ने समाजवादी एम्बुलेंस सेवा 102 और 108 शुरू की थी। प्रसूताओं और नवजातों को अस्पताल और घर ले आने-जाने की सुविधा के लिए 102 एम्बूलेंस सेवा शुरू की गई थी। सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर लोगों को तत्काल इलाज मिले इसके लिए 108 एम्बूलेंस सेवा शुरू की गई थी पर भाजपा सरकार में इन सभी स्वास्थ्य सेवाओं को चौपट कर दिया गया है। बलरामपुर के सीएमओ दफ्तर में ही एक दर्जन एम्बूलेंस खड़े-खड़े सड़ रही है। राजधानी लखनऊ में तत्काल एम्बुलेंस सेवा नाम की ही रह गई है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनहित की सभी योजनाओं को बर्बाद कर दिया गया है। स्थिति यह है कि सही समय पर मरीजों को न तो दवा मिल रही है और न ही एम्बुलेंस सेवा। भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास के नाम पर सिर्फ झूठे आंकड़े और वादे ही हो रहे हैं। भाजपा जनहित के कार्यों के बजाय जनविरोधी कार्यों में ज्यादा लिप्त रहती है। सश्रा में बने रहने के लिए ही भाजपा हमेशा षड़यंत्र और साजिश करती रहती है। समाज में नफरत फैलाकर समाज को बांटने पर ही ज्यादा जोर दिया जा रहा है। जनता की परेशानियों से भाजपा सरकार का कोई वास्ता नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का जनसेवा से नहीं, सश्रा की मेवा बटोरने से ही मतलब है। भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों के चलते जनता ने केन्द्र की भाजपा सरकार को बैसाखी पर ला दिया है। होने वाले आगामी उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करने को तत्पर है।

# अब जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही हैः अजय राय




● विस उपचुनाव से संबंधित जनपदों के जिला/शहर अध्यक्ष तथा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित ● उपचुनाव 2027 में होने वाले विस चुनाव की पृष्ठभूमि को मजबूत करेगा

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर विधानसभा उपचुनाव से सम्बन्धित जनपदों के जिला/शहर अध्यक्ष तथा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संगठन महासचिव अनिल यादव ने किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने उपस्थित पदाधिकारियों से प्रदेश की जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है, पदाधिकारियों से उन विधानसभाओं में संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाने एवं होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बेहतर हो इस पर उनसे सुझाव मांगे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने जिले की उपचुनाव से सम्बन्धित विधानसभा सीट वार रिपोर्ट दी तथा वहां इंडिया गठबंधन किस प्रकार से अपनी जीत सुनिश्चित कर सके इस पर अपने विचार और सुझाव भी प्रस्तुत किये। सभी के विचारों और सुझावों को सुनने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने पदाधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने के पूर्व आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन की बधाई दी। तदपश्चात राय ने कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ों न्याय यात्रा का प्रतिफल रहा कि देश की जनता सचेत हुई और लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे को विफल करने का काम किया। प्रदेश के छोटे-छोटे दलों का साथ मिला। मीडिया हमें कल तक महत्व नहीं दे रही थी वह भी आज कांग्रेस को तव्वजों देने लगी है। राय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा एवं बसपा को मौका देकर देख चुकी है और अब वह कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। हमें पूरी ताकत के साथ चुनाव में मेहनत करने की आवश्यकता है। यह उपचुनाव 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि को मजबूत करेगा। बैठक में पूर्व मंत्री सदल प्रसाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, मनीष मिश्रा, आलोक प्रसाद, राहुल राय, प्रदेश महासचिव सुबोध शर्मा, कौशलेन्द्र यादव, योगेन्द्र मिश्रा, मनोज गौतम, अंशू तिवारी, प्रदेश सचिव विनीत पराशर वाल्मीकि, अशोक सैनी, बृजेन्द्र मिश्रा, अर्चना राठौर, मिथुन त्यागी, संत राम नीलांचल, जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण विनीत त्यागी, विजय चौधरी, ठा0 सोमवीर सिंह, सुरेश चंद्र यादव, अरूण कुमार तिवारी, प्रदीप मिश्रा, श्रीमती विनीता शाक्य, अजय दूबे, मौजूद रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी ने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ केक काटकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दीर्घायु होने की कामना की।

# कल्ली पश्चिम में डायरिया का एक मरीज मिला, तीन डिस्चार्ज

**लखनऊ।** पिछले कुछ दिनों से कल्ली पश्चिम के गजवरियन खेडा में जारी उल्टी-दस्त की शिकायतें रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को इलाके में एक और मरीज मिला है, जिसे सामु.स्वा. केन्द्र मोहनलालगंज में भर्ती करा दिया गया। वहीं पूर्व में भर्ती मरीजों में तीन रोगियों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। सामु.स्वा.केन्द्र सरोजनीनगर, लखनऊ के चिकित्सीय दल द्वारा गजवरियन खेडा, कल्ली पश्चिम का भ्रमण किया गया। साथ ही गॉव के मजरे कल्ली पश्चिम, बाबूखेडा एवं अमोल में भी चिकित्सीय दल द्वारा सघन भ्रमण किया गया। उपरोक्त ग्रामों के क्षेत्रवासियों को ओआरएस पैकेट, क्लोरीन गोलियों का वितरण का वितरण किया गया तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव, नालियों की साफ-सफाई का कराया गया। क्षेत्र में मोबाइल शौचालय एवं एमएमयू की तैनाती थी।

## सावन का पहला सोमवार आज

# काशी विश्वनाथ मंदिर में योगी सरकार ने सुगम दर्शन के किए इंतजाम

● देर रात से ही बाबा के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की कतार

**लखनऊ/वाराणसी।** भगवान शिव का अतिप्रिय श्रावण मास सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। यह महादेव की आराधना का विशेष मास है। 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रावण मास में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। सावन में बाबा के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में दूर-दूर से कांवड़ लेकर श्रद्धालु आते हैं। योगी सरकार ने श्रावण में श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतज़ाम किया है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। सड़कों पर भीड़ कम करने के लिए धाम तक बैरिकेड्स और जिग-जैग लगाया गया है। भक्तों की सुरक्षा तथा सुविधा के लिए सीसीटवी से निगरानी की जाएगी। धूप और बारिश से बचाने के लिए भी इंतज़ाम किया गया है।। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त और बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक रहेगा।

बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए कांवड़ियों का काशी में आना प्रारंभ हो गया। देर रात से ही बाबा के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की कतार दिखने लगी। योगी सरकार ने महादेव के भक्तों के लिए सुरक्षा समेत सभी इंतज़ाम कर रखा है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को



गोदौलिया से मैदागिन नो व्हीकल ज़ोन रहेगा। मंदिर प्रशासन द्वारा गोदौलिया तथा मैदागिन दोनों ओर से गेट नंबर 4 तक धाम में दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी, वृद्ध, दिव्यांगजन, अशक्त दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ़ कार्ट का संचालन किया जाएगा। संपूर्ण धाम क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे से लैस करते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। श्रद्धालुओं समेत सभी व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। सड़क पर भीड़ को कम करते हुए धाम के अंदर बैरिकेड्स को जिग-जैग किया गया है। बारिश, धूप व गर्मी से बचाव के लिए अतिरिक्त शेड लगाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए पानी और ओआरएस की व्यवस्था भी की गई है। गर्भगृह के दर्शन पूजन का सजीव प्रसारण किया जायेगा। छह जगह पर एलईडी लगाई गई है। भक्तों की सुविधा के लिए धाम में खोया पाया केंद्र बनाया गया है। बहुभाषी कर्मी ड्यूटी देंगे। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए धाम में चिकित्सकीय कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को अत्यधिक भीड़ के कारण मंदिर परिसर में लॉकर की सुविधा नहीं मिलेगी। अपील की गई है कि दर्शन करने आएं तो बैग, मोबाइल, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्रतिबंधित चीजों को लेकर कतई न आएं।

# जिले भर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**संवाददाता।** फतेहपुर



**गुरु पूर्णिमा** का पावन पर्व रविवार को श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। गुरू आश्रमों में गुरूपूजन का सिलसिला भोर की बेला से लेकर देर शाम तक चलता रहा। कई मंदिरों व आश्रमों के अलावा अन्य स्थानों पर भी भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन शहर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही और संतों के जयघोष गुंजायमान रहे। गुरु पूर्णिमा पर हिन्दू घरों में हवन पूजन के साथ सत्यनारायण कथा व अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गंगा घाटों में स्नानार्थी पहुंचे और गंगा स्नान कर पूजा की। गुरु पूर्णिमा का पर्व भक्तों द्वारा अपने अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व है।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर शहर के जीटी रोड स्थित राधावाटिका पर सुबह से ही साधु-संत व भक्त पहुंचे। भक्तों ने सबसे पहले महान संत स्वामी मूलानंद जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता, पुत्र एवं अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता, गोपाल गुप्ता समेत अन्य लोगों ने कन्याभोज व संत महात्माओं को भोज कराकर भव्य भंडारा शुरू किया। तत्पश्चात संतों को अंग वस्त्र भी भेंट किए। इसी कड़ी में बहुआ ब्लाक के लक्ष्मणपुर में राम चरित मानस का पाठ शनिवार को सम्पन्न होने के बाद आज पूर्ण आहुति हवन पूजन के उपरान्त गुरु महिमा का गान और बखान तथा शाम 04 से 08 बजे तक आल्हा का मंचन हुआ। शिष्यों ने स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी जी महाराज (स्वामी महेशानंद) का आशीर्वाद लिया।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चुरियानी स्थित श्री रुरेश्वर महादेव मंदिर में स्वामी मुलानंद जी महाराज की मूर्ति पर कोटेश्वर शुक्ला व आशीष द्विवेदी द्वारा पूजा- अर्चना व आरती की गई। बाद में यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा0 उमाशंकर तिवारी, राजकुमार दुबे, अतुल परिहार, कमल तिवारी, पुजारी दुबे, अमरेश द्विवेदी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, कमल तिवारी, राजकुमार द्विवेदी, देवी दयाल द्विवेदी, मल्लू त्रिवेदी, अतुल परिहार, जमुना प्रसाद, मोनू अवस्थी, सुशील सिंह गौतम, राजू भुर्जी आदि मौजूद रहे।

इसी तरह द्वारिकापुरी हनुमान मंदिर पक्का तालाब गुरूजी श्री श्री 1008 श्री राम नारायण दास (त्यागी जी) महाराज के आश्रम में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी ने त्यागी जी का पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर नवीन उत्तराधिकारी मोहन दास पांडेय, पिंटू, अंकित सिंह चौहान, सीनू सिंह चौहान, धीरू यादव, अनुराग साहू, आचार्य शिवम त्रिपाठी, अमित सिंह चौहान, योगेश यादव, हेमंत दुबे, ऋषि गुप्ता, ऋषि बाजपेई, ज्ञानेंद्र प्रताप, अनाम पांडे अवधेश यादव भी मौजूद रहे। वहीं कलेक्ट्रेट स्थित बुद्धा पार्क में बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम मनाया गया। उपस्थित लोगो ने तथागत गौतम बुद्ध के विचारों और उनके संदेश को अपनाने व लोगों तक पहुंचाने का संदेश देकर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर रमेश बौद्ध, अतुल, शत्रुघन, बौद्ध प्रिय गौतम, उपेंद्र कुमार, विनोद गौतम, जगदीश सिंह, बाबूराम उपस्थित रहे।

श्री राम जानकी मंदिर बिंदकी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया: गुरु पूर्णिमा के मौके पर श्री राम जानकी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारा में लोगों ने प्रसाद पाया और धन्य हुए। मंदिर के महंत ने अपने हाथों से लोगों को प्रसाद बांटा। मंदिर के महंत श्री श्री 1008 स्वामी उदय दास ने भगवान श्री राम तथा जानकी की पूजा अर्चना किया तथा पहले देवताओं को प्रसाद चढ़ाया इसके बाद अपने हाथों से लोगों को प्रसाद बांटा।

बताया जाता है कि श्री राम जानकी मंदिर में जो भी पूजा अर्चना करता है, ईश्वर उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करता है जिसके चलते मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है। इस मौके पर कर्मेन्द्र सिंह, नीलम सिंह भदोरिया, गार्गी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आम रास्ते पर आवास निर्माण के विरुद्ध मैदान में उतरी भाकियू लोकशक्ति

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**क्षेत्र** के ग्राम जलालाबाद में ग्राम प्रधान के गुर्गों द्वारा आम रास्ते पर आवास बनाने के निर्माण कार्य करने की ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेकर भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रूकबाया। जबकि भाकियू द्वारा पूर्व में मामले की शिकायत डीएम से की गई थी। रविवार को क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में आम रास्ते पर ग्राम प्रधान के के ही कुछ चहेतों द्वारा अबैध निर्माण कर मार्ग को अवरूद्ध करनें की सूचना पर भाकियू लोकशक्ति प्रदेश सचिव कय्यूम खान नें पदाधिकारियों के साथ मौके पर पुहंचकर निर्माण कार्य रूकबाया गया। इसके बाद जन समस्याओं के लेकर आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान को बुलबाया गया लेकिन ग्राम प्रधान मौके पर नही आये। भाकियू पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेकर निस्तारण किये जाने की मांग की है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष हाशिम अली, महिला जिलाध्यक्ष पिंकी तिवारी, जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद, दीपू तिवारी, सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर हुए भंडारा कार्यक्रमों के आयोजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सनातन धर्म के पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर व क्षेत्र में भंडारा कार्यक्रमों के आयोजन हुए जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रविवार को नगर के चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में आयोजित अखंड पाठ के समापन दिवस पर पहुंचीं अतिरिक्त एसडीएम नवनीता राय ने विधि विधान से पूजा बंदना कर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महंत राकेश चन्द्र दुवे, अंशु पंडित, गौरव कष्यप, शिवांक दुवे, विजय गुप्ता, संजय पंडित मौजूद रहे। वही नगर के जीटी रोड पर श्रद्धालुओं सुनील गुप्ता, ऑचल गुप्ता, राजेश गुप्ता द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

# पिकअप पलटने से तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत, 25 घायल

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र में आज रविवार को गुरु पूर्णिमा पर गंगा में अस्थियां विसर्जित करके घर वापस लौटते समय एक पिकअप के अचानक पलटने से उसमें सवार 28गंगा श्रद्धालुओं में से तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई तथा 25 लोग घायल हो गए। यह जानकारी आज पुलिस सूत्रों ने देते हुए बताया कि इटावा जिले के सैफई भाला सैया निवासी विनोद उम्र करीब 55 वर्ष की मौत हो गई थी।

जिनकी अस्थियां गुरु पूर्णिमा पर गंगा में विसर्जित करके उनके पारिवारी जन फर्रुखाबाद जिले के गंगा पांचाल घाट से आज रविवार को अपने घर के लिए पिकअप से वापस लौट रहे थे।पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 गंगा श्रद्धालुओं से भरी यह तेज रफ्तार वाली पिकअप आज प्रात: करीब 6:30 बजे जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरिकपुर के समीप से किसी वाहन को बचाने के प्रयास में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क समीपवर्ती खड्डु में पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में पिकअप में सवार रामकली उम्र करीब 50 वर्ष को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पहुंचते ही सरकारी चिकित्सक ने मृत घोषित किया इसके बाद उपचार शुरू होने के दौरान रामादेवी उम्र करीब 70 वर्ष तथा सुशीला कुमारी 45 वर्ष की मौते हो गई।

इसके साथ ही इस सड़क दुर्घटना में इसी अस्पताल मे पहुंचे 25 घायलों का भी उपचार शुरू किया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही जिला अधिकारी डॉ बी के सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी आदि अधिकारी गण अस्पताल पहुंचे और उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# चेकडैमों के नाम पर किसानों के साथ हो रहा धोखा

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर



**घटिया** निर्माण सामग्री लगाकर लघु सिचाई विभाग किसानों के साथ कई सालों से धोखा कर रहा है। नमी संरक्षण होना तो दूर कुछ दिन बाद चेकडैम नष्ट हो जातेहै। करोड़ों रुपये के चेकडैम हर साल बनाये व रिपेयरिंग के जाते है मगर किसानों को उससे रत्ती भर लाभ नहीं मिल रहा है। बरसात में पानी भरना तो दूर नीचे एक बूद पानी नही रहता है।

जानकारी मुताबिक एक तरफ जहां प्रदेश सरकार का लघु सिंचाई विभाग भूजल सप्ताह का आयोजन करके जल संचयन पर करोड़ों खर्च करके जल संचयन और भूगर्भ जल स्तर बढ़ाने को प्रयासरत है वहीं क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों का बजट खर्च कर बनाए गए नए चौकडैम रिपेयरिंग कराये गयेहै मगर ज्यादातरचेकडैम समय से पहले ध्वस्त हो गये हैं।

ज़िले के किसानों को अतिरिक्त सिचाई व जल संरक्षण जल संचयन एवं जल संवर्धन को लेकर सरकार की मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजना के तहत जनपद मैं 6.44 क़रोड़ की लागत से 13 नये व 36 पुराने चेकडेमो का पुनुद्धार कराया गया है जिसका मुख्य उद्देश किसानों की खेती अतिरिक्त सिंचित हो सके वही विभाग का मानना है कि एक चेकडैम मैं एक किलोमीटर तक पानी का जल भराव और बीस हेक्टेयर ज़मीन सिंचित होगी।

इसमें बीस हज़ार घनमीटर के भंडारण की क्षमता होगी इस उद्देश्य के साथ विभाग ने चौकड़ैमो का निर्माण करवाया है लेकिन यहां चेकडेमो का ये हाल है कि ना ही पानी का जल भराव है ना ही जल संरक्षण हो रहा है।

केवल विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से पैसे का बंदरबांट कर सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा हैमानक के अनुरुप चेकडैम पानी रोकने की क्रस्टवाल कम से कम दो मीटर 70 सेंटीमीटर चौड़ी होनी चाहिये यह नही नीचे की रिंग वाल 1मीटर बीस सेंटीमीटर होना चाहिये।

वही नीचे से आकर दीवार मजबूत बनाये जाने का प्राविधान है मगर सभी चेकडैम मानक के अनुरुप तो दूर रिंग वाल केवल डेढ़ फुट की बनायी जा रही है जिससे सभी चेकडैम ध्वस्त हो रहे है यही नही एक चेकडैम की लाइफ कम सेकम अभिलेखो में पांच साल होना चाहिये इसके बाद उसकी रिपेयरिंग की जाती है मगर केवल शासन का करोडो़ रुपये ठिकाने लगाने का काम किया जाता है।

सरीला क्षेत्र में चंडौत,बरहरा बंधौली,मनकहरी में विभाग द्वारा बनाए गए और पुनरुद्धार किए गए चेकडैमो में अधिकतर लीकेज हो चुके हैं जिससे जल संचयन नहीं हो पा रहा है। वहीं कई चेकडैमो की वाल जर्जर होकर टूटने की अवस्था में है चंडौत निवासी मूलचंद निषाद ने बताया कि सरकार ने लाखों रुपए खर्च किया परंतु एक वर्ष पूर्ण होने से पहले ही चेकडैम में कई लीकेज हैं दरारें आ गई हैं जिससे न तो जल का भंडारण हो पता है यहां के किसानों को इन चेकडैम से कोई लाभ नहीं मिल पाता।

सिल्ट सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की गयी है और करोडों रुपये ठिकाने लगा दिये गये हैं।

## क्विक न्यूज

### राजेश्वर सिंह ने जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल, बांटे लंच पैकेट



**निघासन खीरी।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बाढ़ पीड़ितों से मिलने एवं उन्हें राहत पहुंचाने के क्रम में लोकसभा निघासन के तारानगर, शंकरीगौड़ी, जसनगर, खेरटिया आदि गांवों में भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर एसडीएम सहित अन्य सक्षम अधिकारियों से दूरभाष वार्ता कर आ रही समस्याओं जैसे नाव की व्यवस्था, संचारी रोगों से निपटने के लिए दवा का इंतजाम आदि समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण कराने हेतु वार्ता की। जिसपर अधिकारियों ने सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिलाया इस दौरान खुशीराम राजपूत रफत हुसैन सुरेश राजपूत मंडल उपाध्यक्ष सौरभ शुक्ला, मंडल महामंत्री चंद्रशेखर,बूथ अध्यक्ष संजय निषाद बूथ अध्यक्ष नंद लाल निषाद सेक्टर संयोजक घनश्याम निगम मंडल उपाध्यक्ष रमेश मार्य सेक्टर संयोजक राहुल गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी को ब्लेकमेल कर किया दुष्कर्म, हुई गर्भवती

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीडित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि उसकी पन्द्रह वर्षीय किशोरी को ग्राम प्रतापपुर निवासी छोटा उर्फसूरज पुत्र फूल सिंह नें अपने प्रेमजाल में फसानें के बाद उसका वीडियो बनाकर वायरल करनें की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया गया जिससे वह गर्भवती हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेजा गया।

### सहायक निदेशक सूचना ने आलमचंदपुर में किया पौधरोपण

**कानपुर देहात।** वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह द्वारा आलमचंदपुर में पौधरोपण कर जनपद वासियों से वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई। सहायक निदेशक सूचना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए।उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान व अन्य जलवायु परिवर्तन संबंधी घटनाओं के दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण/ वृक्षारोपण पर विशेष बल देने की जरूरत है साथ ही साथ जो पौधे लगाए जाय,उनका संरक्षण भी किया जाय, जिससे हम सब हमारी आने वाली पीढियो को अच्छा /हरित पर्यावरण दे सकें। इस मौके पर उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से निकली सांई पालकी यात्रा

**फतेहपुर।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्री सांई सेवा समिति ने श्री सांई राम के वेदयंत्रों व सांई यंत्रों के बीच हवन पूजन के साथ भक्तों ने महाआरती कर बाबा का भोग लगाया। जिसके बाद भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा का सांई भक्तों ने जगह-जगह स्वागत किया। श्री सांई सेवा समिति के आयोजित कार्यक्रमों में श्री सांई राम के वेदयंत्रों व सांई य़ंत्रों के बीच हवन पूजन के बाद भक्तों ने सांई नाथ की महाआरती कर बाबा का भोग लगाया। इसके बाद दोपहर श्री सांईनाथ की पालकी यात्रा निकाली। सांई भक्तों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। यात्रा पुनः सांई मंदिर वापस आ गई। पालकी यात्रा की अगुवई नपाप के पूर्व चेयरमैन अजय अवस्थी ने की। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, जयनेंद्र सिंह, अतुल अवस्थी, शोभा दुबे, अमर मिश्रा, पंकज मिश्रा, सुगंध शुक्ला सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मस्जिद प्रकरण पर डीएम से मिले अल्पसंख्यक कांग्रेसी

**फतेहपुर।** मलवां स्थित मस्जिद प्रकरण को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया, जिस पर डीएम का कहना रहा कि जिले के सौहार्द को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन इस प्रकरण पर नजर रखे हुए है। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम के निर्देश पर सौंरा में स्थापित मस्जिद प्रकरण पर असामाजिक तत्वों द्वारा मीडिया में खबर का संज्ञान लेते हुए धार्मिक पूजा स्थल मस्जिद को ध्वस्तीकरण की चेतावनी को गंभीर और संवेदनशील मानते हुए एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी सी. इंदुमती से मिला। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजीव लोचन निषाद, प्रदेश सचिव मो. आलम, जिला उपाध्यक्ष अजीज, जिला कोषाध्यक्ष लियाकत शमीम, शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शकील अहमद ने ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### बिजली समस्या को लेकर किसान यूनियन ने किया रोड जाम

**खखरेरू, फतेहपुर।** अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफकिसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम कर दिया। अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफकिसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तीन दिनों से लगातार पॉवर हाउस खखरेरू कनपुरवा में रात दिन धरना दे रहे थे, जिससे प्रभावित होकर धरना स्थल पर विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिनसे किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा घंटों वार्तालाप की गई लेकिन कोई भी निष्कर्ष नही निकल पाया। किसान यूनियन ने अगले दिन चक्का जाम करने की चेतावनी दिया था जिसका भी प्रभाव विद्युत अधिकारियों पर नही पड़ा, जिस कारण 21 जुलाई को किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने रक्षपालपुर तिराहा के पास ट्रैक्टर खड़ा करके जमीन में बैठकर धरना देने लगे जिससे लगभग दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा जिससे प्रभावित होकर जगदीश सिंह तहसीलदार खागा मौके पर पहुंच कर किसानों की समस्यायो के संबंध में ज्ञापन लेकर संबंधित विभाग को भेजकर निराकरण का वादा किया।

### मस्जिद के विरोध में बजरंग दल ने की हिंदू महापंचायत

**फतेहपुर।** मलवां में तालाबी नंबर पर बन रही मस्जिद को अवैध बताते हुए रविवार को बजरंगदल ने हिन्दू महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में उमड़ी हजारों हिन्दुओ की भीड़ ने प्रशासन से अवैध मस्जिद को गिराने की मांग की। पंचायत को विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राजू पोरवाल, प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, प्रांत संयोजक आचार्य अजित राज ने संबोधित किया। उन्होंने प्रशासन को एक माह का अल्टीमेटम दिया कि अगर सरकारी बंजर तालाबी नंबर से मस्जिद न हटी तो उसके बाद बजरंगी खुद हटाने का काम करेंगे। उधर प्रशासन और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ के बीच नोक झोक भी हो गई। काफी देर हो-हल्ला होता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी के जवान, पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### सपा नेता राजू लोधी ने फिर थामा कांग्रेस का दामन

**फतेहपुर।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष जिले के कद्दावर सपा नेता राजेंद्र सिंह उर्फराजू लोधी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें पार्टी के सिद्धांतो एवं रीतियों पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने श्री लोधी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि राजू लोधी के आने से निश्चित ही कांग्रेस को जिले में मजबूती मिलेगी एवं कांग्रेस हर उस व्यक्ति का स्वागत करती है जो कांग्रेस के निष्पक्ष सिद्धांतो पर अनुशासित ढंग से चलने को तैयार हो उन्होने आगे कहा कि झूठ और फरेब के जाल से निकल कर जनता अब कांग्रेस का रूख कर चुकी है। आने वाला समय पुनः सुखद होगा।

# सीएम की अपील पर बाढ़ प्रभावितों की मदद को आगे आए व्यापारी और सामाजिक संगठन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आपदा** के वक्त सीएम योगी हमेशा सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से आगे आकर सहयोग की अपील करते हैं। उनकी इस अपील का असर भी होता है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी में देखने को मिल रहा है। यहां सीएम योगी की मंशा के अनुरूप डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को मदद पहुंचाने के लिए अभिनव पहल की। उन्होंने कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 10 हजार स्पेशल राहत किट तैयार की जा रही है,जिसकी कीमत करीब 45 लाख रुपए है।

इसका वितरण बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच किया जाएगा। मालूम हो कि मुश्किल समय में सरकारी एजेंसियां अपने दायित्वों के निर्वहन का हर संभव प्रयास करती हैं, बावजूद इसके कभी कभी कुछ कमियां रह जाती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े प्रयासों में जनसहभागिता को बढ़ाने पर हमेशा बल दिया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बाढ़ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए सभी सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से अपील की। सभी संगठनों ने इसमें बढ़-चढ़कर योगदान दिया। इनसे प्राप्त होने वाली स्पेशल राहत किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च, सेनेटरी पैड (2 पैकेट) और गर्म पानी रखने के लिए 2 लीटर की थर्मस शामिल है।

इसमें गणेश प्लाइवुड ने 300 किट, राइस मिलर्स एसोसिएशन लखीमपुर ने 125, राइस मिलर्स एसोसिएशन गोला ने 125, प्लाईवुड संगठन लखीमपुर ने 250, एनसीसी लिमिटेड हैदराबाद ने 1000, विभिन्न शुगर मिलों ने 1500, मैसर्स बृजमोहन कांट्रेक्टर अलीगढ, मैसर्स वैष्णो कंस्ट्रक्शन - आगरा, मेसर्स विंध्यवासिनी ट्रेडर्स-गोरखपुर ने 500 किट, जिले की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 6200 किट उपलब्ध कराई गई है। प्रत्येक स्पेशल राहत किट का मूल्य करीब 450 रुपए है।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के अनुसार इन 10 हजार स्पेशल राहत किट के जरिए कॉरपोरेट सेक्टर, स्वयंसेवी संस्थाओं और उद्यमियों ने बाढ़ प्रभावितों को 45 लाख की मदद की है। इसके अलावा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखीमपुर इकाई द्वारा करीब एक हजार तिरपाल भी बाढ़ पीड़ितों को वितरण के लिए उपलब्ध कराए हैं।

# तीन अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई फ़ायरिंग में एक की हालत गंभीर



**संडीला, हरदोई।** थाना बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम जमुनिया के जंगल के पास बाइक पर सवार होकर जा रहे दो लोगों पर तीन अज्ञात हमलावरों पर ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दी जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करीमनगर थाना बेनीगंज निवासी गुरजीत सिंह अपने भांजे 30 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र अनूप सिंह के साथ बाइक से प्रतापनगर की ओर जा रहे थे। जब वे ग्राम जमुनिया के जंगल के पास पहुंचे तो 3 अज्ञात हमलावरों ने दोनों पर ताबड़ तोड़ फ़ायरिंग कर दी। इस फ़ायरिंग से निर्मल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।


उनको तत्काल उनके परिजन लखनऊ ले गए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह जादौन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंनें घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और इस घटना का तत्काल अनावरण करने के बेनीगंज पुलिस को निदेश दिए।

# गुरु पूर्णिमा में शिष्यों ने गुरुजी से दीक्षा लेकर उनका पूजन किया

**फर्रुखाबाद।** महाकाल मन्दिर में महर्षि वेदव्यास के जन्म दिन पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महन्त सुश्री अर्चना दीक्षित ने मन्दिर में 108 विग्रह मूर्तियों का बारी बारी से मंतोचार से विधिवत पूजन किया। भंडारे में पहले कन्याओं,संतो को भोजन कराया गया। बाद में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तो में आलोक दीक्षित, अजय कटियार, राजू कटियार, मीना अमन, हरिओम म. प्र., पटना, कानपुर, गुड़गांवा, मैनपुरी, आगरा आदि कई स्थानों से भक्तगण इस मौके पर आए। संत श्री आशाराम बापू। आश्रम पांचाल घाट में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। सुबह गुरुजी का पादुका पूजन हुआ। मानस पूजन करके जाप किया गया। भक्तों ने बापूजी के उत्तम स्वास्थ्य एवम् कारागार से मुक्ति हेतु हवन यज्ञ किया,आचार्य निर्दोष अघिनोत्री ने विधिवत हवन यज्ञ कराया।भक्तो को हवन का प्रसाद पंडितजी ने वितरित किया। सत्संग के बाद भक्तों ने भजन कीर्तन किया जो काफी देर तक चलता रहा। अन्त में आरती के साथ गुरु पूजन संपन्न हुआ। भक्तो ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

मौनी बाबा एवं ईश्वर दासजी महाराज के समक्ष भक्तो ने पहुंचकर दीक्षा ली और गुरुजी का पूजन किया। सैकड़ो भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दोनो गुरुओं का आशीर्वाद लिया।इसके अलावा जगतगुरु शंकर भगवान,पार्वती,गणेश व नंदी का पूजन एवम् लंबे महाराज व त्यागीजी महाराज की प्रतिमाओं का भी विधिवत पूजन किया गया।इसके अलावा पहले हवन पूजन हुआ,आरती प्रसाद के साथ विशाल भंडारा हुआ। पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। पूरे दिन भक्तो का ताता लगा रहा। सबसे पहले दुर्वाशा ऋषि का पूजन किया गया। जो पूरे दिन भक्त पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते रहे।

# जिला पुरुष चिकित्सालय में हुआ पौधरोपण 80 से अधिक लगाए गए पौधे



**लखीमपुर खीरी।** जिला पुरुष चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में वन महोत्सव माह के अंतर्गत पौध रोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें सीएमएस डॉ आरके कोली और वरिष्ठ चिकित्सक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा द्वारा परिसर में पौधा रोपण किया गया। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि वन महोत्सव माह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मोतीपुर एमसीएच विंग परिसर में इस माह के अंतर्गत 80 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है और लगातार उनकी देखरेख भी की जा रही है। शुक्रवार को भी बीस से अधिक पौधों का रोपण अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया गया। परिसर को हरा भरा बनाने के साथ ही पर्यावरण में भी यह पौधे बहुत ही अहम भूमिका निभाते हैं इसे लेकर आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग इस कार्यक्रम को वृहद स्तर पर मना रहा है। जिससे न सिर्फ अपनी धरती को सुंदर बनाए रखा जाए बल्कि जीवन के लिए जरूरी इन पेड़ों के महत्व को भी समझाया जा सके। इस दौरान देवनंदन श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, नीलेश गुप्ता, मनोज मौर्य, पंकज शुक्ला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी पौधा रोपण किया गया।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की काव्य गोष्ठी में बही रसधार

**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के0 पी0 सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा-वंदन माता शारदे, अर्पित चंदन-फूल। विमल कीजिए बुद्धि-मन, रहो सदा अनुकूल।।

कार्यक्रम को गति देते हुए कविता पढ़ी-है गुरु की महिमा अमित, कहते सारे ग्रंथ। वे भव-बंधन काटते, दिखलाते सद्पंथ।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किया-सद्गुरु अनंत, महिमा अनंत। फैला उनका यश दिग-दिगंत।। ज्यों धवल चंद्रमा का सुहास। अंतर्मन अंतरमन मे करते विलास।। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया-गोत्र वशिष्ठ, विश्व उपकारी। गिरधर मिश्र धर्म-ध्वज - धारी।। जय - जय तुलसी - पीठाधीश्वर। जगद्गुरू महिमा अविनश्वर।। शिव सागर साहू ने काव्य पाठ किया- गुरु- पद -रज की वंदना, करें दोऊ कर जोरि। भव -सागर से पार हों,माया-बंधन तोरि।। सुन्दरम सोनी ने काव्य पाठ किया- जीवन उत्तम चाहिए, तो लें गुरु से ज्ञान। नमन करें गुरुदेव को, दें उनको सम्मान।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये -गुरु गुण - ज्ञान- प्रवीण हैं, गुरु से बढ़कर कौन। गुरु की वाणी ब्रह्म की, गुरु समक्ष सब मौन।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- व्यास देव को है नमन, दिया अपरिमित ज्ञान। वेद, महाभारत दिये, अट्ठारहों पुराण।। इस अवसर पर दिनेश श्रीवास्तव की काव्य कृति वीर जटायु चरित्र का विमोचन भी हुआ।

# कांवड़ियों के लिए कड़ी सुरक्षा, सुगम दर्शन के लिए विशेष प्रबंध

भाषा। वाराणसी, मुजफ्फरनगर

उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को कहा कि उसने सोमवार से सावन के महीने की शुरुआत होने पर श्रद्धालुओं के लिए कड़ी सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। आगामी 22 जुलाई से 19 अगस्त तक महादेव की पूजा के इस विशेष श्रावण मास में पांच सोमवार शामिल होंगे। सावन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ लेकर विभिन्न स्थानों से यात्रा करते हैं। अधिकारियों ने वाराणसी में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सोमवार को वाराणसी में मैदागिन से गोदौलिया तक का इलाका वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र रहेगा। दोनों स्थानों से बुजुर्गों और दिव्यांगों को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से बचाने के लिए भी इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पहली बार सिल्को गेट से प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित की गई है। बयान में कहा गया है कि सोमवार को दैनिक पास रद्द कर दिए जाएंगे और बाबा विश्वनाथ के स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए काशी में कांवड़ियों का आना शुरू हो गया है। जलाभिषेक करने के लिए भगवान शिव के श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन के दौरान आगंतुकों की सुविधा और सुचारू दर्शन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## उप्र सरकार की व्यवस्था

मिश्रा ने बताया कि मंदिर प्रशासन सोमवार को गोदौलिया और मैदागिन से मंदिर के गेट नंबर 4 तक वीआईपी, बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था करेगा। पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है और श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। सड़कों पर भीड़ कम करने के लिए मंदिर परिसर में अवरोधक भी लगाए गए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं को बारिश, धूप और गर्मी से बचाने के लिए अतिरिक्त शेड भी लगाए गए हैं। मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पानी और ओआरएस की भी व्यवस्था की गई है। विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह के दर्शन और पूजा का सीधा प्रसारण किया जाएगा। मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर छह एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र बनाया गया है, जहां बहुभाषी कर्मचारी तैनात रहेंगे। मिश्रा ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्साकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को भारी भीड़ रहने के कारण मंदिर परिसर में लॉकर की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे दर्शन के लिए आते समय बैग, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रतिबंधित वस्तुएं लाने से बचें।

इस बीच, मुजफ्फरनगर जिले की पुलिस ने कहा कि इस साल की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रयास जारी हैं। मुजफ्फरनगर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सत्यनारायण प्रजापत ने संवाददाताओं से कहा कि इस साल की कांवड़ यात्रा में जिला पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, हमारी तैयारियां पूरी हैं। हमने पहले ही विभिन्न विभागों के साथ बैठकें की हैं। अंतर-राज्यीय और अंतर-जिला बैठकें भी हो चुकी हैं। उत्तराखंड के साथ हमारा समन्वय भी जारी है। प्रजापत ने कहा, मुजफ्फरनगर में 260 किलोमीटर लंबे कांवड़ यात्रा मार्ग को 5 सुपर-सुपर जोन, 16 सुपर जोन और 80 सेक्टरों में बांटा गया है। पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से लेकर कांस्टेबल तक के पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए पीएसी की छह कंपनियां और आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की एक कंपनी तैनात की जाएगी। उन्होंने कहा कि गोताखोर और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक भी तैनात किए जाएंगे। करीब 1,800 सीसीटीवी लगाए गए हैं। यात्रा की निगरानी ड्रोन से भी की जाएगी। मुजफ्फरनगर पुलिस ने पिछले सप्ताह कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों को अपने मालिकों के नाम, पता और मोबाइल नंबर के साथ साइनबोर्ड लगाने के आदेश जारी किए थे।

# अग्निवीरों को सरकारी विभागों में आरक्षण देने पर विचार कर रही उत्तराखंड सरकार

भाषा। देहरादून



उत्तराखंड सरकार सेना में चार साल का कार्यकाल पूरा कर लौटने वाले अग्निवीरों को पुलिस तथा अन्य सरकारी विभागों में समायोजित करने के लिए आरक्षण देने पर विचार कर रही है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस संबंध में एक ठोस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसमें पुलिस व अन्य सरकारी विभागों में अग्निवीरों को आरक्षण देने का प्रस्ताव शामिल है।

इसके अलावा, देश सेवा कर लौटने वाले अग्निवीरों के सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें कई क्षेत्रों में रोजगार संबंधित प्रशिक्षण देने के वास्ते कौशल विकास योजना भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ऐसा प्रदेश है जहां के युवा बड़े पैमाने पर भारतीय सेना में भर्ती होते हैं, लिहाजा, सेना में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद अग्निवीरों को नियोजित करने में राज्य सरकार अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार चाहती है कि सेना में चार साल पूरे होने के बाद भी अग्निवीरों को राज्य में नौकरी व रोजगार के भरपूर अवसर मिलें। सेवानिवृत्त अग्निवीरों का राज्य की सेवा में भरपूर उपयोग किया जाएगा ताकि वे भी राज्य के विकास में सहभागी बन सकें। इससे पहले, दिन में एक कार्यक्रम के दौरान धामी ने कहा कि देश सेवा कर लौटने वाले प्रदेश के अग्निवीरों को राज्य के विभिन्न विभागों में समायोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना लाए, जाने के बाद उन्होंने सेना के अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों, जवानों तथा अन्य लोगों के साथ बैठक की थी और 15 जून 2022 को सोशल मीडिया मंच एक्स पर घोषणा की थी कि उनकी सरकार पुलिस समेत राज्य के अन्य विभागों में देश सेवा करके आने वाले अग्निवीरों को समायोजित करेगी और उन्हें प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के लिए आरक्षण का भी प्रावधान किया जाएगा। धामी ने कहा कि इसके लिए अगर कोई अधिनियम बनाना जरूरी होगा तो उसका एक प्रस्ताव मंत्रिमंडल में लाकर उसे विधानसभा में भी रखा जाएगा।

# बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर है बीएसएफ

**अगरतला ( भाषा )।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पड़ोसी देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिसके कारण सरकार को अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए कर्फ्यू लगाना पड़ा है। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हम स्थिति से पूरी तरह अवगत हैं और हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है। दास ने कहा कि वर्तमान में प्रमुख चिंताओं में से एक बांग्लादेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में भारतीय छात्रों की संख्या करीब 8,000 है और उनमें से अधिकतर मेडिकल कॉलेजों में नामांकित हैं। अधिकतर छात्र कोमिला, ब्राह्मणबारिया और ढाका के मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे हैं तथा अनेक छात्रों ने त्रिपुरा के रास्ते भारत में प्रवेश करने का विकल्प चुना है। बांग्लादेश में अध्ययनरत 66 नेपाली छात्रों सहित कुल 314 छात्र रविवार को पूर्वोत्तर राज्य की सीमा के माध्यम से भारत आए, जबकि 19 और 20 जुलाई को 379 छात्र पड़ोसी देश से भारत आए थे। हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से अब तक कुल 693 छात्रों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। महानिरीक्षक ने छात्रों को निकालने में सहयोग देने के लिए बीजीबी (बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश) को भी धन्यवाद दिया।

# खाद्य प्रतिष्ठानों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश से छोटे कामगारों का रोजगार प्रभावित

**मुजफ्फरनगर ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिला पुलिस द्वारा हाल ही में कांवड़ यात्रा मार्ग पर खाने-पीने की सभी दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किए जाने के बाद इन स्थानों पर नौकरी करने वाले छोटे कामगारों का रोजगार प्रभावित हो गया है और उन्हें अस्थाई रूप से निकाल दिया गया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के स्वामित्व वाले कई भोजनालयों में, अतिरिक्त कर्मचारियों को अस्थाई रूप से निकाल दिया गया है, जबकि हिंदू भोजनालय के मालिकों ने भी कम से कम कांवड़ यात्रा की अवधि तक के लिए मुस्लिम कर्मचारियों को अस्थाई रूप से हटा दिया है।

दिहाड़ी मजदूरी करने वाले बृजेश पाल पिछले सात वर्षों से सावन माह से कुछ हफ्ते पहले मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में सड़क किनारे भोजनालय (ढाबा) में हेल्पर के रूप में काम करते थे। उसके ढाबे का मुस्लिम मालिक कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए पाल को करीब दो माह की अवधि के लिए अपने यहां नौकरी पर रखता था। पाल रेस्तरां में अतिरिक्त ग्राहकों का प्रबंधन करने में मदद करता और बदले में उसे प्रतिदिन 400-600 रुपए और कम से कम दो वक्त का भोजन मिलता था।

पाल ने अपनी परेशानियों के बारे में पीटीआई-भाषा को बताया, यह आय का एक अच्छा स्रोत था क्योंकि इस मौसम में अन्य काम मिलना बहुत मुश्किल है। चूंकि मानसून के समय में निर्माण और कृषि कार्य ज्यादा नहीं होते, इसलिए ढाबे के अलावा अन्य काम मिलना मुश्किल है। बृजेश पाल ने बताया, मैंने एक सप्ताह पहले ढाबे पर नौकरी के लिए गया था, लेकिन अब मालिक ने मुझे किसी अन्य स्थान पर काम की तलाश करने के लिए कहा है। दूसरी ओर, पाल के नियोक्ता मोहम्मद अर्सलान ने हाल ही में पुलिस के उस आदेश के बारे में शिकायत की, जिसमें कांवड़ मार्ग पर भोजनालयों और ठेलों के मालिकों से अपने आउटलेट के बाहर नाम लिखने के लिए कहा गया है।

अर्सलान ने बताया, मेरे ढाबे का नाम इस मार्ग पर हर तीसरे ढाबे की तरह बाबा का ढाबा है, मेरे आधे से ज्यादा कर्मचारी हिंदू हैं। हम यहां सिर्फ़ शाकाहारी खाना परोसते हैं और श्रावण में लहसुन और प्याज तक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा, फिर भी, मुझे मालिक के तौर पर अपना नाम बताना पड़ा और ढाबे का नाम भी बदलने का फ़ैसला किया। मुझे डर है कि मुस्लिम नाम देखकर कांवड़िए मेरे यहां आकर खाना नहीं खाएंगे। इतने सीमित कारोबार में मैं इस साल अतिरिक्त कर्मचारी नहीं रख सकता। इस आदेश से न सिर्फ़ मुस्लिम ढाबे के मालिकों और उनके कर्मचारियों की आय में बाधा आई है, बल्कि हिंदू मालिकों के स्वामित्व वाले ढाबों में काम करने वाले मुस्लिम कर्मचारियों पर भी बुरा असर पड़ा है। खतौली के मुख्य बाजार के बाहर सड़क किनारे ढाबे के मालिक अनिमेष त्यागी ने कहा, मेरे रेस्त्रां में एक मुस्लिम व्यक्ति तंदूर पर काम करता था। लेकिन नाम के इस मुद्दे के कारण मैंने उसे जाने के लिए कहा। क्योंकि लोग इस पर विवाद कर सकते हैं। हम यहां ऐसी परेशानी नहीं चाहते। त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपने समुदाय के एक अन्य व्यक्ति को तंदूर पर काम करने के लिए बुलाया है। कुछ अन्य ढाबा मालिकों ने भी हाल के आदेश के बारे में विस्तृत जानकारी न होने की शिकायत की। जिले में कांवड़ मार्ग पर चाय की दुकान चलाने वाले दीपक पंडित ने कहा, "प्रशासन ने आदेश तो जारी कर दिया है, लेकिन कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। मालिक का नाम किस आकार और फ़ॉन्ट में लिखा जाना है, इस बारे में कोई दिशा-निर्देश नहीं हैं।

# हम बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने दरवाजे खुले रखेंगे : ममता बनर्जी

**कोलकाता( भाषा )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दी जाएगी। बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा, मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। बनर्जी ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संकल्प है। उन्होंने बंगाल के उन निवासियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया जिनके रिश्तेदार अंतरराष्ट्रीय सीमा से पूर्व की ओर हो रही हिंसा के कारण फंस गए हैं। उन्होंने उन बांग्लादेशियों को भी सहायता प्रदान करने की बात कही जो बंगाल आए थे, लेकिन घर लौटने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के लोगों से बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति से संबंधित मामलों पर उकसावे में न आने की भी अपील की। उन्होंने कहा, हमें संयम बरतना चाहिए और इस मुद्दे पर किसी भी उकसावे में नहीं आना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने पड़ोसी देश में जारी हिंसा प्रभावित लोगों के साथ अपनी एकजुटता भी व्यक्त की।

# बांग्लादेश के लोगों को शरण देने की पेशकश पर भाजपा ने ममता पर साधा निशाना

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से आने वाले किसी भी व्यक्ति को शरण देने की पेशकश करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रविवार को आलोचना की और इसे चुनाव जीतने के लिए पड़ोसी देश से झारखंड में अवैध प्रवासियों को बसाने की इंडिया गठबंधन की नापाक योजना करार दिया। पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने दूसरे देश से आने वाले किसी भी व्यक्ति को आश्रय देने के बनर्जी के अधिकार पर सवाल उठाया और कहा कि आव्रजन और नागरिकता विशेष रूप से केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यों के पास ऐसे मामलों में कोई अधिकार नहीं है। बनर्जी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ममता बनर्जी को भारत में किसी का भी स्वागत करने का अधिकार किसने दिया? आव्रजन और नागरिकता विशेष रूप से केंद्र के अधिकार क्षेत्र में हैं। राज्यों का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, यह बंगाल से झारखंड तक अवैध बांग्लादेशियों को बसाने के लिए इंडी गठबंधन की नापाक योजना का हिस्सा है, ताकि वे चुनाव जीत सकें। ममता पर निशाना साधते हुए मालवीय ने कहा कि कभी वह कहती हैं कि वह उन हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने और उनके वैध अधिकार प्राप्त करने की अनुमति नहीं देंगी, जो धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए भारत आए थे।उन्होंने आरोप लगाया, अगर वे जोर देंगे तो वह तृणमूल कांग्रेस को वोट देने वाले अवैध रोहिंग्याओं से ट्रेनें जलाने, सड़कें जाम करने और लोगों की हत्या करने को कहेंगी। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने की पेशकश के कुछ ही घंटे बाद केंद्र सरकार के सूत्रों ने कहा कि राज्य प्रशासन को इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि ये मामले केंद्र सरकार द्वारा देखे जाते हैं और टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं। केंद्र सरकार के एक सूत्र ने कहा, "ए ऐसे मामले हैं जिन्हें केंद्र सरकार देखती है। सूत्र ने कहा, इस मुद्दे पर राज्य सरकार का कोई अधिकार नहीं है और इसलिए उनकी टिप्पणियां पूरी तरह से गलत हैं।

# बरेली में मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के आरोप में तीन हुए गिरफ्तार

**बरेली ( भाषा )।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में गोपेश्वर नाथ मंदिर में घुसने, वहां हंगामा करने और मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) राहुल भाटी ने बताया कि आरोपियों की पहचान शाहरुख, अरशद और अकरम के तौर पर हुई है। भाटी ने बताया कि घटना सुबह की है जब तीनों वहां पहुंचे और हंगामा करने लगे तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने लगे। उन्होंने बताया कि बाद में दो लोग मौके से भागने में सफल रहे जबकि अकरम को लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। भाटी ने बताया कि कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फरार अन्य दोनों को भी पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि अकरम को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाटी के मुताबिक, मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को विश्व की भलाई और दिलों को जोड़ने के लिए विरासत की क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है। यहां भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के उद्घाटन समारोह में मोदी ने अपने संबोधन में विरासत की सार्वभौमिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि जब भी कोई ऐतिहासिक स्थलों को देखता है, तो हमारा मन वर्तमान भू-राजनीतिक कारकों से ऊपर उठ जाता है। भारत पहली बार 21 जुलाई से 31 जुलाई तक यूनेस्को के प्रमुख कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।

मोदी के साथ मंच पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले, विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य लोग मौजूद थे। उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में एक प्रदर्शनी का दौरा किया जिसमें देश में वापस लाई गईं कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां देश में वापस लाई जा चुकी हैं। प्रदर्शनी देखने के दौरान मोदी के साथ यूनेस्को की महानिदेशक भी मौजूद थीं जिन्होंने साड़ी पहन रखी थी। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में प्रदर्शनी के बारे में बात की और कहा कि प्राचीन कलाकृतियों की वापसी वैश्विक उदारवाद एवं इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 46वां डब्ल्यूएचसी सत्र विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक में हो रहा है। मोदी ने उन अभियांत्रिकी उपलब्धियों की भी सराहना की जो प्राचीन विरासत स्थलों में दिखाई देती हैं। उन्होंने उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर और तमिलनाडु में चोल शासकों द्वारा निर्मित बृहदीश्वर मंदिर का हवाला दिया।

# 2050 तक दोगुनी होगी भारत में बुजुर्ग आबादी!

भाषा। नई दिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र** जनसंख्या कोष की भारत इकाई यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी हो जाने की संभावना है और देश में खासकर उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है, जिनके अकेले रह जाने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।

यूएनएफपीए-इंडिया की रेजिडेंट प्रतिनिधि वोजनार ने विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के कुछ दिनों बाद पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में जनसंख्या के उन प्रमुख रुझानों को रेखांकित किया, जिन्हें भारत सतत विकास में तेजी लाने के लिए प्राथमिकता दे रहा है। इनमें युवा आबादी, वृद्ध जनसंख्या, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु के अनुसार बदलाव करना शामिल हैं। ए कारक सभी देश के लिए अनूठी चुनौतियां और अवसर पेश करते हैं।वोजनार ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, ...खासकर वृद्ध महिलाओं के लिए ऐसा करना आवश्यक है, जिनके अकेले रहने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।

यूएनएफपीए-इंडिया प्रमुख ने कहा कि भारत में युवा आबादी काफी है और 10 से 19 वर्ष की आयु के 25 करोड़ 20 लाख लोग हैं। उन्होंने जिक्र किया कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी के लिए प्रशिक्षण और रोजगार सृजन में निवेश करने से इस जनसांख्यिकीय क्षमता को भुनाया जा सकता है और देश को सतत प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। वोजनार ने कहा, भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है, इसलिए झुग्गी बस्तियों की वृद्धि, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके। वोजनार ने यह भी कहा कि आंतरिक और बाहरी प्रवासन को प्रबंधित करने के लिए अच्छे से सोच-विचार कर योजना बनाने, कौशल विकास करने और आर्थिक अवसर वितरण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

# पेज 1 का शेष

## हंगामेदार...

कांग्रेस, डीएमके और आप समेत कई विपक्षी दलों के रुख से यह लगभग तय हो गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश से पैदा हुई राजनीतिक गर्मी संसद तक पहुंचेगी, जिसमें कांवड़ियों के मार्ग पर खाने-पीने की चीजें बेचने वाले ठेलों और दुकानों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। यह आदेश सोमवार से शुरू हो रहे संसद सत्र में लागू होगा। समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव ने आरोप लगाया कि यह कदम स्पष्ट रूप से मुसलमानों को निशाना बनाकर उठाया गया है और राज्य की भाजपा सरकार पर सांप्रदायिक रूप बंटवारा करने की राजनीति का आरोप लगाया। सरकार ने अपनी ओर से विपक्षी दलों से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित नहीं करने को कहा और संसद को सुचारू रूप से चलाने में उनका सहयोग मांगा। रिजिजू ने कहा कि राजनाथ सिंह ने पिछले सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में जवाब के दौरान विपक्ष के लगातार विरोध को याद दिलाया और कहा कि इस तरह के व्यवधान नहीं होने चाहिए। करीब चार घंटे तक चली बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस के जयराम रमेश, केंद्रीय मंत्री और लोजपा नेता चिराग पासवान समेत 55 नेता शामिल हुए। बैठक में टीएमसी का सांसाद नहीं नहीं थे क्योंकि पार्टी रविवार को कोलकाता में अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली में व्यस्त थी।

## मानसून सत्र...

को शामिल करना), सूत्रों ने कहा कि न्यायाधीशों और पूर्व चुनाव आयुक्तों जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वाले लोगों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकने की मांग करता है। यह विधेयक हाल के विवादों की पृष्ठभूमि में आया है, जैसे कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा एक विवाद, जिन्होंने 5 मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया और दो दिनों के भीतर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। जुलाई में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करने पर और दूसरा डीपफेक के अपराधीकरण की मांग करता है। डीपफेक में किसी के चेहरे या शरीर की अन्य विशेषताओं को डिजिटल रूप से बदल कर उसे किसी और जैसा दिखाना शामिल है, आमतौर पर दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जाता है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के दौरान, गलत सूचना फैलाने के लिए डीपफेक वीडियो के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसके पीड़ितों में से एक थे, जबकि सीपीआई के पी संदोष कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। इनमें एक सार्वभौमिक बुनियादी आय की मांग और दूसरा वृद्धावस्था देखभाल के अधिकार का अधिनियम शामिल है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद मौसम बेनजीर नूर ने दो विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। इनमें एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और दूसरा डीपफेक के अपराधीकरण से संबंधित है।

## जयंत ....

सरकार के फैसले का विरोध करते हुए चौधरी ने कहा कि उप्र सरकार ने यह फैसला बहुत सोच समझकर नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को धर्म और जाति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राज्य सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा, सब अपनी दुकानों पर नाम लिख रहे हैं, मैकडॉनल्ड और बर्गर किंग क्या लिखेगा। उन्होंने कहा, कहां-कहां नाम लिखें, क्या अब कुर्ते पर भी नाम लिखना शुरू कर दें, ताकि देख कर ए तय किया जा सके कि हाथ मिलाना है या गले लगाना है। इससे पहले, जयंत चौधरी ने जिले के यूसुफपुर गांव में शहीद लोकेश सहरावत की प्रतिमा का अनावरण किया। मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहने के कुछ दिनों बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने गत शुक्रवार को पूरे राज्य में विवादास्पद आदेश लागू कर दिया। विपक्षी दलों और सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने इस आदेश की आलोचना की है, उनका कहना है कि यह मुस्लिम व्यापारियों को निशाना बनाता है।

## कभी भी...

भी हमला करने का मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहाकि, हमने तीन पार्टियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मैं इस राज्य के लोगों को सलाम करती हूं। हम जितना जीतेंगे, हमें उतना ही नरम होना होगा। टीएमसी की 'शहीद दिवस' रैली में अखिलेश यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। ममता ने कहा, केंद्र की यह सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी और जल्द ही गिर जाएगी।

## केरल में...

संक्रमण के संदिग्ध लोगों को अलग रखने की सलाह दी गई है। संपर्क में आए लोगों और संदिग्ध मामलों के नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे हैं।

## बढ़ती कीमतों...

फूलगोभी और पत्तागोभी जैसी सब्ज़ियाँ शामिल हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग की शुक्रवार को दैनिक खुदरा रिपोर्ट के अनुसार, आलू की कीमत करीब 40 रुपये प्रति किलोग्राम, प्याज अधिकतम 80 रुपये प्रति किलोग्राम और टमाटर अधिकतम 120 रुपये प्रति किलोग्राम और औसतन 73 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। महंगाई ने रेस्तरां और खानपान सेवाओं को भी प्रभावित किया है जो फिलहाल अपने उत्पादन लागत में मूल्य वृद्धि को समाहित करने की कोशिश कर रहे हैं। आईटीओ में उडुपी रेस्तरां के प्रबंधक हर्ष सिसोदिया ने बताया कि ये कीमतें उनके मुनाफे को कैसे प्रभावित करती हैं, जबकि वे हर साल जनवरी में केवल एक बार अपने व्यंजनों की कीमत बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, हम हर साल जनवरी में केवल एक बार अपनी कीमतें बढ़ाते हैं। हालांकि, ये मूल्य वृद्धि होती रहती है और विशेष रूप से इस बार यह काफी अधिक है। आप देखिए कि हम अपने भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं करते हैं, इसलिए कीमतें चाहे जो भी हों, हम व्यंजनों को वही रखते हैं। हमारे उत्तपम में प्याज और टमाटर सहित बहुत सारी सब्जियां होती हैं। उन्होंने दावा किया कि इन सब्जियों की कीमतों में दो गुना वृद्धि के बावजूद इसकी कीमत और गुणवत्ता वही है। उन्होंने कहा कि रेस्तरां के लिए सब्जियां खरीदने की साप्ताहिक लागत छह-सात हजार से बढ़कर 14,000-15,000 हो गई है। दादा के साथ मशहूर सरदारजी पराठे वाले के यहां काम करने वाले 26 वर्षीय हरदीप सिंह कहते हैं कि फूलगोभी जो 20 रुपए किलो थी, अब 110 रुपए किलो हो गई है, जबकि प्याज भी महंगा हो गया है। उन्होंने कहा, इससे हमारे रोजमर्रा के कारोबार पर असर पड़ रहा है। लेकिन हम क्या कर सकते हैं। हम इन सब्जियों की कम स्टफिंग वाले पराठे नहीं परोस सकते और गुणवत्ता से समझौता नहीं कर सकते। यही हमारी पहचान है, इसलिए हमें कम मुनाफे से संतुष्ट होना पड़ता है। इस बीच, महंगाई के दौरान घर के मालिक अपने खाने में इन मुख्य सब्जियों से परहेज कर रहे हैं। गृहिणी 48 वर्षीय मोनिका सिंघल ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे इन महंगी सब्जियों की बजाय दाल और अनाज खाना ज्यादा पसंद करेंगी। मैं हर हफ्ते शुक्रवार को सब्जी खरीदने जाती हूं। हालांकि, पिछले तीन हफ्तों से मैंने जरूरी सब्जियों के दामों में काफी बढ़ोतरी देखी है। हमें अपने बजट के हिसाब से काम करना पड़ता है। इसलिए मैं फिलहाल इन्हें खरीदने से बचती हूं और इसकी जगह दाल बनाकर खर्च पूरा करती हूं।

## इतनी खूबसूरत...

कि हम तब सामग्री तैयार करें जब हम वास्तव में तैयार हों और ऐसा करने के लिए सही मानसिक स्थिति में हों। यह सावधानी हमें उन उच्च मानकों को बनाए रखने में मदद करती है जिनकी हमारे दर्शक अपेक्षा करते हैं। रातों-रात मशहूर हो जाने का यह भ्रम उपयोगकर्ताओं को उनकी सुरक्षा और सेहत के लिए जोखिम को अनदेखा करते हुए, तेजी से खतरनाक सामग्री बनाने के लिए प्रेरित करता है। अपनी जान जोखिम में डालकर दुनिया के अछूते हिस्सों पर वीडियो बनाना, फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए अनसुनी और झूठी जानकारी देने की कोशिश करना पूरी तरह से एक अलग खेल बन गया है। यह जानकर दुख होता है कि यह सब कुछ बंद नहीं होने वाला है क्योंकि रील लाइफ़ आराम और बढ़ते प्रशंसकों की संख्या की जिंदगी की तरह दिखती है, जबकि वास्तविक जीवन इससे अलग है।

# शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख: शाह

भाषा। पुणे

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें देश में भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 2024 के लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। शाह ने कहा, महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। उन्होंने कहा, भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का कोई सबसे बड़ा सरगना है, तो शरद पवार हैं। मेरे दिमाग में इस बारे में कोई संशय नहीं है। मैं खुलकर कह रहा हूं कि पवार ने देश में भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। शाह ने पवार पर सत्ता में रहते हुए देश तथा महाराष्ट्र के कल्याण के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा जब महाराष्ट्र में सत्ता में थी, तो उसने मराठाओं को आरक्षण दिया, लेकिन जब शरद पवार की सरकार सत्ता में आई तो मराठा आरक्षण गायब हो गया। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण बना रहे, इसके लिए महायुति सरकार को सत्ता में आना चाहिए।

हाल में लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद यह शाह की पहली महाराष्ट्र यात्रा है। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 के चुनाव में घटकर नौ रह गई शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। उन्होंने कहा, औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26I11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव ठाकरे को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। शाह ने कांग्रेस को चुनौती दी कि अपने शासन वाले राज्यों में महिलाओं को 8500 रुपए महीने देने के अपने चुनावी वादे को पूरा करके दिखाए। उन्होंने कहा, मैं कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश की महिलाओं से कहना चाहता हूं कि इसकी मांग करना शुरू करें। उन्होंने महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा, मेरी बात लिखकर रख लीजिए, महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन बड़ी जीत हासिल करेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों से परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के अच्छे कामों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच ले जाकर राज्य विधानसभा चुनाव में नई ऊर्जा का संचरण हो सकता है। शाह ने कहा, महाराष्ट्र के हर भाजपा कार्यकर्ता ने पार्टी की जीत में अपना योगदान दिया है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2019 और 2014 से भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। हम और अधिक मेहनत करेंगे तथा अपने लिए नए लक्ष्य तय करेंगे। महाराष्ट्र में भगवा फिर से लहराना चाहिए। शाह ने लोकसभा चुनाव के परिणाम और नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का उल्लेख करते हुए कहा, यह छोटी जीत नहीं है। महाराष्ट्र में हम 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भाजपा की अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए शाह ने अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने, राम मंदिर निर्माण और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन का जिक्र किया। उन्होंने कहा, पूरा देश यूसीसी का इंतजार कर रहा है। शाह ने विपक्ष पर संविधान बदलने के संबंध में झूठा प्रचार करने का आरोप भी लगाया।



## सरकार की दूध पाउडर आयात करने की कोई योजना नहीं, झूठा दावा कर रहा है विपक्ष

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र की दूध पाउडर आयात करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने साथ ही महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने पुणे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महाराष्ट्र अधिवेशन में कहा कि एक पुरानी, बिना तारीख वाली अधिसूचना चर्चा में है और एमवीए ने इसका हवाला देते हुए दावा किया है कि सरकार दूध पाउडर आयात करने की योजना बना रही है। शाह के पास गृह और सहकारिता मंत्रालय का प्रभार भी है। उन्होंने कहा,"मैं भी भ्रमित हो गया और मैंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को फोन किया, जिन्होंने मुझे बताया कि यह हमारा नहीं बल्कि शरद पवार का फैसला था। भ्रमित मत होइए, यह परिपत्र उनके द्वारा ही जारी किया गया था" उन्होंने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा,"पिछले दस सालों में एक किलो दूध पाउडर भी आयात नहीं किया गया। अगले पांच सालों में एक ग्राम दूध पाउडर भी आयात नहीं किया जाएगा। ए लोग चुनाव जीतने के लिए फर्जी विमर्श गढ़ना चाहते हैं" शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें देश में "भ्रष्टाचार का सरगना" करार दिया।

# नीट-यूजी के ग्यारह हजार से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य, नकारात्मक अंक




**नई दिल्ली** (भाषा)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर माइनस 180 हैं। एनटीए द्वारा शनिवार को जारी शहर और केंद्रवार परिणामों के विश्लेषण के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ केंद्रों पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्एक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या बहुत अधिक नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, परीक्षा में शून्य अंक का मतलब यह नहीं है कि उत्तर पुस्तिकाएं खाली थीं या कोई प्रश्न हल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, यह संभव है कि अभ्यर्थी ने कुछ प्रश्नों को सही और कुछ को गलत हल किया हो, जिसके कारण अंक नकारात्मक हुए। राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में प्रत्एक सही उत्तर के लिए चार अंक दिए जाते हैं और प्रत्एक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाता है। जिन प्रश्नों को हल नहीं किया गया, उनके लिए कोई अंक नहीं दिए जाते या काटे नहीं जाते। एनटीए ने शनिवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के शहर और केंद्रवार परिणाम जारी किए। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से कथित रूप से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है। सीकर के केंद्रों से 2,000 से अधिक नीट-यूजी अभ्यर्थियों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 4,000 से अधिक ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए। उच्चतम न्यायालय पांच मई को विदेश के 14 शहरों समेत 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं के बारे में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

## यूजीसी-नेट की दोबारा परीक्षा कराने पर रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका

**नई दिल्ली।** यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था। मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है। अधिवक्ता उज्ज्वल गौर द्वारा दायर याचिका में यूजीसी-नेट परीक्षा की प्रस्तावित पुन: परीक्षा पर उस वक्त तक रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जब तक कि सीबीआई प्रश्नपत्र लीक के आरोपों की जांच पूरी नहीं कर लेती। याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता का कहना है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के हालिया निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए (पुन:परीक्षा आयोजित करने का) यह निर्णय न केवल मनमाना है, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। सीबीआई की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि प्रश्नपत्र लीक का दावा करने वाले सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई है। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि परीक्षा को अनावश्यक रद्द करने से उन अभ्यर्थियों को काफी परेशानी हुई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। लेकिन साथ ही जोड़ा कि आने वाले वर्षों में उनसे अनुरोध स्वीकार कर लिए जाएंगे। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में अपनी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं के बारे में बताया। इनमें खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है। पासवान ने कहा कि प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के प्रस्ताव सभी राज्यों, विशेष रूप से कृषि आधारित प्रदेशों से आ रहे हैं।



आगामी बजट के लिए अपनी इच्छा सूची के बारे में पूछे जाने पर पासवान ने कहा, मेरी इच्छा सूची वास्तव में बहुत लंबी है। लेकिन, मैं समझता हूं कि यह बाकी वित्त वर्ष के लिए बजट है। इसलिए, मैं समझता हूं कि इसमें बहुत सारी चिंताएं होंगी, बहुत सारी सीमाएं होंगी। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, मैंने अपना प्रस्ताव भेजा है, लेकिन मुझे नहीं पता कि उसमें से कितने स्वीकार किए जाएंगे। मुझे लगता है कि अगले वित्त वर्ष तक इनपर विचार होगा। मुझे लगता है कि यह मंत्रालय एक अच्छे बजट का हकदार है, और हम इसकी मांग भी कर रहे हैं। पासवान ने कहा कि यह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुत करीब है और उन्होंने भरोसा जताया कि उनके मार्गदर्शन में यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में तेजी से बढ़ेगा।

**ग्रीनविच से पहले भारत की अपनी मध्यरेखा थी जो उज्जैन से होकर गुजरती थी: एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक:** नई दिल्ली।राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा-6 की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक के अनुसार ग्रीनविच मध्यरेखा से काफी पहले भारत की अपनी प्रधान मध्यरेखा थी जिसे मध्यरेखा कहा जाता था और जो मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर से गुजरती थी।नए पाठ्यक्रम के अनुसार विकसित पाठ्यपुस्तक में जो बदलाव किए गए हैं उनमें जाति-आधारित भेदभाव का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, भेदभाव के बारे में बी आर आंबेडकर के अनुभव के संदर्भ में बदलाव किया गया है और हड़प्पा सभ्यता को सिंधु-सरस्वती सभ्यता के रूप में संदर्भित किया गया है।

# बांग्लादेश में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के कारण भारत से व्यापार हुआ ठप

**कोलकाता (भाषा)।** बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण मालवाहक ट्रकों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस कारण भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि बंदरगाहों के जरिए कारोबार रविवार को ठप हो गया।उन्होंने कहा कि पेट्रापोल भूमि बंदरगाह का बांग्लादेश वाला हिस्सा अभी भी बंद है। भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि आधारित व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा पेट्रापोल के जरिए होता है।पश्चिम बंगाल निर्यातक समन्वय समिति के सचिव उज्ज्वल साहा ने कहा, अशांति के कारण सरकार द्वारा आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अवकाश की घोषणा के बाद पेट्रापोल, गोजाडांगा, फुलबारी और महादिपुर सहित बांग्लादेश के अन्य स्थलीय बंदरगाहों से भी व्यापार ठप्प हो गया है, क्योंकि बांग्लादेशी सीमा शुल्क विभाग ने रविवार से दो दिन की छुट्टी की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि शनिवार को मालदा के महादीपुर बंदरगाह से बांग्लादेश पहुंचे मालवाहक ट्रक वापस नहीं लौटे हैं, लेकिन वे सुरक्षित हैं। लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (पेट्रापोल) के प्रबंधक कमलेश सैनी ने पीटीआई-भाषा से कहा, रविवार सुबह से पेट्रापोल सीमा पर ट्रकों (आयात और निर्यात) की आवाजाही नहीं हो रही है। हमारी जमीनी सीमा खुली हुई है, लेकिन बेनापोल के कारण व्यापार प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि शनिवार को 110 ट्रक बांग्लादेश से भारत आए, जबकि 48 ट्रक निर्यात के लिए बांग्लादेश गए। सैनी ने बताया कि सामान्य सामान से लदे करीब 700 ट्रक पार्किंग में फंसे हुए हैं और बांग्लादेश जाने का इंतजार कर रहे हैं



अधिकारियों ने बताया कि औसतन 400-450 ट्रक माल लेकर भारत से पेट्रापोल भूमि बंदरगाह से गुजरते हैं, जबकि 150-200 ट्रक प्रतिदिन बांग्लादेश से भारत आते हैं।हालांकि सैनी ने कहा कि यात्रियों की आवाजाही जारी है। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं जो सुरक्षा चिंताओं के कारण लौट रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से भारतीयों को निकाला जा रहा है। बीएसएफ ने अब तक 572 भारतीय, 133 नेपाली और चार भूटानी छात्रों की वापसी में सहायता की है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भूमि बंदरगाह पेट्रापोल, कोलकाता से लगभग 82 किमी दूर, उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव में स्थित है।

# भारी बारिश के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर 36 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** मुंबई में रविवार को भारी बारिश होने के कारण हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने कहा कि इसके कारण हवाई अड्डा प्रशासन को लगभग एक घंटे के भीतर दो बार हवाई पट्टी संचालन को रोकना पड़ा, हालांकि यह थोड़े समय के लिए ही था।सूत्रों ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रद्द की गई उड़ानें किफायती एयरलाइन इंडिगो के साथ ही पूर्ण-सेवा वाहक एयर इंडिया और विस्तारा की थीं। सूत्रों ने कहा, शहर में लगातार हो रही भारी बारिश और कम दृश्यता के कारण रविवार को 18-18 आगमन और प्रस्थान वाली उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इन रद्दीकरणों में इंडिगो की 24 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की आठ उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं।सूत्रों ने कहा कि विस्तारा ने भी मुंबई हवाई अड्डे पर अपनी चार उड़ानें रद्द कर दीं। इससे पहले एक सूत्र ने बताया था कि खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। सूत्रों ने कहा कि एयर इंडिया, इंडिगो और अकासा सहित कम से कम 15 उड़ानों को शाम चार बजे तक नजदीकी हवाई अड्डों, मुख्य रूप से अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार, शाम चार बजे तक शहर में 82 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 96 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 90 मिमी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण मुंबई में विमान सेवा के अलावा सड़क और रेल सेवाएं भी प्रभावित हुईं।

## भूटान के नरेश, प्रधानमंत्री गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का करेंगे दौरा

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने रविवार को कहा कि भूटान के नरेश और प्रधानमंत्री सोमवार को दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दौरा करेंगे और उनके आगमन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा राज्य के नर्मदा जिले के एकतानगर में नर्मदा नदी के तट और विशाल सरदार सरोवर बांध के पास स्थित है। राज्य सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा कि भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे एक साथ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और उससे सटे सरदार सरोवर बांध को देखने जाएंगे।

# निर्मला सीतारमण लगातार 7वें बजट के साथ इतिहास रचने को तैयार

**नई दिल्ली (भाषा)** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना लगातार सातवां बजट पेश करके इतिहास रचने वाली हैं। इस तरह वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। हालांकि, सबसे अधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड अब भी देसाई के पास ही है।

सीतारमण अगले महीने 65 वर्ष की हो जाएंगी। उन्हें 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। इसी साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। तब से सीतारमण ने इस साल फरवरी में एक अंतरिम सहित लगातार छह बजट पेश किए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025) का पूर्ण बजट उनका लगातार सातवां बजट होगा। वह देसाई के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएंगी, जिन्होंने 1959



से 1964 के बीच लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। स्वतंत्र भारत में बजट पेश करने से जुड़े कुछ तथ्य इस प्रकार हैं। स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को देश के पहले वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाद में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किए हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने नौ मौकों पर बजट पेश किया। प्रणब मुखर्जी ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आठ बजट पेश किए। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 1991 से 1995 के बीच लगातार पांच बार बजट पेश किया, जब वह पी वी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री थे। सबसे लंबा बजट भाषण सीतारमण ने एक फरवरी, 2020 को दो घंटे 40 मिनट का दिया। वर्ष 1977 में हीरूभाई मुलजीभाई पटेल का अंतरिम बजट भाषण अबतक का सबसे छोटा भाषण है, जिसमें केवल 800 शब्द हैं। बजट पारंपरिक रूप से फरवरी के आखिरी दिन शाम पांच बजे पेश किया जाता है। वर्ष 1999 में समय बदला गया था और अटल बिहारी वाजपेई सरकार में तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिंह ने सुबह 11 बजे बजट पेश किया।

# बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं, आयकर में राहत की उम्मीद कम : अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली,**(भाषा)। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं।

बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर उम्मीद के बारे में पूछे जाने पर जाने-माने अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत के बारे में कुछ बातें कही हैं। ऐसे में दोनों योजनाओं में कुछ घोषणाओं की उम्मीद की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा था कि 70 साल से ऊपर के सभी नागरिकों को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी का ध्यान निवेश के जरिए लोगों के मान-सम्मान और बेहतर जीवन तथा रोजगार सुनिश्चित करने पर है। एनपीएस और आयुष्मान भारत के बारे में अर्थशास्त्री और शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के महानिदेशक सचिन चतुर्वेदी ने कहा, यह काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। प्रमुख कार्यक्रम पहले से ही पूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के करीब हैं... इस दिशा में नए उपायों की उम्मीद की जा सकती है।

इस संबंध में एनआईपीएफपी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, महामारी के बाद की राजकोषीय रणनीति में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा योजनाएं इस प्रणाली को और अधिक महंगा बनाती हैं। बीमा योजनाओं के बजाय हमें मजबूत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बीच बजट में कर मोर्चे पर राहत के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति कहा, मुझे नहीं लगता कि चुनाव नतीजों का प्रत्यक्ष कर नीति पर असर पड़ेगा। चूंकि निजी खपत चिंता का विषय है, ऐसे में जीएसटी परिषद को अपनी दरों को कम करने पर विचार करना चाहिए, खासकर तब जब कर संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। चतुर्वेदी ने भी कहा, मुझे नहीं लगता कि बजट में इस संबंध में कुछ होगा। म्यूनिख स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस के संचालन प्रबंधन मंडल की सदस्य की भी जिम्मेदारी निभा रही चक्रवर्ती ने कहा, कर दरों में कमी से लोगों के हाथों में खर्च करने लायक आय में वृद्धि होगी और यह उपभोग को बढ़ावा दे सकता है। लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि देश की आबादी का केवल एक छोटा हिस्सा (लगभग चार प्रतिशत) ही आयकर अदा करता है। बजट में प्राथमिकता के बारे में आरबीआई निदेशक मंडल के सदस्य की भी जिम्मेदारी निभा रहे चतुर्वेदी ने कहा, बजट में पहले से चिन्हित सभी सात प्राथमिकताओं...समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता का उपयोग, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र के विस्तार... पर ध्यान जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, बजट के लिए तीन प्राथमिकताएं महत्वपूर्ण हैं। पहला, पूंजीगत व्यय को संदर्भ बिंदु के रूप में रखते हुए बुनियादी ढांचे के विकास पर लगातार ध्यान देना। दूसरा, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन को बढ़ावा देना और अंत में, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

# ओली ने विश्वासमत हासिल किया

भाषा। काठमांडू



**नेपाल** के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी। ओली द्वारा पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 188 मत पड़े, जबकि इसके खिलाफ 74 मत पड़े। प्रतिनिधि सभा के कुल 263 उपस्थित सदस्यों में से एक सदस्य ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदर्स्ईय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होता है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देव राज घिमिरे ने मतों की गिनती के बाद घोषणा की कि प्रधानमंत्री ओली (72) ने निचले सदन में विश्वास मत हासिल कर लिया है। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही प्रधानमंत्री ओली ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश किया।

अध्यक्ष घिमिरे ने सदन के सदस्यों और सत्तारूढ़ तथा विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों को प्रस्ताव पर चर्चा के लिए लगभग दो घंटे का समय दिया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को सदन के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर जवाब देने के लिए समय आवंटित किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देते हुए ओली ने कहा, मैं भ्रष्टाचार में शामिल नहीं था और न ही कभी होऊंगा और यदि कोई ऐसा करता है, तो मैं उसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि दो बड़ी पार्टियां नेपाली कांग्रेस और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और सुशासन लाने के लिए एक साथ आईं। ओली ने कहा, यह गठबंधन सरकार स्थिरता, विकास और सुशासन के लिए एक भरोसेमंद पारिस्थितिकी तंत्र बनाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के सदस्य उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने ओली के विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। विपक्षी दलों सीपीएन-माओवादी केंद्र, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी समेत अन्य ने विश्वास मत प्रस्ताव के दौरान ओली के खिलाफ मतदान किया। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिए नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवकरना आवश्यक था। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष को पिछले रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटी पार्टियां भी गठबंधन सरकार में शामिल हैं। ओली ने पुष्प कमल दाहाल प्रचंड का स्थान लिया है, जो पिछले सप्ताह विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए थे, जिसके परिणामस्वरूप नई सरकार का गठन हुआ।नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है। पिछले 16 वर्षों में देश में 14 सरकारें बनी हैं।

# बाइडन का शरीर दवाओं को अच्छी तरह झेल पा रहा है : व्हाइट हाउस



**वाशिंगटन( भाष )।** पिछले सप्ताह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का शरीर कोविड-19 रोधी दवा को अच्छे से झेल पा रहा है और वह राष्ट्रपति के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के चिकित्सक डॉ. केविन सी. ओ कॉनर ने व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे को शनिवार को दिए एक ज्ञापन में कहा कि जीनोम अनुक्रमण से यह पता चला है कि बाइडन कोरोना वायरस के केपी.2.3 स्वरूप से पीड़ति हैं। अमेरिका में सामने आए कोविड-19 के हालिया मामलों में से 33.3 प्रतिशत मामले केपी.2.3 स्वरूप से संक्रमण के हैं। डॉ. ओ कॉनर ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने आज सुबह पैक्सलोविड की छठी खुराक ली। उन्होंने कहा कि बाइडन को खांसी अब भी हो रही है, लेकिन उनकी तबीयत में लगातार सुधार दर्ज किया जा रहा है। डॉ. ओ कॉनर ने बताया कि बाइडन की नब्ज, रक्तचाप, श्वसन दर और तापमान बिल्कुल सामान्य हैं, कमरे की हवा में उनके शरीर में ऑक्सीजन का स्तर उत्कृष्ट बना हुआ है और उनके फेफड़े साफ हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति का शरीर उपचार को अच्छी तरह से झेल पा रहा है और वह योजना के अनुसार पैक्सलोविड (कोविड रोधी गोली) लेना जारी रखेंगे। वह राष्ट्रपति के रूप में अपने सभी कर्तव्यों का पालन करना जारी रखेंगे। बाइडन 17 जुलाई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे, जिसके कारण उनका चुनाव प्रचार अभियान ऐसे समय में बाधित हो गया, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं इस साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ पहली बहस में खराब प्रदर्शन और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन पर चुनावी दौड़ से पीछे हटने का दबाव बढ़ रहा है।

## भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता ने राष्ट्रपति बाइडन के समर्थन में डेमोक्रेट से एकजुट होने को कहा

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका को आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं से राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के विनाशकारी और देश को पीछे ले जाने वाले एजेंडे को हराने के लिए मौजूदा राष्ट्रपति के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान किया। बाइडन के समर्थक एवं एशियाई अमेरिकियों पर व्हाइट हाउस सलाहकार परिषद के सदस्य अजय जैन भूटोरिया की टिप्पणी बाइडन के राष्ट्रपति पद के नामांकन को लेकर सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी में मतभेद की खबरों के बीच आई है। शीर्ष स्तर पर कई डेमोक्रेट चाहते हैं कि बाइडन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हट जाएं ताकि नए उम्मीदवार के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके। भूटोरिया ने शनिवार को कहा, हम सिर्फ एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ प्रचार नहीं कर रहे, बल्कि हम अपने देश के लिए लड़ रहे हैं।

## अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था। इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि गोलीबारी की घटना एक वाहन चालक और दसौर के बीच सड़क पर झगड़े के कारण हुई। उन्होंने बताया कि संदिग्ध आरोपी को घटनास्थल पर ही हिरासत में ले लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, जांच के बाद और मैरियन काउंटी अभियोक्ता कार्यालय के साथ परामर्श के बाद उस व्यक्ति को रिहा कर दिया गया। आरोपी की रिहाई से ऐसे संकेत मिलते हैं कि हमलावर ने आत्मरक्षा में हमला किया होगा। दसौर की पत्नी ने अपने पति को गोली मारे जाने की घटना की निंदा की है। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा, वह मेहनती इंसान थे और किसी की भी मदद करने में हमेशा आगे रहते थे....।

# लोकतंत्र के लिए गोली खाई

**भाषा।** वाशिंगटन। पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई। मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है।



पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया और बटलर मेमोरियल अस्पताल के कर्मियों का आभार जताया, जहां उन्हें पेनसिल्वेनिया में उनकी रैली में गोलीबारी की घटना के बाद ले जाया गया था। ट्रंप ने कहा, मैं पिछले शनिवार की भयावह घटना के बाद अत्यंत प्यार और समर्थन के लिए देशभर के लोगों को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन को चुनावी दौड़ से बाहर करने के लिए अपने ही प्राइमरी नतीजों को पलटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप देख रहे हैं, डेमोक्रेट पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है। वे वास्तव में लोकतंत्र के दुश्मन हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, हमारे नेतृत्व में रिपब्लिकन पार्टी लोगों की पार्टी है। हम हर जाति, धर्म, रंग और पंथ के मेहनती अमेरिकियों की पार्टी हैं। हम एक बहुत बड़ी पार्टी बन गए हैं।

## हत्या के प्रयास के दौरान लगी गोली के जख्म से उम्मीद के मुताबिक उबर रहे ट्रंप : चिकित्सक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में हत्या के प्रयास के दौरान उन्हें लगी गोली के जख्म से उम्मीद के मुताबिक उबर रहे हैं। ट्रंप के एक पूर्व चिकित्सक ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (78) पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। खुफिया सेवा के एक सदस्य ने संदिग्ध हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया था। शनिवार को साथी अमेरिकियों को जारी एक ज्ञापन में डॉ. रॉनी एल जैक्सन ने कहा कि ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद पूरी दुनिया की तरह वह भी उनकी सेहत को लेकर बहुत चिंतित था।

# मेरी हत्या की कोशिश के बाद चीन के राष्ट्रपति शी ने मुझे प्यारा सा पत्र लिखा था: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उन पर किए गए जानलेवा हमले के बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उन्हें एक प्यारा सा पत्र लिखा था। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले के एक सप्ताह बाद ट्रंप ने मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स में शनिवार को एक चुनावी रैली में कहा, मेरा राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बहुत अच्छा रिश्ता रहा और वह एक बढ़िया इंसान हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने बताया कि उन पर हुए हमले के बाद शी ने मुझे अगले दिन एक प्यारा सा पत्र लिखा। ट्रंप (78) ने कहा कि उन्हें अन्य नेताओं से भी इसी प्रकार के पत्र मिले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि और किन नेताओं ने हमले के बाद उनसे संपर्क किया। उन्होंने हमले के बाद अपनी पहली चुनावी रैली में कहा, इनमें से बहुतों को वह पसंद नहीं था जो मैं उनके साथ कर रहा था, लेकिन वे यह भी जानते थे कि यह समय की मांग थी। अब खेल खत्म हो चुका था, है न? यह समय की मांग थी। लगभग सभी ने मुझे पत्र लिखे।... मेरे अब उन सभी के साथ अच्छे संबंध हैं। यह अच्छी बात है। ट्रंप, शी के साथ मधुर संबंध होने का लंबे समय से दावा करते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ भी उनके अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, मीडिया संस्थान कई बार कहते थे कि उनके किम जोंग उन के साथ अच्छे संबंध हैं, उत्तर कोरिया के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। मेरे उनके साथ अच्छे संबंध थे। यह अच्छी बात है। मेरे राष्ट्रपति होने के कारण आपको कभी कोई खतरा नहीं था। किसी के साथ अच्छे संबंध होना अच्छी बात है, बुरी बात नहीं। ट्रंप ने कहा कि वह व्यापार में चीन के प्रति सख्ती बरतेंगे।

## हिजबुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

बेरूत। (एपी) लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिए यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे। सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए।

# ब्रिटेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा के साथ एफटीए वार्ता के बहाल होने की उम्मीद


**लंदन, ( भाषा )।** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता के नए मापदंड इस सप्ताह निर्धारित किए जाएंगे।ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी मंगलवार को भारत आने वाले हैं। यह ब्रिटेन में नवनिर्वाचित लेबर सरकार के तहत पहला उच्चस्तरीय दौरा होगा।जनवरी, 2022 में तत्कालीन कंजर्वेटिव सरकार के तहत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता शुरू हुई थी। इसका लक्ष्य प्रतिवर्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देना था। ....लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के कारण वार्ता के 14वें दौर में इसमें बाधा आ गई।रविवार को समाचार पत्र द डेली टेलीग्राफ में प्रकाशित एक रिपोर्ट में नई दिल्ली के एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय पक्ष इस बात पर स्पष्टता चाहेगा कि क्या लेबर सरकार चीजों को वहीं से शुरू करना चाहती है, जहां से उन्हें छोड़ा गया था या किसी तरह से नए सिरे से शुरुआत करना चाहती है।सूत्र ने समाचार पत्र से कहा, भारत सकारात्मक रुख के साथ वार्ता बहाल करने का इच्छुक है, लेकिन तारीख पर स्पष्टता की जरूरत है। सूत्र ने कहा, पिछली सरकार में व्यापार समझौता अंतिम चरण में था, और हम देखना चाहते हैं कि क्या लेबर सरकार वहीं से शुरू करना चाहती है जहां मार्च में चुनाव से पहले इसे छोड़ा था, या फिर नए सिरे से शुरू करना चाहती है। पेशेवरों के लिए वीजा पर हमारा रुख नहीं बदला है। हम लेबर सरकार के तहत सकारात्मक परिणाम की उम्मीद कर रहे हैं। इसी महीने लेबर की भारी चुनावी जीत से कुछ दिन पहले भारत-ब्रिटेन संबंधों पर अपने अंतिम प्रमुख हस्तक्षेप के दौरान लैमी ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) को बताया कि उनका इरादा जल्द से जल्द इस समझौते को पूरा करने का है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा दिवाली, 2022 की समयसीमा चूक जाने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को मेरा संदेश है कि लेबर पार्टी आगे बढ़ने के लिए तैयार है। आइए आखिरकार अपना मुक्त व्यापार समझौता करें और आगे बढ़ें।

# राजदूत के पद पर क्वात्रा की नियुक्ति का स्वागत

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है। इसने कहा कि राजदूत क्वात्रा निस्संदेह अमेरिका-भारत संबंधों को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और इंडियास्पोरा राजदूत क्वात्रा के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने कहा, विदेश सचिव के रूप में, उन्होंने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटते हुए भारत की विदेश नीति को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। अमेरिका-भारत साझेदारी को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है। इसने कहा कि यूएसआईएसपीएफ अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए राजदूत क्वात्रा के साथ काम करने को उत्सुक है। यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के प्रमुख अतुल कश्यप ने कहा, राजदूत क्वात्रा को वाशिंगटन डीसी लौटने पर उनके सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह एक ऐसा शहर है जिससे वह बखूबी अवगत हैं और यहां उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# हिंसक प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने नौकरियों में आरक्षण घटाया

**ढाका,( एपी )।** बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने देश में आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बीच सरकारी नौकरियों में आरक्षण रविवार को घटा दिया। नौकरियों की कमी से गुस्साए प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता था। सरकार ने बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने आरक्षण बहाल कर दिया था, जिसके बाद देश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरु हो गए थे। उच्चतम न्यायालय ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कई दिन से प्रदर्शन हो रहे थे और हालात बिगड़ने पर शनिवार को पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लगा दिया गया। सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की। बांग्लादेशी अधिकारियों ने मृतकों और घायलों की कोई आधिकारिक संख्या साझा नहीं की है लेकिन समाचार दैनिक प्रथम आलो में शनिवार को प्रकाशित एक खबर में बताया गया कि अब तक कम से कम 103 लोग मारे गए हैं। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई से पहले सैनिकों ने इस दक्षिण एशियाई देश के शहरों में गश्त की। गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा कि रविवार अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील दी जाएगी। इस बीच, सरकार ने रविवार और सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है तथा केवल आपातकालीन सेवाएं ही चालू रहेंगी।



## अमेरिका ने बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। इससे एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों के लिए

# बीसीसीआई ने खोला खजाना 8.5 करोड़ रुपए देने की घोषणा



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे।बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपए प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।उन्होंने कहा, हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

# पेरिस में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात

**ओलंपिक**

**भाषा।** पेरिस



**पेरिस** ओलंपिक के आयोजन से जुड़े प्रमुख लोगों ने लगभग एक साल पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि इन खेलों के दौरान फ्रांस की राजधानी दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह होगी लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई है और सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए पुलिस के साथ सेना और कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद ली जा रही है। पेरिस में पुलिस दल सड़कों पर गश्त कर रहे हैं, आसमान में लड़ाकू जेट विमान उड़ रहे और सेना की टुकड़ी को इस तरह से तैयार किया गया कि वे आपात स्थिति में किसी भी खेल स्थल या खेल गांव में आधे घंटे में पहुंच जाए। उद्घाटन समारोह की मेजबानी करने वाले सीन नदी के किनारों को पहले खुला रखने की योजना थी लेकिन अब दोनों किनारों पर सुरक्षा अवरोध लगाए जा रहे हैं।
यूक्रेन तथा गाजा में चल रहे युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच फ्रांस के सामने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक दुनिया भर के लगभग 10,500 खिलाड़ियों के साथ लाखों की संख्या में यहां आने वाले प्रशंसकों की सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इन खेलों पर साइबर हमलों का भी खतरा है।पेरिस खेलों के लिए 45,000 पुलिस के साथ लगभग 10,000 सेना के जवानों को तैनात किया गया है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पेरिस में सबसे बड़ा सैन्य शिविर है। पेरिस में 2015 के बाद अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट के बंदूकधारियों और आत्मघाती हमलावरों ने कई बार हमले किए। इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए फ्रांस में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वाहनों पर और पैदल सशस्त्र सैन्य गश्त आम हो गई है। सेंटिनेल नामक आतंकवाद विरोधी सैन्य बल के डिप्टी कमांडर जनरल एरिक चास्बोउफ ने कहा, शुरूआत में आम लोगों के लिए हमें देखना बहुत अजीब था लेकिन अब यह सामान्य हो गया है। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए राफेल युद्धक विमान के साथ हवाई क्षेत्र की निगरानी करने वाली एडब्ल्यूएसीएस निगरानी उड़ानें, रीपर निगरानी ड्रोन, शार्पशूटर से लैस हेलीकॉप्टर और ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले उपकरण पेरिस के आसमान की निगरानी करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान सीन नदी के आसपास 150 किलोमीटर (93 मील) क्षेत्र को नो फ्लाई जोन करार दिया जाएगा। इसके साथ ही कृत्रिम मेधा सॉफ्टवेयर से लैस कैमरे भी किसी भी संभावित खतरे से निपटने में मदद करेंगे। इस मामले में फ्रांस को 40 से अधिक देशों से भी मदद मिल रही है, जिसने 1900 से अधिक पुलिस बल भेजे है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनाव प्रचार के दौरान हुए हुए हमले के बाद सुरक्षा की चिंता और बढ़ गई है। पेरिस के दक्षिण पूर्व में सेंटिनेल बल के 4,500 सैनिक के अस्थाई शिविर के निर्माण की देखरेख कर रहे जनरल फिलिप पोरक्के ने कहा, कोई भी गारंटी नहीं दे सकता कि गलतियां नहीं होंगी।

## चोटिल श्रेयंका पाटिल एशिया कप से बाहर उनकी जगह तनुजा को शामिल किया

**दाम्बुला।** युवा भारतीय स्पिनर श्रेयंका पाटिल बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर के कारण यहां चल रहे महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के बचे हुए मुकाबलों से बाहर हो गईं। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्रेयंका की जगह तनुजा कंवर को टीम में शामिल किया गया है। 21 वर्षीय श्रेयंका को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच के दौरान कैच लेने के प्रयास में चोट लगी थी। श्रेयंका ने पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 3.2 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए थे जिससे भारत को विपक्षी टीम को कम स्कोर पर आउट करने में मदद मिली। वहीं अनकैप्ड बाएं हाथ की स्पिनर 26 वर्षीय तनुजा इस साल महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स के लिए खेली थीं जिसमें उन्होंने 7.13 के इकोनोमी से आठ मैचों में 10 विकेट लिए थे। दिसंबर 2023 में पदार्पण करने के बाद श्रेयंका ने भारत के लिए 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेले हैं। इस साल डब्ल्यूपीलए के दौरान उन्हें इसी हाथ में हेयरलाइन फ्रैक्चर हुआ था। इससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कुछ मैच में नहीं खेल पाई थीं। अक्टूबर में बांग्लादेश में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के चलते श्रेयंका जल्द से जल्द फिटनेस हासिल करने की उम्मीद करेंगी।

## कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

**बुडापेस्ट।** (भाषा) भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद शनिवार को यहां अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। शनिवार को हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए।

## ओडिशा ने पुरुष खिताब जीता, झारखंड बना महिला वर्ग का चैम्पियन

**कोलकाता।** ओडिशा हॉकी संघ और हॉकी झारखंड ने रविवार को यहां जूनियर पूर्वी क्षेत्र चैम्पियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला खिताब अपने नाम किए। हॉकी झारखंड ने महिला वर्ग के फाइनल में नियमित समय में।-। की बराबरी के बाद शूटआउट मेंहॉकी बंगाल को 4-3 से पराजित किया। हॉकी बंगाल को 4-3 से पराजित किया। ओडिशा हॉकी संघ ने पुरुष वर्ग की स्पर्धा के फाइनल में हॉकी झारखंड को 2-0 के अंतर से मात दी।

# हरमनप्रीत और ऋचा का अर्धशतक भारत ने यूएई को 78 रन से हराया


**भाषा।** दाम्बुला



**गत चैम्पियन** भारतीय महिला टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 64) के अर्धशतकों के बाद कसी गेंदबाजी से रविवार को यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में अपना रिकॉर्ड स्कोर बनाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रन से शिकस्त दी। सात बार की चैम्पियन भारत ने अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था और अब लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक से शीर्ष स्थान पर है जिसमें उसका नेट रन रेट 3.298 है। भारत अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को नेपाल से भिड़ेगा। भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो एशिया कप का रिकॉर्ड स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद यूएई को 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन र रोक दिया। उसके लिए कप्तान ईशा ओझा (38 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें सहयोग नहीं मिला। कविशा एगोडगे ने नाबाद 40 रन बनाए। भारत ने पांच गेंदबाजों का इस्तेमाल किया जिसमें सभी ने कम से एक एक विकेट लिया। अनुभवी गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट झटके। रेणुका सिंह (30 रन देकर एक विकेट) और पूजा वस्त्रकार (27 रन देकर एक विकेट) की तेज गेंदबाज जोड़ी ने तीर्था सतीश (04) और ऋणीता रजीत (07) को आउट किया जिससे यूएई का स्कोर 5.2 ओवर में 2 विकेट पर 24 रन हो गया। इसके बाद दीप्ति ने अपनी तीसरी गेंद पर समायरा धरनीधरका (05) को आउट किया। लेकिन ओझा और कविशा एगोडगे ने कुछ मनोरंजक शॉट खेले और अगले तीन ओवर में 20 रन बनाए। चोटिल श्रेयंका पाटिल की जगह अंतिम एकादश में शामिल तनुजा कंवर (14 रन देकर एक विकेट) ने ओझा को स्टंप आउट कर दिया जबकि राधा यादव (29 रन देकर एक विकेट) ने खुशी शर्मा (10) को आउट किया जिससे 16वें ओवर में उनका स्कोर पांच विकेट 95 रन हो गया। इसके बाद हीना होतचंदानी (08) दीप्ति का दूसरा शिकार बनीं और ऋतिका रजीत आखिरी गेंद पर रन आउट हो गईं।

इससे पहले 35 वर्षीय हरमनप्रीत पूरी तरह से दबदबा बनाए थीं, उन्होंने 47 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का जड़ा। हरमनप्रीत ने इस तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 12वां अर्धशतक जड़ा जो कप्तान के तौर पर उनका 11वां पचासा है। ऋचा ने फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाते हुए 29 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में हीना होतचंदानी पर पांच चौके जमाए। ऋचा का यह टी20 में पहला अर्धशतक है।

# नडाल नॉर्डिया ओपन के फाइनल में बोर्गेस से हारे



**बस्ताड ( स्वीडन )।** दिग्गज राफेल नडाल का क्ले-कोर्ट पर खेले गए नॉर्डिया ओपन में विजई अभियान रविवार को फाइनल में नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-2 से हारकर खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल खिलाड़ी ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़कर एटीपी टूर पर अपनी पहली जीत दर्ज की। नडाल 2022 फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार एटीपी टूर पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। बोर्गेस ने इस एकतरफा जीत के बाद कहा, यह शानदार है, टेनिस में कभी-कभी ऐसा होता है जिसकी आप उम्मीद नहीं करते है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि यहां हम सभी चाहते थे कि राफा (नडाल) जीते, मेरे अंदर का एक हिस्सा भी यही चाहता था, लेकिन दूसरा हिस्सा मुझे कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित कर रहा था। नडाल ने स्वीडन में 2005 में 19 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे थे। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## युकी भांबरी ने स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता

गस्टाड (स्विटजरलैंड)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर हुए स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। बत्तीस वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था। भांबरी 24 जून को युगल रैंकिंग में शीर्ष 50 में पहुंचे थे और इस जीत से विश्व रैंकिंग में उनकी स्थिति और बेहतर होगी।

## वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा डच लेडीज ओपन में कट से चूकीं, भारतीय चुनौती

**हिलवर्सम** (नीदरलैंड) (भाषा) वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गईं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गईं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

## नीरज चोपड़ा की एडक्टर ठीक है, अब कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं: कोच बार्टोनिट्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाए तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है। हालांकि बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। उन्होंने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किए के अंताल्या से एक विशेष साक्षात्कार में पीटीआई को बताया, ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं।

## भारतीय लड़के और लड़कियां विश्व जूनियर स्क्वाश टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन ( अमेरिका )।** भारतीय लड़कों और लड़कियों ने यहां विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप की टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका मुकाबला क्रमश: दक्षिण कोरिया और मलेशिया से होगा जो उनसे रैंकिंग में ऊपर हैं। लड़कों ने प्रीक्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। लड़कियों की टीम अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से।-2 से हार गई जिससे ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहने पर अब उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से होगा। निरूपमा दुबे को हेलेन टैंग से 4-11, 10-12, 2-11 से हार मिली।नाहत सिंह ने एना क्वॉंग को 11-8, 9-11, 11-5, 11-7 से शिकस्त दी लेकिन शमीना रियाज को ह्यून लेउंग से 4-11, 9-11, 10-12 से पराजय झेलनी पड़ी। व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को 12-14, 9-11, 11-7, 11-3, 11-। से हराया जबकि अरिहंत केएस ने 15-13, 12-10, 8-11, 11-2 की प्रभावशाली जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया।

## बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: ओडिशा के मुख्यमंत्री

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने शुक्रवार को इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर राज्य क्रीड़ा सम्मान कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला।

# शुरुआत में लाल गेंद की क्रिकेट पर ही ध्यान दें खिलाड़ी : नौशाद

लखनऊ। (भाषा) भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान और उभरते हुए आलराउंडर मुशीर खान के पिता और कोच नौशाद खान ने युवा खिलाड़ियों को 15 साल की उम्र तक लाल गेंद से क्रिकेट यानी लंबी अवधि के प्रारूप पर ध्यान देने की जरूरत बताते हुए कहा कि अपने खेल की बुनियाद मजबूत करने के लिए ऐसा करना बेहद जरूरी है। लखनऊ स्थित एक क्रिकेट एकेडमी में उभरते हुए खिलाड़ियों को गुर सिखाने आए खान ने रविवार को पीटीआईभाषा से बातचीत में कहा कि फटाफट क्रिकेट के इस दौर में भी शुरुआत हमेशा लाल गेंद से ही होनी चाहिए। खासकर 15 साल तक की उम्र तक खिलाड़ियों को लाल गेंद से खेलने पर ही ध्यान लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा, शुरू में लाल गेंद से खेलने में फायदा ही फायदा है, वरना नुकसान ही नुकसान है। पहले टेस्ट क्रिकेट पर ही फोकस किया जाए। उसके बाद ही वन डे और टी20 खिलाया जाए। लाल गेंद से खेलने से खिलाड़ी के बेसिक्स मजबूत होते हैं और वह तकनीकी तथा मानसिक रूप से भी सशक्त हो जाता है। लिहाजा 15 साल की उम्र तक खिलाड़ियों की बुनियाद को मजबूत करने पर ही ध्यान देना चाहिए। इस साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रंखला में अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर की शुरुआत करने वाले प्रतिभाशाली बल्लेबाज सरफराज खान के पिता और कोच ने कहा कि वनडे और टी20 अगर सोना और चांदी हैं तो टेस्ट क्रिकेट हीरा है। हार में हीरा लगने से उसकी खूबसूरती बढ़ती है। खान ने कहा कि उन्होंने अपने बेटों सरफराज और मुशीर को ज्यादातर लाल गेंद से ही अभ्यास कराया है। उससे यह फायदा हुआ कि मुशीर ने पिछले अंडर19 विश्वकप टूर्नामेंट में दो शतक लगाए। सरफराज ने भी आईपीएल में कई तेज पारियां खेलीं। खान ने कहा कि लाल गेंद की क्रिकेट लम्बे सत्र तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी करनी होती है। उससे खिलाड़ी की क्षमता निखरती है। टेस्ट क्रिकेट में पिच का व्यवहार रोजाना बदलता है। ऐसे में खिलाड़ी में खुद को परिस्थितियों में ढालने की बेहतर क्षमता विकसित होती है। इस क्षमता से ही कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लम्बी पारी खेल सकता है।

खान ने कहा, बीसीसीआई ने भी अपना कार्यक्रम इसी तरह से बनाया है। आप देखिए उसने भी अंडर16 तक टी20 या वन डे का कोई भी प्रारूप नहीं रखा है। कौन सा काम कहां कब कैसे किया जाता है, यह सलीका हो तो और काम हो जाता है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं की खान है।

# पेस, अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया





**न्यूपोर्ट ( अमेरिका )।** भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को रविवार को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रीब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम जारी बयान के मुताबिक, पेस को खिलाड़ी श्रेणी में शामिल किया गया था, जबकि अमृतराज और इवांस को कंट्रीब्यूटर्स श्रेणी में जगह दी गई है। हॉल ऑफ फेम में इस खेल के दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता, अग्रदूतों या ऐसे व्यक्तियों का सम्मान किया जाता है जिन्होंने खेल पर बड़ा प्रभाव डाला है। इन तीनों के हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने के बाद इस सूची में अब 28 देशों के कुल 267 दिग्गज शामिल हो गए हैं। पेस ने युगल में विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर 37 सप्ताह बिताए और 54 युगल खिताब जीते। वह टेनिस इतिहास में दोनों युगल वर्ग में करियर ग्रैंडस्लैम पर कब्जा करने वाले केवल तीन पुरुषों में से एक हैं। कोलकाता के रहने वाले पेस ने बार्सिलोना, 1992 से रियो, 2016 के बीच लगातार सात ओलंपिक खेलों में भाग लिया। यह टेनिस इतिहास का रिकॉर्ड है। पेस ने कहा, हममें से कुछ लोग भाग्यशाली है कि हमें यह सम्मान मिला। मैंने बचपन में कोलकाता में नंगे पांव क्रिकेट और फुटबॉल खेलते समय सपने में भी नहीं सोचा था कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होउंगा।

उन्होंने कहा, मैं इसे आप सभी के साथ खबर साझा कर के बहुत उत्साहित हूं, मैं दुनिया भर के हर ऐसे युवा लड़के और लड़की का प्रतिनिधित्व करता हूं जिनके मन में कुछ हासिल करने का सपना और जुनून है। अमृतराज 1970 में एटीपी टूर पर आए थे। वह अगले कई वर्षों तक भारत की डेविस कप टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे। अमृतराज डेविस कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दो भारतीय टीमों के प्रमुख सदस्य थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।